मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 34.3 | 28.8 |
| जमशेदपुर | 30.4 | 26.0 |
| डालटनगंज | 30.0 | 25.1 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

रांची, मंगलवार 02 जुलाई 2024 ● आषाढ़ कृष्ण पक्ष 10 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 84

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र





## नरसिंह इस्पात को एसडीओ ने भेजा नोटिस
# तीन बिंदुओं पर मांगा जवाब

1. सरकारी जमीन हस्तानांतरण का दस्तावेज और वन व प्रदूषण विभाग का एनओसी मांगा
2. जवाब मिलने के बाद सभी प्रमाण पत्रों की विभागीय जांच कराई जाएगी
3. श्रम अधिनियम के तहत अन्य कई मामलों की भी जांच संभव

**दिलीप कुमार। चांडिल**

चांडिल की अनुमंडल पदाधिकारी शुभ्रा रानी ने चांडिल प्रखंड अंतर्गत चौका-कांड्रा सड़क पर खूंटी में स्थापित नरसिंह इस्पात लिमिटेड कंपनी प्रबंधन को नोटिस भेजकर तीन बिंदुओं पर जवाब मांगा है. अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि कंपनी प्रबंधन को नोटिस भेजकर सरकारी जमीन हस्तांतरण से संबंधित दस्तावेज के अलावा वन एवं पर्यावरण विभाग से कंपनी संचालन को लेकर मिले अनापत्ति प्रमाण पत्र और झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से मिले अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया है. इसके लिए कंपनी प्रबंधन को एक सप्ताह का समय दिया गया है.




नरसिंह इस्पात लिमिटेड कंपनी.

उन्होंने बताया कि कंपनी प्रबंधन की ओर से नोटिस का जबाव मिलने के बाद सभी प्रमाण पत्रों की विभागीय जांच कराई जाएगी. इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी. बताया जा रहा है कि ग्राम सभा व अन्य माध्यमों से कंपनी प्रबंधन पर लग रहे आरोपों को अनुमंडल पदाधिकारी ने गंभीरता से लिया है. सरकार के नियम कानूनों को दरकिनार कर कंपनी चलाने के आरोपों पर अनुमंडल पदाधिकारी सख्त रवैया अपना रही हैं. अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा कंपनी प्रबंधन को नोटिस भेज कर जवाब-तलब किए जाने के बाद क्षेत्र के लोगों में खुशी देखी जा रही है. लोगों को आशा है कि अनुमंडल पदाधिकारी जनहित में काम करते हुए कंपनी प्रबंधन के खिलाफ जांच कर कार्रवाई करेंगी.

### हर साल लेना है प्रदूषण का अनापत्ति प्रमाण पत्र

**ग्रीन ट्रिब्यूनल एक्ट के तहत** कंपनी प्रबंधन को हर साल प्रदूषण विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना है. कंपनी प्रबंधन कहता है कि उनके पास एमओईएफ है. अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि ग्रीन ट्रिब्यूनल एक्ट वर्ष 2012 में अस्तित्व में आया है. अगर कंपनी प्रबंधन के पास एमओईएफ है भी तो वह वर्ष 2012 के बाद का होना चाहिए. इसके तहत हर वर्ष जनसुनवाई भी करवाना है. इसकी भी जांच की जाएगी. उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान आवश्यकता पड़ी तो कंपनी प्रबंधन, ग्राम सभा व आसपास के ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक भी कर वास्तविकता जानने का प्रयास किया जाएगा. कार्रवाई के तहत श्रम अधिनियम के तहत कंपनी के संचालन, कंपनी में कामगारों के लिए स्वास्थ्य समेत अन्य सुविधा, कामगारों को मिलने वाली सुविधाएं, सीएसआर के तहत किए गए विकास कार्य समेत अन्य कई मामलों की भी जांच भी हो सकती है.



शुभ्रा रानी, अनुमंडल पदाधिकारी, चांडिल.

ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी प्रबंधन द्वारा ग्रीन ट्रिब्यूनल एक्ट की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं. ग्रीन ट्रिब्यूनल एक्ट के तहत प्रदूषण को लेकर आसपास के ग्रामीणों के साथ बैठक कर किसी प्रकार की जन सुनवाई नहीं की जाती है. वहीं, कंपनी पर आरोप है कि सरकार द्वारा निर्धारित मानकों को दरकिनार कर उक्त कंपनी वन भूमि से सटा कर स्थापित की गई है. नरसिंह इस्पात लिमिटेड के खिलाफ वनवाद भी दर्ज हो चुका है. अनुमंडल पदाधिकारी का मामले पर संज्ञान लेने के बाद ग्राम सभा समेत क्षेत्र के लोगों ने खुशी व्यक्त की है.

## हिंदुत्व की पिच पर राहुल गांधी!

**सुरजीत सिंह**

**त्वरित टिप्पणी**

संसद में विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल गांधी का पहला भाषण सोमवार को हुआ. राहुल गांधी ने महंगाई, बेरोजगारी, अग्निवीर, कश्मीर, मणिपुर, किसान आंदोलन समेत तमाम मुद्दों पर बोला. लेकिन हिंदुत्व के मुद्दे पर वह बहुत अधिक आक्रामक दिखे. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) वर्षों से हिंदुत्व की पिच पर खेलती रही है. भाजपा के छोटे से लेकर शीर्ष नेता हिंदू-मुसलमान, पाकिस्तान, कपड़े, टोपी, ज्यादा बच्चे वाले बयान देते रहे हैं. चुनावों में भाजपा को इसका फायदा भी मिला है. लेकिन सोमवार को राहुल गांधी इसी हिंदुत्व की पिच पर खेलते नजर आए. न सिर्फ खेले, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह तक को बोलने पर मजबूर किया.

राहुल गांधी ने संसद में हिंदू धर्म और भाजपा को लेकर सबसे अधिक हमला बोला. उन्होंने कहा कि ये लोग (भाजपा) हिंसा करते हैं, ये हिंदू नहीं हैं. इस पर पीएम मोदी ने कहाः यह गंभीर विषय है, हिंदू हिंसक नहीं हैं. इस पर राहुल गांधी ने कहा कि हिंदू का मतलब मोदी, भाजपा या आरएसएस नहीं है. राहुल गांधी यहीं नहीं रुकें. उन्होंने अयोध्या और राम मंदिर का भी जिक्र करते हुए कहा कि अयोध्या की जनता ने इनकी जमीन खींच ली. मंदिर उद्घाटन में अरबपतियों को बुलाया, अयोध्यावासियों को नहीं बुलाया. अयोध्यावासियों को डराया, धमकाया. ये सबको डराते हैं. भाजपा वालों को भी डराते हैं. भगवान शिव का संदेश है डरो मत-हमेशा सच बोलो. राहुल गांधी ने मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा वह बायोलॉजिकल नहीं हैं. उनका भगवान से सीधा कनेक्शन है. भगवान के कहने पर ही उन्होंने रात के आठ बजे नोटबंदी कर दी. छोटे उद्योग-धंधे खत्म हो गए. आज जो रोजगार नहीं है, वह इसी वजह से है. यह नोटबंदी अडानी जी, अंबानी जी के लिए की गई.

कांग्रेस नेता राहुल के भाषण से ऐसा लगता है उन्होंने हिंदुत्व की पिच पर खुल कर खेलना शुरू कर दिया है. तभी वह बार-बार यह बताने की कोशिश करते दिखे कि असली हिंदू और हिंसक हिंदू में क्या फर्क है. उन्होंने भगवान शिव, भगवान बुद्ध, पैगंबर, यीशु का जिक्र किया. कहा सभी धर्मों के ईश्वर ने बताया है कि डरो मत. सच बोलो. सत्य का साथ दो. हम यही कर रहे हैं. हिंदुत्व की पिच पर खेलने का राजनैतिक लाभ कांग्रेस व राहुल को कितना होगा, यह तो भविष्य ही बताएगा, लेकिन राहुल गांधी के भाषण पर भाजपा के तमाम नेता जिस तरह पर आक्रामक हुए, उससे राहुल गांधी को और हमले करने का मौका ही मिला.

## राहुल गांधी ने संविधान समेत सभी मुद्दों पर सरकार को घेरा, कहा
# हिंदू हिंसा नहीं फैला सकता

**भाजपा ही देश में नफरत फैलाती है, ये लोग हिंदू नहीं**

**लगातार न्यूज। नयी दिल्ली**

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष खासकर भाजपा पर जम कर हमला बोला. महंगाई, बेरोजगारी, नीट, अग्निवीर, किसान, जवान, युवा, महिला समेत वंचित समाज के मुद्दों पर एक-एक कर खूब सुनाया. हिंदुत्व के मुद्दे पर भी भगवान शिव की तस्वीर दिखाते हुए कहा, असली हिंदू हिसंक नहीं होता. नरेंद्र मोदी, भाजपा-आरएसएस देश के संपूर्ण हिंदू समाज का प्रतिनिधित्व नहीं करते, इनके हिंदू हिसंक हैं. राहुल की आक्रामकता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पीएम नरेंद्र मोद दो बार, गृह मंत्री अमित शाह पांच बार, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चार बार खड़े होकर विरोध दर्ज कराया. अन्य कई मंत्रियों और सांसदों ने भी बार-बार व्यधान डालने की कोशिश की.

अमित शाह ने तो यहां तक मांग कर डाली कि राहुल के भाषण का सत्यापन कराया जाए. कुल मिला कर राहुल गांधी के बयान पर सियासी घमासान शुरू हो गया है. भाजपा संसद के अंदर और बाहर राहुल गांधी के बयान को लेकर आक्रामक हो गई है. भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजीजू, अश्विनी वैष्णव और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने देश के करोड़ों हिंदुओं का अपमान बताते हुए राहुल गांधी से मांग की है. इन नेताओं ने कहा कि सदन में राहुल गांधी ने देश को गुमराह किया है. वहीं इंडिया गठबंधन के दलों ने राहुल गांधी के भाषण की जम कर तारीफ की है. इसे बढ़िया आगाज बताया.


राहुल गांधी ने अपने करीब दो घंटे के भाषण में आरोप लगाया कि भाजपा हिंसा और नफरत फैला रही है तथा पिछले 10 वर्षों से संविधान और भारत की अवधारणा पर सुनियोजित ढंग से हमला किया जा रहा है. उन्होंने कहा, देश ने मिल कर संविधान की रक्षा की है. अच्छा लग रहा है कि भाजपा के लोग अब संविधान बोल रहे हैं. राहुल गांधी ने कहा, पिछले 10 वर्षों में संविधान और भारत की अवधारणा पर सुनियोजित ढंग से हमला किया गया है. संविधान और भाजपा के विचारों का विरोध करने वाले करोड़ों लोगों पर हमला किया गया है. कई लोगों पर निजी तौर पर हमला किया गया. कई नेताओं को जेल में डाला गया. हमारे एक नेता (हेमंत सोरेन) अभी जेल से बाहर आए और एक नेता (अरविंद केजरीवाल) अभी भी जेल में हैं. उन्होंने कहा, मुझ पर हमला किया गया. सरकार, प्रधानमंत्री के आदेश पर मेरे खिलाफ 20 से अधिक मामले दर्ज किए गए, दो साल की सजा दी गई. मुझसे 55 घंटे तक पूछताछ की गई. कांग्रेस नेता ने कहा, मैं भाजपा और आरएसएस को बताना चाहता हूं कि हमने किन विचारों का उपयोग भारत की अवधारणा की रक्षा करने के लिए किया है. उन्होंने सदन में भगवान शंकर का चित्र दिखाया और कहा कि शिवजी कहते हैं कि डरो मत, डराओ मत.

शेष पेज 11 पर ...

### भाजपा का पलटवार, कहा : राहुल बार-बार देश को करते हैं गुमराह

#### हिंदुत्व पर तीर, घाव गंभीर

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संविधान के बहाने मोदी सरकार पर जमकर हमला किया. उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत संविधान की कॉपी हाथ में लेकर की. इस दौरान राहुल गांधी ने एक ऐसा बयान दे दिया जिससे हंगामा खड़ा हो गया. इस पर पीएम मोदी ने खड़े होकर विरोध जताया और कहा कि पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना गंभीर बात है. राहुल गांधी ने कहा, 'मोदीजी ने अपने भाषण में एक दिन कहा कि हिंदुस्तान ने कभी किसी पर हमला नहीं किया. इसका कारण है. हिंदुस्तान अहिंसा का देश है, यह डरता नहीं है. हमारे महापुरुषों ने यह संदेश दिया- डरो मत, डराओ मत. शिवजी कहते हैं- डरो मत, डराओ मत और त्रिशूल को जमीन में गाड़ देते हैं. दूसरी तरफ जो लोग अपने आपको हिंदू कहते हैं, वो 24 घंटे हिंसा-हिंसा-हिंसा. नफरत-नफरत-नफरत. आप हिंदू हो ही नहीं. हिंदू धर्म में साफ लिखा है सच का साथ देना चाहिए. हम सच के साथ हैं.



#### ये तो बहुत ही गंभीर बात है...



राहुल गांधी के बयान पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया. पीएम नरेंद्र मोदी अपनी चेयर पर उठकर खड़े हुए और इसे गंभीर बात बताया. पीएम मोदी ने कहा कि पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना गंभीर बात है. इस पर राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी और भाजपा-आरएसएस पूरा हिंदू समाज नहीं है. मैं भी हिंदू हूं. गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि विपक्ष के नेता ने जो कहा, उन्हें इसकी माफी मांगनी चाहिए. इस धर्म के करोड़ों लोग गर्व से हिंदू कहते हैं. मैं उनको गुजारिश करता हूं कि इस्लाम में अभय मुद्रा पर एक बार वो इस्लामिक विद्वानों की राय ले लें. शाह ने कहा कि राहुल कहना चाहते हैं कि देश के करोड़ो हिंदू हिंसक हैं? शाह ने आगे कहा कि क्या नेता प्रतिपक्ष माफी मांगेंगे? हिंसा को किसी धर्म से जोड़ना गलत है. अमित शाह ने आगे कहा कि राहुल को देश से माफी मांगनी चाहिए. राहुल ने कहा, मैं संपूर्ण विपक्ष का नेता हूं. मैं जो बोल रहा हूं, जिम्मेदारी से बोल रहा हूं.

# रसोई गैस पर 100 रुपए तक सब्सिडी दे सकती है सरकार

## मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के निर्देश के बाद खाद्य आपूर्ति विभाग तैयार कर रहा प्रस्ताव,जल्द कैबिनेट की बैठक में लाने की तैयारी

**कौशल आनंद। रांची**


राज्य की चंपाई सोरेन सरकार गरीब और ग्रामीणों को एक और तोफहा देने की तैयारी शुरू कर दी है. सरकार घरेलू रसोई गैस पर 100 रुपए तक सब्सिडी दे सकती है. इसको लेकर खाद्य आपूर्ति विभाग प्रस्ताव तैयार करने में जुटा गया है. विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अगले एक सप्ताह से 10 दिन के अंदर प्रस्ताव तैयार करके मुख्यमंत्री को भेज दिया जाएगा. मुख्यमंत्री की सहमति मिलते ही इसे कैबिनेट की बैठक में मंजूरी के लिए लाया जा सकता है.

**राशन कार्डधारी आएंगे दायरे में :** सरकार इसका लाभ लाल, पीला एवं हरा कार्डधारियों को देगी. इसको टॉर्गेट करके ही विभाग तैयारी कर रहा है. सरकारी आंकड़ों के अनुसार पीएच एवं एएवाई कार्ड धारकों की संख्या करीब 60,98,537 है. यानी की इतने कार्ड धारियों को सब्सिडी का लाभ मिल सकता है. हालांकि विभाग अभी इसका मानक तय कर रहा है. इसके दायरे में कौन-कौन और कैसे आएंगे, प्रस्ताव पूरी तरह से तैयार होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा. मगर इतना तय है कि घरेलू गैस पर सब्सिडी सरकार जल्द देने जा रही है.



### 26 जून को मुख्यमंत्री ने दिया था निर्देश

बता दें कि पिछली 26 जून को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने खाद्य आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक की थी. जिसमें मुख्यमंत्री ने रसोई गैस सब्सिडी योजना के लाभुकों के चयन का मानक शीघ्र तय करने का निर्देश अधिकारियों को दिया था. मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा था कि राज्य सरकार की यह एक अति महत्वपूर्ण योजना है, जिसका मकसद गरीब और वंचित परिवारों को किफायती दर पर गैस सिलिंडर देना है, ताकि वे इसका नियमित इस्तेमाल कर सकें.


Rungta Office, Nagar Parishad Complex, Chaibasa, Jharkhand-833201


### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,300 |
| चांदी (किलो) | 93,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### नीट-यूजी के पुनः परीक्षा के परिणाम घोषित हुए

**नयी दिल्ली।** एनटीए ने सोमवार को राष्ट्रीय पात्रता सह परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के लिए पुनः परीक्षा के परिणाम घोषित किए और संशोधित रैंक सूची जारी की. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. -पेज 12 भी देखें

#### मेधा पाटकर को पांच महीने जेल की सजा

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को 23 साल पुराने मानहानि के एक मामले में पांच महीने जेल की सजा सोमवार को सुनाई है. यह मामला दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने उनके खिलाफ उस वक्त दायर किया था,जब वह (सक्सेना) गुजरात में एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) के प्रमुख थे. मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने पाटकर पर 10 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है.

## नए आपराधिक कानून पूरे देश में लागू
# केस दर्ज कराने के लिए घूस का प्रचलन होगा बंद

**बदल गए कानून बदल गईं लगने वाली धाराएं**

**सौरभ सिंह। रांची**

सोमवार (1 जुलाई) से तीन नए आपराधिक कानून (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम) देशभर में लागू हो गए हैं. नए कानून के तहत सोमवार से ही से केस दर्ज भी होने लगे. नए कानून लागू होने से न सिर्फ धाराएं बदल गई हैं, बल्कि कई प्रावधानों की परिभाषा भी बदल गई है. साथ ही नए क्रिमिनल लॉ के लागू से आम जनता को केस दर्ज कराने के लिए पुलिसकर्मियों को घूस देने का भी प्रचलन बंद होगा. आइए आपको बताते हैं कि नये क्रिमिनल लॉ के तहत किस अपराध के लिए कौन-सी धारा लगेगी.



- अब हत्या, लूट और दुष्कर्म जैसे मामलों में आप ऑनलाइन एफआईआर भी दर्ज कर सकते हैं

नए क्रिमिनल लॉ के लागू होने से आम जनता को छोटे से छोटे मामले में केस दर्ज कराने के लिए थानों के चक्कर लगाने या पुलिस को घूस देना नहीं पड़ेगी. अब हत्या, लूट और दुष्कर्म जैसे मामलों में आप ऑनलाइन एफआईआर भी दर्ज कर सकते हैं. इतना ही नहीं एक जिले में हुए अपराध की जीरो एफआईआर आप दूसरे जिले में करा सकते हैं. थाना क्षेत्र का हवाला देकर पुलिस आपको टरका नहीं सकेगी. केस दर्ज कराने के बाद जांच से लेकर आगे की कार्रवाई तक की सारी जानकारी मोबाइल पर एसएमएस के जरिए फरियादी को दी जाएगी. नए कानून लागू होते ही इसके तहत एफआईआर दर्ज किए जाने लगे हैं.

#### जानिए कुछ चर्चित धाराएं

- छीनाझपटी : धारा 304
- आतंकवाद : धारा 113
- मॉब लिंचिंग : धारा 103
- संगठित अपराध : धारा 111
- हत्या : धारा 103
- हत्या का प्रयास : धारा 109
- गैर इरादतन हत्या : धारा 105
- दहेज हत्या : धारा 80
- चोरी : धारा 303
- दुष्कर्म : धारा 64
- छेड़छाड़ : धारा 74
- धोखाधड़ी : धारा 318
- पति द्वारा क्रूरता : धारा 85
- लापरवाही से मौत : धारा 106
- आपराधिक षडयंत्र : धारा 61
- देश के खिलाफ युद्ध : धारा 147 और 148
- मानहानि : धारा 356
- लूट : धारा 309
- डकैती : धारा 310
- पुलिस रिमांड : धारा 187(2)
- गिरफ्तारी के बाद मेडिकल : धारा 51,52,53
- जांच खत्म होने पर पुलिस रिपोर्ट : धारा 193
- पूरक अनुसंधान : धारा 193(9)
- गिरफ्तारी पर तलाशी लेना : धारा 50
- हथकड़ी लगाना : धारा 43(3)

रांची में पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन का सम्मान समारोह, सीएम चंपाई सोरेन होंगे मुख्य अतिथि

# आज 20 हजार विद्यार्थी होंगे सम्मानित

■ **सबसे बड़े छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह की सारी तैयारियां पूरी : आलोक कुमार दुबे**

संवाददाता। रांची

देश ही नहीं वरन एशिया के सबसे बड़े इनडोर स्टेडियम हरबंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा मंगलवार को झारखंड के सबसे बड़े छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारी पूरी हो चुकी है. पासवा राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे, प्रदेश उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव, प्रदेश महासचिव फलक फातिमा,प्रदेश सचिव संजय प्रसाद ,संयुक्त सचिव अल्ताफ अंसारी, रांची जिला महासचिव रशीद अंसारी व मनोज कुमार भट्ट के नेतृत्व में आज पासवा के पदाधिकारी एवं वॉलिंटियर्स हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम खेल गांव का दौरा किया. कार्यों का निष्पादन करते हुए अलग-अलग जिम्मेवारियां सौंपी गई. छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह में लगे लगभग 250 वॉलिंटियर्स को विशेष ट्रेनिंग की गयी ताकि आने वाले बच्चों को दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े.

पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने बताया कि झारखंड में पहली बार एक मंच पर 20000 से अधिक मैट्रिक तथा इंटर के तीनों बोर्ड में 70% या उससे अधिक अंक लाने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा अयोजित राज्य स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह में झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव , झारखंड के खेलकूद एवं युवा मंत्री हफीजुल हसन के हाथों मेडल और मोमेंटो द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा.

मैट्रिक तथा इंटर में किसी भी बोर्ड में टॉपर्स को नगद पुरस्कार से भी सम्मानित किया जाएगा. पासवा आने वाले विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के व्यापक मेजबानी करने को पूरी तरह से तैयार है, पलकें बिछाए बैठी है.उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि ऐतिहासिक सम्मान समारोह में उपस्थित हों. पासवा अध्यक्ष ने कहा इतना बड़ा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन निश्चित रूप से झारखंड में पहली बार हो रहा है और इतने बड़े आयोजन के लिए पासवा के वॉलिंटियर्स को आज एक विशेष ट्रेनिंग दी गई ताकि इतने बड़े आयोजन को सफलतापूर्वक आयोजित किया जा सके.


खेलगांव में प्रतिनिधियों को निर्देश देते आलोक कुमार दुबे.

## 70% से अधिक अंक लानेवाले छात्र-छात्राएं होंगे पुरस्कृत

प्रदेश उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा प्रतिभावान छात्र-छात्राएं रजिस्ट्रेशन तो करवा रहे हैं किंतु उसके साथ साथ छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह में ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन की भी व्यवस्था की गई है ताकि उस दिन भी जैक सीबीएसई तथा आईसीएससी मैं 70% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों का ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन किया जा सके . पासवा प्रदेश महासचिव डॉक्टर राजेश गुप्ता छोटू ने कहा ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन के लिए 29 से अधिक काउंटर बनवाए गए हैं और पासवा वोलेंटियर्स को स्पेशल ट्रेनिंग भी दी जा रही है कि उस दिन जल्द से जल्द रजिस्ट्रेशन हो सके और उसने अधिक संख्या में आने वाले झारखंड के विभिन्न जिलों से आने वाले बच्चों को किसी तरह की कोई कठिनाई न हो .पासवा महासचिव सह राष्ट्रपति अवार्डी फलक फातिमा ने कहा सभी बच्चों और आने वाले अतिथियों के लिए नि :शुल्क भोजन एवं पीने की पानी की भी व्यवस्था की जा रही है . मेरठ और अलीगढ़ से बच्चों को पुरस्कृत करने के लिए विशेष मोमेंटो और मेडल मंगाए गए हैं .कार्यक्रम स्थल पर झारखंड के प्रतिष्ठित विद्यालयों के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा भी प्रस्तुत किया जाएगा, जिसके लिए स्पेशल माइक और साउंड सिस्टम की भी वृहत व्यवस्था की जा रही है . पासवा के प्रदेश प्रवक्ता सह महासचिव नीरज सहाय ने कहा निश्चित रूप से झारखंड के सबसे बड़े छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह को आयोजित करने में पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन प्रत्येक स्तर पर कोई भी कमी नहीं छोड़ रही.

ठगबंधन सरकार नौकरी दे नहीं रही, बल्कि बेच रही : अमर बाउरी

# परीक्षा में धांधली की सीबीआई जांच हो

प्रमुख संवाददाता। रांची

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि युवाओं को सपने दिखा कर, राज्य की जनता को झूठ बोलकर सत्ता में आयी जेएमएम, कांग्रेस और राजद की सरकार के खिलाफ अब युवा आक्रोशित है. क्योंकि ठगबंधन सरकार ने आज तक जो भी परीक्षाएं ली है, उन सभी परीक्षाओं में गड़बड़ियां सामने आयी है. ऐसे में राज्य सरकार को चाहिए कि वो युवाओं के हित में इन सभी



परीक्षाओं की गड़बड़ियों की जांच सीबीआई से कराने की अनुशंसा करे. बाउरी सोमवार को बीजेपी प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि जेएसएससी पीजीटी के अभ्यार्थियों ने मुलाकात कर बताया कि इस परीक्षा में धांधली हुई है. इसको लेकर अभ्यार्थी पिछले 17 दिनों से धरना पर हैं. अभ्यार्थियों ने अपने आवेदन में बताया कि एक ही सेंटर से 70-80 प्रतिशत अभ्यार्थी पास हुए हैं. बोकारो जिले के सिरिया डिजिटल और रांची जिले के शिवा इनफोटेक से सबसे अधिक अभ्यार्थी पास हुए हैं. सिरिया डिजिटल से 513 और शिवा इनफोटेक से 279 अभ्यर्थी पास हुए.

## विधायक इरफान अंसारी को मिली अग्रिम जमानत


रांची। कांग्रेस के जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी को सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी ने जामताड़ा थाना में उनके खिलाफ दर्ज एससी-एसटी केस में उनकी अग्रिम जमानत याचिका को मंजूर करते हुए अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान की है. विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ 2 जुलाई 2022 को सुनीता देवी ने ही जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करने समेत अन्य गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायतवाद दर्ज कराई थी. जिसपर जिला अदालत संज्ञान ले चुका है. निचली अदालत में भी इरफान अंसारी ने अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी. लेकिन कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी.

हाईकोर्ट का आदेश

## जमानती वारंट के निष्पादन के बिना गैर जमानती वारंट जारी नहीं किया जा सकता

विनित आभा उपाध्याय। रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा कि कोई मजिस्ट्रेट कोर्ट जमानती वारंट के निष्पादन रिपोर्ट के बिना गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी नहीं कर सकता. हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि आदेश जारी करने वाली अदालत को सीआरपीसी की धारा 82 के तहत उद्घोषणा करने से पहले अपनी संतुष्टि करनी चाहिए कि अभियुक्त फरार था या गिरफ्तारी से बचने के लिए छिप रहा था. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता के खिलाफ गिरफ्तारी का जमानती वारंट जारी किया गया था, लेकिन गिरफ्तारी के जमानती वारंट के निष्पादन रिपोर्ट के बिना ही मजिस्ट्रेट कोर्ट ने गिरफ्तारी का गैर-जमानती वारंट जारी किया है, जो कानून में भी टिकने योग्य नहीं है. क्योंकि यह कानून का एक स्थापित सिद्धांत है कि एक बार गिरफ्तारी का जमानती वारंट जारी करने के बाद मजिस्ट्रेट कोर्ट को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि गिरफ्तारी का गैर-जमानती वारंट जारी करने जैसी और कठोर कार्रवाई करने से पहले गिरफ्तारी के जमानती वारंट की निष्पादन रिपोर्ट प्राप्त हो जाये. दरअसल रांची सिविल कोर्ट ने विशाल कुमार के खिलाफ पहले जमानती वारंट जारी किया था, जिसके बाद कोर्ट ने गैरजमानती वारंट भी जारी कर दिया.। विशाल कुमार की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता रोहित रंजन सिन्हा ने बहस की.



दैनिक अखबार शुभम संदेश के दूसरे स्थापना दिवस के मौके पर अखबार प्रबंधन व सुधि पाठकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
सुनील बड़ाईक
समाज सेवी

दैनिक अखबार शुभम संदेश के दूसरे स्थापना दिवस के मौके पर अखबार प्रबंधन व सुधि पाठकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

फूलकान्त झा
वरीय जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस पार्टी सह प्रांतीय सचिव झारखंड राज्य फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन

दैनिक अखबार शुभम संदेश के दूसरे स्थापना दिवस के मौके पर अखबार प्रबंधन व सुधि पाठकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

अभय झा
राष्ट्रीय अध्यक्ष, युवा जनशक्ति मोर्चा, झारखंड

दैनिक अखबार शुभम संदेश के दूसरे स्थापना दिवस के मौके पर अखबार प्रबंधन व सुधि पाठकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
डोमन नायक
राजलाबांध के मुखिया


दैनिक अखबार शुभम संदेश के दूसरे स्थापना दिवस के मौके पर अखबार प्रबंधन व सुधि पाठकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
सूर्य प्रकाश उरांव


दैनिक अखबार शुभम संदेश के दूसरे स्थापना दिवस के मौके पर अखबार प्रबंधन व सुधि पाठकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
सुनील कुमार मेहता
जिलाध्यक्ष राजद लोहरदगा जिला

फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन
हिन्दी दैनिक शुभम संदेश अखबार की स्थापना दिवस पर शारदा हाई स्कूल, बारदा, बाईडीह की ओर से ढेर सारी शुभकामनाएं व बधाई

मोहन साव
अध्यक्ष

प्रमोद गुप्ता
महासचिव

नागेश जायसवाल
कोषाध्यक्ष


दैनिक अखबार शुभम संदेश के दूसरे स्थापना दिवस के मौके पर अखबार प्रबंधन व सुधि पाठकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
विनोद कुमार
जिला परिषद उपाध्यक्ष लोहरदगा जिला

जे एम ए स्टोर्स प्रा. लिमिटेड

निवेदक
संजीव श्रीवास्तव
महाप्रबंधक, जे एम ए स्टोर्स


दैनिक अखबार शुभम संदेश के दूसरे स्थापना दिवस के मौके पर अखबार प्रबंधन व सुधि पाठकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
रीना कुमारी
अध्यक्ष, जिला परिषद लोहरदगा जिला

हिंदी दैनिक शुभम संदेश के दूसरे स्थापना दिवस पर अखबार प्रबंधन व परिवार और सुधि पाठकों को हार्दिक बधाई व ढेर सारी शुभकामनाएं
श्री वेंकटेश आयरन एंड एलॉयज इंडिया लिमिटेड
भदानीनगर , रामगढ़

हिंदी दैनिक शुभम संदेश के दूसरे स्थापना दिवस पर अखबार प्रबंधन व परिवार और सुधि पाठकों को हार्दिक बधाई व ढेर सारी शुभकामनाएं

सूर्यकांत प्रसाद उर्फ मंटू
समाजसेवी
किस्को लोहरदगा

दैनिक अखबार शुभम संदेश के दूसरे स्थापना दिवस के मौके पर अखबार प्रबंधन व सुधि पाठकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

Tapas Chatterjee
Manrega district president,
Gouri kunja unnayan samiti, president,
Sanskriti Sansad, president
Netajee jayanti Ayojon samiti,
president,Jharkhand banglabhasi unnoyan samiti, joint secretary


दैनिक अखबार शुभम संदेश के दूसरे स्थापना दिवस के मौके पर अखबार प्रबंधन व सुधि पाठकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
अनिल कुमार भगत
झारखंड पीपुल्स पार्टी व आजसू के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष

दैनिक अखबार शुभम संदेश के दूसरे स्थापना दिवस के मौके पर अखबार प्रबंधन व सुधि पाठकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

अवधेश कुमार सिंह
कोल्हान प्रभारी, झारखंड कांग्रेस कामगार यूनियन

दैनिक अखबार शुभम संदेश के दूसरे स्थापना दिवस के मौके पर अखबार प्रबंधन व सुधि पाठकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

गणेश महाली
प्रदेश कोषाध्यक्ष, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा, झारखंड प्रदेश

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

जमशेदपुर, मंगलवार 02 जुलाई 2024 ● आषाढ़ कृष्ण पक्ष 10 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 84

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




## ब्रीफ खबर

### छात्रों को दी गयी सीए में करियर की जानकारी

**जमशेदपुर ।** मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा ने फॉर्मेशन वीक उत्सव के पांचवे दिन, सीए डे (चार्टर्ड अकाउंटेंट) के अवसर पर करियर काउंसिल इन सीए प्रोफेशन कार्यक्रम के तहत कक्षा 11 एवं 12 के बच्चों के लिए एक सेमिनार आयोजित किया. इसमें 250 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया. मुख्य वक्ता सीए ऋषि अरोड़ा ने सीए कोर्स के बारे में जानकारी दी.

### मायुमं सुरभि शाखा का तीन दिवसीय उन्नति मेला शुरू

**जमशेदपुर ।** लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने और महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा तीन दिवसीय उन्नति फेस्टिवल मेला (प्रदर्शनी) का शुभारंभ सोमवार को तुलसी भवन बिष्टुपुर में किया गया. तीन जुलाई तक मेला सुबह 10 से रात 9 बजे तक चलेगा. अतिथियों ने मेला का उदघाटन फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया.

### सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का समापन 4 जुलाई को

**जमशेदपुर ।** मानगो कालिकानगर स्थित एपीजेए कलाम उच्च विद्यालय एवं इंटर महाविद्यालय के द्वारा एक सप्ताह से चले आ रहे नशा विरोधी व सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का समापन चार जुलाई को किया जाएगा. इस दिन संपूर्ण रैली व जागरुकता अभियान चलाया जाएगा. उक्त जानकारी संस्था के मोहम्मद ताहिर हुसैन व डॉ अफरोज शकील ने दी.

### रोट्रैक्ट क्लब ने डॉ. अंजनी को किया सम्मानित

**जमशेदपुर ।** करीम सिटी कॉलेज के रोट्रैक्ट क्लब ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर डॉ. अंजनी भूषण कुमार को सम्मानित किया. क्लब के अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद रजा, सदस्य साहिल रजा, अतिका महफूज और अन्नू कुमारी के साथ डॉ. कुमार से मिलने गए और चिकित्सा पेशे में सेवा के लिए एक प्रशंसा पत्र दिया. इस पत्र में डॉ. कुमार के अडिग समर्पण को रेखांकित किया गया है.

### सरकारी दुकान में मिलावटी शराब की शिकायत, छापा

**जमशेदपुर ।** टेल्को के जेम्को स्थित सरकारी शराब दुकान में मिलावटी शराब बेचने की शिकायत पर सोमवार को आबकारी विभाग ने कार्रवाई की. विभाग ने औचक छापेमारी करते हुए दुकान के प्रभारी समेत तीन लोगों को हिरासत में लिया है. टीम तीनों को लेकर अपने कार्यालय पहुंची जहां तीनों से पूछताछ की जा रही है. दुकान जब्त शराब की जांच की जा रहीं है.

### भाजपा के दबाव में ईडी ने हेमंत सोरेन को फंसाया

**जमशेदपुर ।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत मिलने की खुशी में सोमवार को विधायक मंगल कालिंदी ने स्टेशन चौक से जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र के बाटा चौक तक राहगीरों के बीच लड्डू का वितरण किया. विधायक ने कहा कि हेमंत सोरेन के किए जा रहे विकास कार्य से घबराई भाजपा के दबाव में ईडी ने बिना किसी सबूत के मुकदमा दायर कर जेल भेज दिया.

### युवती को प्यार के जाल में फंसा युवक ने कर ली ठगी

**जमशेदपुर ।** परसुडीह मकदमपुर निवासी एक 26 वर्षीय युवती से मो एजाज उर्फ सोनू ने ठगी कर ली. इस संबंध में युवती ने परसुडीह थाना में सोनू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है. युवती ने बताया कि साल 2020 में वह सोनू के संपर्क में आई. दोनों के बीच प्यार हुआ. सोनू ने व्यवसाय के लिए रुपयों की मांग की. सोनू को लगभग 1.68 लाख रुपये भी दिए. बीते एक साल से सोनू ने बातचीत बंद कर दी है.

## ऑटो चालकों की मनमानी पर नहीं है पुलिस का नियंत्रण, शहर की ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई

# एसएसपी भी नहीं लागू करवा पा रहे अपना आदेश, कौन हैं संरक्षक

संवाददाता ।जमशेदपुर

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई है. एसएसपी के आदेश के बावजूद जिला पुलिस ट्रैफिक व्यवस्था ठीक नहीं कर पा रही है. आलम यह है कि शहर की सड़कों पर आए दिन जाम लगता रहता है. वहीं सड़क पर जाम लगने का प्रमुख कारण ऑटो हैं. ऑटो चालक मनमाने तरीके से कहीं भी ऑटो खड़ी कर सवारियां बैठाते हैं, ऑटो को गलत दिशा से लेकर जाते हैं जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है. इनके अलावा शहर में हो रहे सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण भी कुछ हद तक ये ऑटो चालक ही हैं. साकची चौक पर ही ऑटो चालक बीच सड़क पर ऑटो को खड़ी कर देते हैं. शाम को यह स्थिति तो और भयावह हो जाती है. पास ही मौजूद ट्रैफिक पुलिस के जवान दो पहिया वाहनों को पकड़ने में इतना मशगूल




रहते हैं कि वे सड़क पर लगे जाम की ओर ध्यान नहीं देते. जिले के अधीनस्थ पुलिस अधिकारी और जवान अपने वरिष्ठ पुलिस कप्तान के भी अपने आदेश को लागू करवा पाने में विफल दिख रहे हैं. जिससे यह साफ है कि यह ऑटो चालकों को कोई बड़ी संरक्षण प्राप्त है जिस कारण ये किसी की नहीं सुनते.

जिले में ऑटो की संख्या 35 हजार से ज्यादा है. प्रशासन ने 1 जनवरी 2022 से ही पेट्रोल-डीजल से चलने वाले ऑटो को हटाने का आदेश दिया था पर ऑटो यूनियन की मांग पर प्रशासन ने तीन माह का समय दिया था. हालांकि, इसके बाद से प्रशासन ने इस नियम पर ढील दे दी जिसके बाद यह नियम सिर्फ कागजों तक ही सिमट कर रह गया.

प्रशासन ने सभी ऑटो चालकों को यह आदेश दिया था कि सभी ऑटो चालक अपने ऑटो में ऑटो चालक का नाम, लाइसेंस, मोबाइल नंबर और परमिट की फोटो कॉपी बनाकर उसे ऑटो में चिपकाकर रखे. हालांकि कुछ ऑटो चालकों ने कुछ दिन इस नियम का पालन किया जिसके बाद यह नियम भी अन्य नियमों की तरह कागजों में ही सिमट कर रह गया.ऑटो चालक ऑटो चलाते समय हाफ पैंट और गंजी पहनते दिख जाते थे जिससे सवारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था. इससे निपटने के लिए प्रशासन ने ऑटो चालकों को पहचान देते हुए नीली वर्दी पहनने का आदेश दिया. यह नियम भी उड़नछू हो गया.

शहर में प्रशासन ऑटो चालकों को परमिट देना काफी पहले ही बंद कर चुका है. अब ऑटो चालक गांव के लिए परमिट लेते हैं और फिर उस परमिट पर सड़कों पर ऑटो को चलाते है. पुलिस दो पहिया और चार पहिया वाहन चालकों को पकड़ कर उसके कागजात की मांग करती है पर इन ऑटो चालकों से न तो ऑटो का कागजात मांगा जाता है और न ही परमिट. ऐसे में ऑटो चालक सातवें आसमान पर रहते हैं.

### खास बातें

- शहर में 35 हजार से ज्यादा है ऑटो की संख्या
- शीशे पर लगानी थी लाइसेंस की जानकारी
- गांव का परमिट लेकर शहर में चला रहे ऑटो
- ऑटो चालकों को दिये गये ड्रेस कोड का पालन नहीं

### एसएसपी ने ट्रैफिक को लेकर की थी बैठक

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए एसएसपी किशोर कौशल ने बीते दिनों ही डीएसपी ट्रैफिक और सभी ट्रैफिक थानेदारों के साथ एक बैठक की थी. बैठक में उन्होंने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए कई नए बदलाव का आदेश देते हुए जल्द ही शहर में लागू करने के लिये कहा था. शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए ऑटो चालकों के लिए आइडी कार्ड, यूनिफॉर्म पहनने को लेकर ऑटो एसोसिएशन के साथ भी बैठक की गई थी. बैठक कर दिशा निर्देश देने के लिए डीटीओ को निर्देशित किया गया था. नॉन परमिट ऑटो, अंडर एज व बगैर ड्राइविंग लाइसेंस के ऑटो चालक की जांच कर कार्रवाई की बात कही गयी थी.

# हरहरगुट्टू राजा तालाब की सारी मछलियां मरीं

## मत्स्य विभाग बेखबर, एसडीओ ने दिया जांच का आदेश



- दुर्गंध से जीना मुहाल

वरीय संवाददाता । जमशेदपुर

बागबेड़ा थानान्तर्गत हरहरगुट्टू राजा तालाब (बड़ा तालाब) पाली गईं सारी मछलियां मर गईं. मछलियों के मरने की जानकारी आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैल गई. यहां तक कि प्रशासनिक अमला भी सक्रिय हो गया. सूचना मिलने के बाद सुबह-सुबह एसडीओ (धालभूम) पारूल सिंह वहां पहुंचीं. उन्होंने तालाब की वीडियोग्राफी करवायी तथा मत्स्य विभाग को इसकी जांच करने का निर्देश दिया. साथ ही तालाब से सारी मछलियों को बाहर निकालने तथा तालाब की सफाई कराने के लिए कहा. हालांकि देर शाम तक मत्स्य विभाग को कोई भी पदाधिकारी तालाब में मरी मछलियों की जांच करने नहीं पहुंचा. इस संबंध में जिला मत्स्य पदाधिकारी अल्का पन्ना से संपर्क करने का कई बार प्रयास किया गया. लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया.

तालाब में मछलियों के मरने के बाद उनके सड़ने से दुर्गंध उत्पन्न हो गई है. जिससे अलग-बगल रहने वालों का जीना मुहाल हो गया है. लोग अपने-अपने घरों के खिड़की दरवाजे बंद करके रख रहे हैं. यहां तक की कई घरों में दुर्गंध भगाने के लिए खुशबूदार केमिकल का छिड़काव किया गया. वहीं एसडीओ के आदेश के बाद भी तालाब से मछलियों के निकालने का काम शुरू नहीं हुआ.

सिवरेज-ड्रेनेज प्लान लागू नहीं हो सका हरहरगुट्टू बड़ा तालाब (राजा तालाब) के अगल-बगल कई बस्तियां बस चुकी हैं. जिसमें सोमाय झोपड़ी, घटरापाड़ा, डोमपाड़ा कालोनी, बेड़ाढीपा, हरहगुट्टू देवता भवन है. उक्त बस्तियों का जल-मल सीधे तालाब में गिरता है. इसके समाधान के लिए टाटा स्टील एवं पेयजल व स्वच्छता विभाग की ओर से डीपीआर पूर्व में तैयार किया गया था. जिससे जल-मल को सिवरेज-ड्रेनेज के माध्यम से दूसरे जगह गिराया जा सके. लेकिन उक्त योजना आज तक अमल में नहीं लायी गई. तालाब की बंदोबस्ती करवाने वाली सोसायटी के सचिव राजन सिन्हा ने बताया कि इसके पहले भी तालाब में मछलियां मरी हैं.

### स्वावलंबी सोसायटी करती है संचालन

हरहरगुट्टू राजा तालाब में मछली पालन का कार्य आदर्श मत्स्य पालन स्वावलंबी सोसायटी करती है. सोसायटी के सचिव राजन सिन्हा ने बताया कि अगस्त 2023 में लगभग एक लाख की लागत से मछली का जीरा डाला गया था. गर्मी की वजह से पानी में ऑक्सीजन लेबल मेंटेन रहे, इसके लिए चूना-पोटास डाला गया था. दो दिन पहले हुई तेज वर्षा के कारण अगल-बगल का कचरा तथा लोगों के घरों का जल-मल तालाब में बहा है. जिसके कारण तालाब का पानी प्रदूषित हुआ है. उन्होंने आशंका जतायी कि संभवत: पानी में अमोनिया की मात्रा ज्यादा होने के कारण मछलियां मरी हैं. हालांकि असली कारण तालाब का पानी एवं मछलियों की जांच से ही स्पष्ट हो पाएगा.

# झारखंड की जनता इंडिया गठबंधन के साथ: सीएम

## चंपाई सोरेन ने कहा - सभी को सस्ती-सुलभ चिकित्सा सरकार की प्राथमिकता

- ब्रह्मानंदम् अस्पताल के एनआईसीयू का उद्घाटन

वरीय संवाददाता । जमशेदपुर

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा की झारखंड की जनता इंडिया गठबंधन सरकार के साथ है. इसलिए सरकार पूरी मजबूती के साथ काम कर रही है. साथ ही आने वाले विधानसभा चुनाव में भी गठबंधन की एकता तथा जनता के सहयोग से पुनः सरकार बनेगी. मुख्यमंत्री सोमवार को सोनारी के कागलनगर में ब्रह्मानंदम् अस्पताल के उद्घाटन समारोह में मीडियाकर्मियों से बात कर रहे थे. उन्होंने कहा कि दूसरे दल (विपक्ष) में खलबली है. इसलिए वे तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं. लेकिन हमारी सरकार पूरी मजबूती के साथ जनता



के लिए काम कर रही है.

इससे पहले उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य जीवन में अस्पताल की काफी महत्ता है, अस्पताल का खुलना सराहनीय प्रयास है. बेहतर चिकित्सीय सुविधा मिलेगी तभी लोग स्वस्थ रहेंगे. ब्रह्मानंदम् अस्पताल पहले से ही सरायकेला-खरसांवा जिले में अपनी सेवा दे रहा है. जमशेदपुर के शहरी क्षेत्र में इस अस्पताल के खुलने से अब यहां के लोग लाभान्वित होंगे. मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि अस्पताल प्रबंधन गरीब-जरूरतमंद मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेगी.

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में चिकित्सा व्यवस्था के गुणात्मक सुधार हेतु निरंतर प्रयासरत है. यहां के लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मुहैया करायी जा सके यह राज्य सरकार की प्राथमिकता है. स्वस्थ एवं निरोगी समाज से ही समृद्ध एवं विकसित राज्य की परिकल्पना पूरी की जा सकेगी. मौके पर नवनिर्मित अस्पताल के ओ.टी, चाइल्ड केयर यूनिट (एनआईसीयू ), महिला/पुरुष वार्ड सहित अन्य चिकित्सीय सुविधाओं का अवलोकन किया.

इस अवसर पर स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक सविता महतो, विधायक रामदास सोरेन, राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजू गिरी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, जिला के उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे.

### रांची में जिलाबदर अपराधी गिरफ्तार, कार्बाइन और दो पिस्टल बरामद

**रांची।** जिलाबदर आदेश का उल्लंघन कर रांची में घूम रहा अपराधी संतू उरांव को गिरफ्तार किया गया है. एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने संतू को मांडर थाना क्षेत्र के बुढ़ाखुखरा से कैम्बो जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया है. उसकी निशानदेही पर पुलिस ने एक कार्बाइन और दो पिस्टल , सात राउंड गोली बरामद की है. संतू के खिलाफ रांची और खूंटी के अलग अलग थानों में कुल नौ मामले दर्ज है.

एसएसपी और सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी. एसएसपी ने बताया कि रविवार को सूचना प्राप्त हुई कि जिलाबदर अपराधी संतू उरांव बुढ़ाखुखरा से कैम्बो जाने वाले रास्ते में स्थित जंगली क्षेत्र में घूमते हुए देखा गया है. इसके बाद एक छापामार दल का गठन किया गया.

# श्री लक्ष्मीनारायण प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ कल से

## शिव परिवार और मां काली की प्रतिमाएं कोलकाता से पहुंचीं

संवाददाता । जमशेदपुर

श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में रविवार को शिव परिवार और मां काली की प्रतिमाएं कोलकाता से पहुंच गयी. इससे पहले श्री लक्ष्मीनारायण की प्रतिमा राजस्थान से मंगायी गई थी. सभी प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा 7 जुलाई को होगी. जिसका शुभारंभ 3 जुलाई धार्मिक अनुष्ठान से होगा. गौरतलब है कि 3 से 7 जुलाई तक श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में महायज्ञ का आयोजन होना है. इसको लेकर तैयारियां तेजी से चल रही हैं। लोगों के बैठने के लिए बेहतर व्यवस्था की जा रही है. बारिश की संभावना के तहत वाटरप्रूफ पंडाल लगाए जा रहे हैं. यज्ञकुंड बन कर तैयार है. मंदिर परिसर को सजाया जा रहा है. प्राण प्रतिष्ठा समारोह में लोगों को आमंत्रित करने का कार्य जोर-शोर से चल रहा है.



### बावनगोड़ा में निकली कलश यात्रा

**जमशेदपुर ।** जुगसलाई विधानसभा अंतर्गत बावनगोड़ा स्थित श्री हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के लिये सोमवार को दोमुहानी से बावनगोड़ा तक कलश यात्रा निकाली गई. जिसमें जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिंहा, पूर्व उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह समेत अन्य शामिल हुए. प्राण प्रतिष्ठा समारोह सात दिन तक चलेगा. इसके के लिए अयोध्या से पंडितों को बुलाया गया है. कलश यात्रा में 300 महिलाएं भी शामिल थी.

## जिम्मेदारी — युवाओं ने पर्यटकों संग चलाया तीन दिवसीय जागरूकता अभियान

# चिल्का झील व ओडिशा के समुद्र तट पर पॉल्यूशन से आजादी

- सामाजिक संस्था ग्रीन पेंसिल फाउंडेशन व निश्चय फाउंडेशन की साझा स्वयंसेवी पहल

मुख्य संवाददाता । जमशेदपुर

वर्तमान में समूची धरती भीषण पर्यावरणीय संकट से जूझ रही है. दिनों दिन बढ़ते तापमान व बारिश की कमी से जन-जीवन खतरे में है. ऐसे में देर किये बगैर हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए योगदान देने की आवश्यकता है. इसी उद्देश्य के तहत सामाजिक संस्था ग्रीन पेंसिल फाउंडेशन व निश्चय फाउंडेशन से जुड़े सरायकेला व गम्हारिया के




स्वयंसेवी दल ने अपनी ओडिशा यात्रा के दौरान पर्यटन स्थलों पर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया. इस क्रम में उन्होंनने चिल्का झील, पुरी समुद्र बीच व कोणार्क समुद्र बीच पर #पॉल्यूशन से आजादी जागरूकता अभियान चलाया. इस दल में आकाश महतो, प्रकाश बास्के, इंद्रजीत महतो, सहदेव महतो, प्रवीर दास, प्रकाश मार्डी, सूरज मंडल एवं सुनील लयांगी शामिल थे. तीन दिन तक चले इस जागरूकता अभियान का नेतृत्व ग्रीन पेंसिल फाउंडेशन के झारखंड प्रमुख आकाश महतो ने किया.

स्वयंसेवकों ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण के दौरान जब वे चिल्का झील पहुंचे, तो देखा कि प्राकृतिक जल स्त्रोतों को स्वच्छ बनाए रखना बेहद जरूरी है, लेकिन हम पर्यटक इसका ध्यान नहीं रखते हैं. इससे जल स्त्रोतों के साथ साथ ही जलीय जीवन भी प्रभावित होता है. तब इस दल ने स्थानीय लोगों की सहायता से पर्यटकों से पर्यावरण व जल स्त्रोतों को स्वच्छ बनाये रखने के मुद्दे पर बात कर जागरूकता फैलाने का निर्णय लिया.

प्राकृतिक विविधता से परिपूर्ण विश्व प्रसिद्ध चिल्का झील, पुरी समुद्र बीच व कोणार्क समुद्र बीच पर तीन दिन तक चले जागरूकता अभियान के दौरान संस्था से जुड़े स्वयंसेवकों ने सैकड़ों लोगों से बात की. ग्रीन पेंसिल फाउंडेशन के संस्थापक सैंडी खांडा व निश्चय फाउंडेशन के संस्थापक तरुण कुमार ने बताया कि पर्यावरण बदलाव वर्तमान में दुनिया के प्रमुख ज्वलंत मुद्दों में से एक है. आधुनिक होती जीवनशैली में हम न केवल धरती बल्कि समुद्र को भी प्रदूषित कर रहे हैं. हमें तेजी से फैलते प्रदूषण पर रोक लगाना होगा.

इसके लिए युवाओं व लोगों के स्वयंसेवी प्रयास अहम है. फाउंडेशन से जुड़े युवा स्वयंसेवियों के ओडिशा प्रवास के दौरान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किया गया प्रयास बेहद ही उत्साहवर्धक रहा है. यह प्रयास युवाओं के सकारात्मक कार्यों के प्रति आशा जागृत करता है.

# कोयला कारोबारी इजहार की 62 संपत्तियों को ईडी ने किया जब्त

## लिंकेज का कोयला अधिक कीमत पर बेचने का मामला

संवाददाता । रांची

लिंकेज का 86568 टन कोयला वाराणसी व धनबाद की मंडियों में ज्यादा कीमत पर बेचने वाले इजहार अंसारी का 62 संपत्तियों को ईडी ने अस्थायी रूप से जब्त किया है. ईडी ने सोमवार को यह कार्रवाई की है. जिन संपत्तियों को ईडी ने जब्त किया है, उसकी कीमत 9.67 करोड़ रुपये आंकी गई है. गौरतलब है कि ईडी ने हजारीबाग के चर्चित कोयला कारोबारी इजहार अंसारी को बीते 16 जनवरी को गिरफ्तार किया था.

ईडी की जांच में खुलासा हुआ है, कि इजहार अंसारी ने लिंकेज (सब्सिडी दर) का 86568 टन कोयला वाराणसी और धनबाद की कोयला मंडियों में ज्यादा कीमत पर बेचा था. जिसकी कीमत बाजार मूल्य 71 करोड़ रुपया है. ईडी की जांच से पता चला है कि इज़हार अंसारी ने कोयला लिंकेज नीति का दुरुपयोग किया है. जिसके तहत कैप्टिव खपत के लिए छोटे और मध्यम उद्यम (एसएमई) को सब्सिडी वाला कोयला आवंटित किया जाता था. इजहार की 13 ऐसी एसएमई फर्मों को 71 करोड़ रुपये के बाजार मूल्य वाला लगभग 86568 टन कोयला आवंटित किया गया था. हालांकि इजहार अंसारी ने उद्योग में उपयोग करने के बजाय कोयले को खुले बाजार में बेच दिया और इससे बड़े पैमाने पर लाभ कमाया. ट्रक ड्राइवर के खिलाफ दर्ज मामले की ईडी ने शुरू की थी जांचईडी ने ट्रक ड्राइवर के सैय्यद सलमानी खिलाफ झारखंड पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी.

### डब्ल्यू टाइप में रहने वालों के नाम भाड़ा या क्रय के आधार पर आवंटन का सीएम ने दिया आश्वासन

# डब्ल्यू टाइप सहित आवास बोर्ड के मकान में रहने वालों को नहीं होगी परेशानी : मुख्यमंत्री

- सर्वे व कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग को लेकर चंपाई से मिले पुरेन्द्र और फ्लैटवासी

**संवाददाता । आदित्यपुर**

डब्ल्यू टाइप सहित आवास बोर्ड के मकान में रहने वालों को कोई परेशानी नहीं होगी. यह आश्वासन मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने दिया है. उन्होंने कहा कि डब्ल्यू टाइप में रहने वालों के नाम भाड़ा या क्रय के आधार पर आवंटन किया जाएगा. बता दें कि डब्ल्यू टाइप फ्लैट के विरुद्ध हो रहे सर्वे-कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग को लेकर सीएम चंपाई से सोमवार को पुरेन्द्र और डब्ल्यू टाइप फ्लैट में रहने वाले लोग मिले हैं. बता दें कि आदित्यपुर आवास बोर्ड अंतर्गत पुराने/जर्जर एवं आवासन हेतु अयोग्य घोषित वीकर सेक्शन फ्लैट्स डब्ल्यू टाइप के विरुद्ध सर्वे जारी है. जिस पर तत्काल रोक लगाने की मांग हो रही है. सोमवार को यहां के लोग संपूर्ण कार्रवाई को रद्द करने की मांग को लेकर डब्ल्यू टाइप संघर्ष समिति के बैनर तले मुख्यमंत्री से मिले हैं. इनका नेतृत्व आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह एवं पूर्व पार्षद रंजन सिंह कर रहे थे. दोनों नेता झीलिंगगोड़ा स्थित आवास पर मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मिलकर उन्हें एक ज्ञापन भी सौंपा है.

बातें सुनने के बाद मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि उनके रहते डब्ल्यू टाइप सहित आवास बोर्ड के मकान में रहने वाले लोगों को कोई परेशानी नहीं होगी. उन्होंने डब्ल्यू टाइप के मकान में रहने वाले लोगों को भाड़ा या क्रय के आधार पर मकान आवंटित किए जाने का भी आश्वासन दिया है. आवास बोर्ड द्वारा पुराना/जर्जर घोषित वीकर सेक्शन वाला डब्ल्यू टाइप फ्लैट्स आवास बोर्ड, जमशेदपुर



मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मिलते पुरेन्द्र व अन्य

प्रमंडल कार्यालय के ठीक सामने स्थित है. डब्ल्यू टाइप में कुल 108 फ्लैट्स हैं, जिसमें फ्लैट्स के आवंटी सपरिवार निवास करते हैं तथा उनके द्वारा नियमित रुप से निर्धारित मासिक किराये का भुगतान भी किया जाता है. साथ ही उनके द्वारा समय-समय पर आपसी सहयोग तथा निजी खर्चे से पुराने और जर्जर हो चुके उक्त फ्लैट्स की मरम्मत और रख-रखाव का काम भी कराया जाता है. परन्तु विभाग द्वारा कराए जा रहे सर्वे के बाद डब्ल्यू टाईप फ्लैट्स में निवास करने वाले लोग भयभीत हैं.

#### सर्वे सरकारी राजस्व की बर्बादी है

पुरेंद्र ने मुख्यमंत्री से कहा कि नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा अधिसूचना संख्या-2652, दिनांक 28.10.2020 के आलोक में निजी एजेंसी के माध्यम से आवास बोर्ड अंतर्गत पुराने/जर्जर एवं आवासन हेतु अयोग्य घोषित रेंटल फ्लैट्स, वीकर सेक्शन फ्लैट्स, स्लम तथा जनता फ्लैट का सर्वे कराया जा रहा है, जो कि जन विरोधी, अनुचित और सरकारी राजस्व की बर्बादी प्रतीत हो रही है. इसकी वजह से यहां के निवासियों में भय और दहशत का माहौल व्याप्त है. उन्हें अपने सिर से छत छिन जाने की चिन्ता सताने लगी है, क्योंकि सर्वे कराने वाली एजेंसी के प्रतिनिधियों द्वारा किए जा रहे सर्वे के क्रम में यह बताया जा रहा है कि पुराने, जर्जर और आवासन हेतु अयोग्य घोषित रेंटल फ्लैट्स को ध्वस्त कर वहां नए फ्लैट्स का निर्माण कराया जाएगा.

#### भाड़ा या क्रय के आधार पर आवंटित हो : पुरेंद्र

पुरेंद्र ने डब्ल्यू टाइप निवासियों संग मुख्यमंत्री से मिलकर नगर विकास एवं आवास विभाग की अधिसूचना संख्या-2652, दिनांक 28.10.2020 के आलोक में पुराने/जर्जर एवं आवासन हेतु अयोग्य घोषित आदित्यपुर-1 स्थित वीकर सेक्शन फ्लैट्स डब्ल्यू टाइप फ्लैट्स में निजी एजेंसी के द्वारा किए जा रहे सर्वे के काम पर तत्काल रोक लगाते हुए संपूर्ण कार्रवाई को रद्द करने की मांग की है. साथ ही डब्ल्यू टाइप फ्लैट्स में रहने वाले परिवारों के नाम से संबंधित फ्लैट को भाड़ा या क्रय के आधार पर आवंटित करने की कार्रवाई सुनिश्चित करने की भी मांग की है. मुख्यमंत्री से मिलने वालों में कमलेश कुमार सिंह, सियाराम शर्मा, रामदास महतो व अन्य शामिल थे.

## न्यूज अपडेट

### हाथी घोड़ा मंदिर के पास दो कार चालक भिड़े



**जमशेदपुर ।** साकची थाना अंतर्गत हाथी घोड़ा मंदिर के पास दो कार चालक बीच सड़क में ही आपस में भिड़ गए. इस घटना के बाद सड़क पर बड़े वाहनों की लंबी कतार लग गई. इस बीच एक कार चालक ने दूसरे कार की चाबी छीन ली और मौके से फरार हो गया. इस दौरान कार में तोड़-फोड़ भी की गई. इधर, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और कार को जब्त कर थाना ले गई. घटना देर रात 12 बजे की बताई जा रही है. जानकारी के अनुसार देर रात जाम लगने के कारण दो कार जाम में फंसी थी. इसी दौरान दोनों कारें आपस में टकरा गई, जिससे विवाद शुरू हुआ. हालांकि इस संबंध में साकची थाना में किसी तरह की लिखित शिकायत नहीं की गई है.

### डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों को किया गया सम्मानित



**घाटशिला ।** नेशनल डॉक्टर्स डे पर अनुमंडल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आरएन सोरेन, डॉ विकास मार्डी, डॉ मीरा मुर्मू एवं मृत्युंजय धावड़िया को झारखंड खान मजदूर यूनियन के प्रतिनिधियों ने सोमवार को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया. मौके पर यूनियन की ओर से वक्ताओं ने कहा कि डाक्टरअपने सुख-दुख को त्याग कर मरीजों के लिए जीते हैं. समाज को रोगमुक्त रखने में अहम भूमिका निभाते हैं, उनके इस योगदान को सेलिब्रेट करना ही इस दिन को मनाने का मकसद है. डॉ. आरएन सोरेन ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समन्वय बनाकर काम करने से निश्चित रूप से मरीजों को कोई परेशानी नहीं होगी.

### यूसिल के चिकित्सकों को यूनियन ने किया सम्मानित



**जादूगोड़ा।** डॉक्टर्स डे पर यूसिल की श्रमिक संगठन यूरेनियम मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष आनंद महतो को अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को नरवा पहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट के चार डॉक्टरों मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कंचन भट्टामिश्रा, डॉ कल्पना खनरा, डॉ निलेश कुमार, डॉ पी आर मांझी को समाज में उनके सराहनीय कार्यों, उनकी सेवा भावना, मानवता के प्रति समर्पण समेत उनके योगदान की सराहना की एवं उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया. सम्मानित करने वाले यूनियन प्रतिनिधियों की ओर से प्रशांत महतो, श्याम छत्री, सोना राम हासदा व चरण किस्कू ने हिस्सा लिया. आनंद महतो ने कहा की डाक्टरों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता.

### विद्यालय के बगल में गंदगी से शिक्षक व बच्चे परेशान



**बहारागोड़ा ।** प्राथमिक विद्यालय जगन्नाथपुर के बगल में आसपास के लोगों द्वारा गंदगी स्कूल के किचन के बगल में फेंक दिया जाता है. इस कारण विद्यार्थी तथा शिक्षक कूड़े के ढेर की बदबू से परेशान रहते हैं. बच्चों को मिड डे मील के तहत मिलने वाला भोजन भी इस कचरे के बगल में बैठकर ग्रहण करना पड़ता है. बरसात के मौसम में कूड़े में से कभी भी कीड़े-मकोड़े भोजन में गिरने की संभावना हमेशा बनी रहती है. उधर स्कूल में चहारदीवारी नहीं होने से बाहर का कचरा भी स्कूल के पास आकर लोग फेंक देते हैं. प्रधान शिक्षक अजीत गिरि तथा बानी दलाई व अध्यक्ष मिहिर दत्त ने बताया कि ग्रामीणों की आपत्ति के चलते चहारदीवारी नहीं बनाया जा सका.

### मानगो में निःशुल्क पतंजलि योग विज्ञान शिविर शुरू



**जमशेदपुर ।** मानगो स्थित पृथ्वी पर्यावरण पार्क में सोमवार से पांच दिवसीय निःशुल्क योग विज्ञान शिविर शुरू हुआ. शिविर का उद्घाटन भारत स्वाभिमान न्यास पूर्वी सिंहभूम के जिला प्रभारी अजय कुमार झा, पतंजलि जिला सोशल मीडिया प्रभारी नरेंद्र कुमार, वरिष्ठ महिला योग शिक्षिका आरती सिन्हा, आयुष विभाग मानगो में कार्यरत योग शिक्षक विपिन कुमार, योग शिक्षिका बबीता देवी और पतंजलि योग प्रशिक्षक अशोक शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. शिविर में पहले दिन 35 साधकों को सूक्ष्म व्यायाम, शिथिलीकरण के अभ्यास, आठ प्रकार के प्राणायाम, यौगिक जॉगिंग और सूर्य नमस्कार विस्तार से बताया गया.

### सर्वाइकल कैंसर जांच शिविर का होगा आयोजन



**घाटशिला ।** अनुमंडल अस्पताल में जुलाई के दूसरे सप्ताह तक गैर संचारी रोग एवं सर्वाइकल कैंसर जांच को लेकर मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा. इस संबंध में सोमवार को अनुमंडल अस्पताल में जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह गैर संचारी रोग के नोडल प्रभारी डॉ. मृत्युंजय धावड़िया ने बताया कि घाटशिला, धालभूमगढ़, बहरागोड़ा, चाकुलिया एवं मुसाबनी प्रखंड के 40 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं का मेंटल हेल्थ, डेंटल चिकित्सा एवं सर्वाइकल कैंसर की स्कैनिंग की जाएगी. मरीज को लाने तथा ले जाने की भी व्यवस्था प्रखंड स्तर पर की जाएगी.

### अवैध बालू लेकर जा रहे हाइवा को किया जब्त



**गुड़ाबांदा ।** रविवार देर रात को गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक अवैध बालू लदा हाइवा को जब्त किया गया है. पुलिस को देखकर हाइवा चालक गाड़ी छोड़कर भाग गया. पुलिस हाइवा (जेएच 05 सीसी 9202) को बालीजुड़ी मुख्य मार्ग से जब्त कर थाना ले गई. इस संबंध में केस संख्या 16/24 तथा धारा 379,314 तहत मामला दर्ज किया गया है. विगत कई दिनों से स्वर्णरेखा नदी से अवैध रूप से बालू का खनन किया जा रहा है. आधी रात को हाइवा से ढुलाई की जाती है. उल्लेखनीय है कि एनजीटी के निर्देश पर अक्टूबर 2024 तक बालूखनन पर रोक है. इसके बावजूद अवैध खनन जारी है. बड़े पैमाने पर अवैध खनन के बावजूद मात्र एक-दो वाहनों के पकड़े जाने पर कई सवाल खड़े किए जा रहे हैं.

## ब्रीफ खबरें

### दिवंगत शिक्षिका शिप्रा स्नेहा को दी गई श्रद्धांजलि

**डुमरिया ।** प्रोजेक्ट गर्ल्स हाईस्कूल परिसर में सोमवार को दिवंगत शिक्षिका शिप्रा स्नेहा महतो को शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई. दो मिनट का मौन रखा गया. विदित हो कि रविवार को विद्यालय अंग्रेजी विषय की सहायक शिक्षिका शिप्रा स्नेहा महतो का रांची में एक सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया था. उनके निधन से पूरे शिक्षा जगत में शोक व्याप्त है. मौके पर मुखिया सुरेश हेंब्रम, विद्यालय की प्रधान शिक्षिका सीमा मलिक समेत छात्राएं व शिक्षक उपस्थित थे. शिप्रा स्नेहा महतो मिलनसार और सरल स्वभाव की शिक्षिका थीं.

### डुमरिया प्रखंड में बढ़ रहे मलेरिया के मरीज

**डुमरिया ।** प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में मलेरिया पॉजिटिव मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है. विगत कई दिनों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मलेरिया के मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं. सोमवार को आस्ताकोवाली पंचायत के कालियाम की छह वर्षीय छिता सोरेन की जांच में मलेरिया पॉजिटिव पाई गई. केंदुआ पंचायत की मुखिया फुलमनी और उनके पति उदय मुर्मू भी मलेरिया पॉजिटिव पाये गये थे. इसके अलावे भीतरआमदा क्षेत्र के कई टोले के ग्रामीणों में मलेरिया के मरीज मिले थे. स्वास्थ्य विभाग की टीम इन क्षेत्रों में लगातार स्वास्थ्य जांच कर रही है.

### क्षेत्रीय भाषा के साथ भेदभाव का आरोप

**घाटशिला ।** आदिवासी हो समाज महासभा अनुमंडल समिति ने जनजाति एवं क्षेत्रीय भाषावार शिक्षक नियुक्ति में त्रुटि के संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी के अनुपस्थिति में सोमवार को कार्यालय अधीक्षक डोमन मरांडी को ज्ञापन सौंपा. मौके पर पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू ने कहा क्षेत्रीय भाषा के लिए शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया और संख्या दोनों के माध्यम से सरकार जनजातीय समाज के साथ भद्दा मजाक करने का काम किया है. पूर्वी सिंहभूम जैसे बड़े जिले में मुंडा समाज के लिए सिर्फ एक शिक्षक, संथाल समाज के लिए 11 शिक्षक क्या पूरे जिले को पढ़ा पाएंगे. 10 बच्चों पर एक शिक्षक देने का प्रावधान है. इस मौके पर पूर्व विधायक के साथ कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे.

### घाटशिला, मुसाबनी में छह घंटे विद्युत रहेगी बाधित

**घाटशिला ।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल घाटशिला की ओर से मंगलवार को घाटशिला, मुसाबनी एवं डुमरिया के विभिन्न सेक्शन से विद्युत आपूर्ति सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक बाधित रहेगी. सहायक विद्युत अभियंता अमरजीत प्रसाद ने बताया कि गालूडीह फीडर, घाटशिला फीडर, हल्लूंग फीडर, डुमरिया फीडर, अस्ति फीडर, रंगामटिया फीडर शामिल है. प्रभावित रहने वाले क्षेत्र काशपानी से नरसिंहपुर तक, घाटशिला कॉलेज रोड, कोर्ट रोड, फुलडूंगरी एवं लालडीह के आसपास, आसन एवं आसपास, टेटाबदिया से परुलिया तक, सेरालडीह से अस्ति घाटी तक तथा डुमरिया पीएसएस से भगाबंधी तक आपूर्ति बाधित रहेगी.

# ऑटो चालकों ने किया थाना का घेराव, प्रदर्शन

### प्रदर्शनकारियों ने आरोपी को रिहा करने का किया विरोध



**खास बातें**

- ओम सिंह को पकड़कर किया था पुलिस के हवाले
- टेम्पो चालको से मारपीट व जबरन वसूली का आरोप
- लिखित शिकायत के बाद भी पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

**संवाददाता । आदित्यपुर**

त्रिपुरारी कॉलोनी निवासी ऑटो चालक ओम सिंह की करतूतों के विरुद्ध टेंपो चालकों ने सोमवार को आदित्यपुर थाना का घेराव और प्रदर्शन किया. चालकों ने आदित्यपुर पुलिस द्वारा आरोपी ओम सिंह को रिहा करने पर विरोध जताया. बता दें कि रविवार को ऑटो चालकों ने ओम सिंह को पकड़कर पुलिस के हवाले किया था. वहां से उसे छोड़ दिया गया. इसके बाद ऑटो चालकों में नाराजगी है. इस संबंध में शिक्षित बेरोजगार ऑटो चालक संघ के संरक्षक राणा सिंह ने बताया कि ओम सिंह अक्सर शराब के नशे में टेंपो चालकों से गाली गलौज और मारपीट करता है और शराब पीने के लिए जबरन जेब से पैसा निकाल लेता है. उसे खर्चा पानी के लिए पैसा नहीं देने पर रोड पर नहीं चलने देने और जान से मारने की धमकी देता है.

इसी तरह की हरकत 29 जून को ओम सिंह ने गम्हरिया के टेंपो चालक मंटू सिंह के साथ किया था. उसके कालर पकड़ कर मारपीट और गाली गलौज कर जेब से पैसे निकाल लिए थे. मंटू सिंह ने इसकी लिखित शिकायत आदित्यपुर पुलिस से की थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की.

इससे उसका मनोबल बढ़ गया. वह खुद को मंत्री का आदमी कहकर धौंस दिखाता है. इससे टेंपो चालकों में रोष है. घेराव में मुख्य रूप से केपी तिवारी, राणा सिंह, अयोध्या गिरि, सुनील सिंह, उमेश सिंह (राधे), जगदीश नारायण चौबे, राजेश तिवारी, विनोद झा, कृष्ण प्रसाद, नवल सिंह, बबलू प्रसाद, गौतम झा, सनी कुमार, कृष्णा, मंटू सिंह अजय यादव आदि मौजूद थे.

# बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार, तीन बाइक बरामद



**संवाददाता । जमशेदपुर**

परसुडीह पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में परसुडीह निवासी महावीर सरदार, महेश सोरेन और आदित्यपुर निवासी आकाश पात्रो शामिल हैं. आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की तीन बाइक को भी बरामद किया है. सोमवार को मामले का खुलासा करते हुए डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर तौकिर आलम ने बताया कि बीते 27 जून को सरजामदा निवासी सुनील कुमार की बाइक चोरी कर ली गई थी.

इस संबंध में शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और शक के आधार पर महावीर सरदार को हिरासत में लिया. पुलिस ने महावीर से पास से एक चोरी की बाइक बरामद की. पूछताछ में महावीर ने महेश और आकाश का नाम बताया. पुलिस ने जब महेश और आकाश को पकड़ा तो उनके पास से सुनील की बाइक के साथ एक और बाइक बरामद की गई. पुलिस ने कुल तीन चोरी की बाइक बरामद की. सोमवार को सभी को जेल भेज दिया गया.

#### गलत दिशा से आ रही कार से जा टकराई टेलर

**जमशेदपुर।** मरीन ड्राइव स्थित एक्सएलआरआई के पास सोमवार दोपहर गलत दिशा से आ रही कार टेलर से जा टकराई. इस घटना में कार के एक साइड का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया. हालांकि इस घटना में किसी को चोट नहीं आई. मौके पर पीसीआर वाहन पहुंची और कार और टेलर को जब्त कर सोनारी थाना ले गई.

# जादूगोड़ा में मिसाल बन चुके हैं पूर्व यूसीलकर्मी रामजन्म

### कर चुके हैं 1200 से अधिक शवों का दाह संस्कार



जादूगोड़ा के मुक्तिधाम में शव का अंतिम संस्कार करते राम जन्म राम

- बीते 30 सालों से उठा रखी है यह जिम्मेदारी

**संवाददाता । जादूगोड़ा**

सेवानिवृत्त यूसील कर्मी रामजन्म राम बीते 30 सालों से शवों के दाह संस्कार का जिम्मा उठा रखा है. उन्होंने अब तक 1200 से अधिक शवों का अंतिम संस्कार कर जादूगोड़ा में नई मिसाल बनाई है. राम जन्म जादूगोड़ा के पहले ऐसे व्यक्ति हैं जो किसी की मौत की खबर सुन जादूगोड़ा मुक्ति धाम पहुंच जाते हैं. मृतक से उनका रिश्ता दूर-दूर तक नहीं होता सिर्फ इंसानियत का रिश्ता समझ शव की अंतिम यात्रा में पहुंच जाते हैं. वह पूरी लगन से शव का दाह संस्कार कर शव के पूरा जलने तक इंतजार करते हैं. जिसके पीछे उसका कोई स्वार्थ नहीं होता. दूसरों के प्रति इंसानियत का रिश्ता उसे मुक्तिधाम तक खींच कर ले आता है. उसके इस जुनून से वे दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत बन चुके हैं. जब कोरोना काल में मृतक के अपने रिश्तेदार शव जलाने से पीछे हट जाते थे, उस कठिन दौर में भी उन्होंने 500 से अधिक शवों का संस्कार कर इंसानियत की जिम्मेदारी निभा कर जादूगोड़ा में एक नई मिसाल बने.

# आजसू पार्टी आंदोलन की उपज : हरेलाल

### रघुनाथपुर में आजसू पार्टी का प्रखंड स्तरीय मिलन समारोह संपन्न

**संवाददाता । चांडिल**

आजसू पार्टी आंदोलन की उपज और जनसेवा की पार्टी है. झारखंड आंदोलन में अहम भूमिका निभाने के बाद राज्य अलग होने पर निरंतर प्रदेश के विकास के लिए आंदोलन कर रही है. उक्त बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो ने कहीं. सोमवार को नीमडीह प्रखंड के रघुनाथपुर में संपन्न हुई आजसू पार्टी के प्रखंड स्तरीय मिलन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी जीवन ईचागढ़ विधान सभा के निवासियों की सेवा में समर्पित है. ईचागढ़ विधानसभा के दामन में लगे दाग को धोना उनका एकमात्र उद्देश्य है.

उन्होंने कहा कि विगत 40 साल से ईचागढ़ की जनता को गैर मतदाता विधायकों ने शोषण किया है. वर्तमान विधायक भी ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास के प्रति गंभीर नहीं हैं. यह क्षेत्र कृषि प्रधान है, लेकिन क्षेत्र में कृषि कार्य के विकास से संबंधित किसी प्रकार का काम नहीं हुआ है. किसानों को अब भी मानसून के भरोसे खेती करना पड़ता है, जबकि चांडिल के सीने में दो-दो विशाल बांध है.



संबोधित करते हरेलाल महतो



सम्मेलन में उपस्थित कार्यकर्ता

समय आ गया है कि सभी को जागरूक होकर, एक साथ मिलकर ईचागढ़ की दशा और दशा बदलना होगा. मिलन समारोह की अध्यक्षता पार्टी के केंद्रीय सचिव वैद्यनाथ महतो ने किया. मौके पर जिला परिषद सदस्य असित सिंह पात्र, नीमडीह प्रखंड अध्यक्ष दिगंबर सिंह सरदार, अमूल्य महतो समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.

**सुविधा**

### विधायक रामदास सोरेन ने 130 विद्यार्थियों के बीच किया साइकिल का वितरण

# छात्र-छात्राओं को मिल रहा कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

- बच्चे समय पर स्कूल पहुंचें और घर लौटें, इसलिए सरकार दे रही साइकिल : विधायक

**संवाददाता । घाटशिला**



घाटशिला प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रामदास सोरेन उपस्थित थे. महिलाओं ने विधायक का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया. कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है, जिसका लाभ छात्र-छात्राओं को मिल रहा है. बच्चे समय से स्कूल जाएं और समय से घर पहुंचें, इसके लिए साइकिल दी जा रही है. छोटे-छोटे बच्चों के लिए स्कूल में भोजन की व्यवस्था की गई है. स्कूल ड्रेस दी जा रही है, ताकि बच्चों का पढ़ाई से लगाव रहे. उच्च शिक्षा के लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड से 16 लख रुपए तक कम ब्याज पर लोन दिया जा रहा है. नौकरी मिलने के बाद आसान किस्तों में पैसा वापस करना है. साथ ही साथ खेल को बढ़ावा देने के लिए सरकार कई प्रतियोगिताएं आयोजित करती है. खेल में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को सीधे नौकरी दी जा रही है.

इतना ही नहीं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी जो आज काफी दयनीय स्थिति में हैं उन्हें सरकार 12 हजार रुपया मासिक पेंशन दे रही है. अंत में 130 विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण किया गया. कार्यक्रम में बीडीओ युनिक शर्मा, जिला परिषद सदस्य कर्ण सिंह, प्रमुख सुशीला टुडू, उप प्रमुख गोपाल कृष्ण अग्रवाल, मुखिया बनाव मुर्मू, पार्वती मुर्मू सहित अन्य उपस्थित थे.

## बच्चों के लिए बिजली विभाग के ईई ने दिया कम्प्यूटर

**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुर की सेताहाका में संचालित सिदो-कान्हू मुर्मू आदिवासी पुस्तकालय की सातवीं वर्षगांठ पर चक्रधरपुर के विद्युत कार्यपालक अभियंता अमित खलखो ने एक कम्प्यूटर सेट एवं प्रिंटर प्रदान किया. अमित खलखो चक्रधरपुर बिजली विभाग में नौकरी के साथ लाइब्रेरी का संचालन भी करते हैं.

अमित खलखो कोल्हान डिजिटल लाइब्रेरी से लंबे समय से जुड़े हुए हैं और लगातार कोल्हान डिजिटल लाइब्रेरी द्वारा संचालित लाइब्रेरी में गरीब और जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर, इन्वर्टर, किताबें आदि जरूरत की चीजें देते आ रहे हैं.

उन्होंने बताया कि गांवों में बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है, बस सुविधाओं की कमी है. इसे कोल्हान डिजिटल लाइब्रेरी द्वारा पूरी करने की कोशिश की जा रही है. शिक्षा ऐसी जरूरत और हथियार है जो किसी की भी जिंदगी को बदल सकती है. मौके पर कोल्हान डिजिटल लाइब्रेरी से जुड़े सदस्य, विद्यार्थी व बिजली विभाग के कर्मचारी मौजूद थे.



कम्प्यूटर देते बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता अमित.

## सदर अस्पताल में ओआरएस एंड जिंक कॉर्नर का उद्घाटन



ओआरएस एंड जिंक कॉर्नर पर मौजूद डॉक्टर व अन्य कर्मचारी.

**संवाददाता । चाईबासा**

सदर अस्पताल चाईबासा में जिंक एंड ओआरएस कॉर्नर का उद्घाटन सोमवार को डॉ मीना कलुन्डिया ने किया. इसमें डॉ बरियल मार्डी, डॉ गगन हेम्ब्रम, अस्पताल प्रबंधक आशीष कुमार एवं अन्य अस्पताल कर्मी उपस्थित थे. डॉ मीना कलुन्डिया ने बताया कि बरसात के मौसम में मौसमी बीमारी साथ में लाते हैं, जिसमें डायरिया एवं डिसेंट्री प्रमुख हैं. इसलिए राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला अस्पताल चाईबासा में भी ओआरएस एंड जिंक कॉर्नर की शुरुआत की जा रही है. इससे आए हुए मरीजों के बीच ओआरएस एवं जिंक के टैबलेट का वितरण किया जा सकेगा. डॉ बरियल मार्डी ने ओआरएस और जिंक टैबलेट का कैसे इस्तेमाल करना है, इसके बारे में मरीजों को बताया और बरसात के मौसम में उन्हें अपना और अपने परिवार का कैसे ख्याल रखना है, इसकी भी जानकारी दी.

### चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल में मनाया गया राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे
## डॉक्टर को भगवान का रूप माना गया है : नरसिंग महतो

- सूर्या नर्सिंग होम में भी केक काट कर मनाया डॉक्टर्स डे

**संवाददाता । चक्रधरपुर**



चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल में नेशनल डॉक्टर्स डे पर उपस्थित डॉक्टर जेजे मुंडू व अस्पताल के अन्य कर्मचारी.

चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल में सोमवार को राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे मनाया गया. चक्रधरपुर के सूर्या नर्सिंग कॉलेज के तत्वावधान में अनुमंडल अस्पताल में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉक्टरों के हाथों केक कटवाया गया. साथ ही उपस्थित अस्पताल के स्वास्थकर्मियों व सूर्या नर्सिंग कॉलेज के शिक्षकों व छात्राओं ने सभी डॉक्टर्स को नेशनल डॉक्टर्स डे की शुभकामानएं दी. इस मौके पर सूर्या नर्सिंग कॉलेज के प्रबंधक नरसिंह महतो ने कहा कि एक डॉक्टर का कार्य बहुत जिम्मेदारी वाला होता है. श्याद इसलिए ही डॉक्टर को भगवान का रुप भी माना गया है. कई बार डॉक्टरों के साथ बदसलूकी इत्यादि की बातें भी सामने आती हैं. ऐसा नहीं होना चाहिए. हमें डॉक्टरों का सम्मान करना चाहिए. कोरोना काल में अपने जीवन को हथेली पर रखकर डॉक्टरों ने अपना काम किया. वहीं अनुमंडल अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम के बाद सूर्या नर्सिंग होम में भी केक काटकर डॉक्टर डे मनाया गया. यहां सूर्या नर्सिंग होम की डॉक्टर एम पॉल, डॉ. रीना गोडसे ने केक काटा. इस मौके पर अस्पताल के डॉक्टर जेजे मुंडू, डॉ दीक्षा सिंघल, डॉ. नेहा कुमारी, सीनियर एएएम कुमारी इंदिरा, किरण मुंडा, सुनीता महतो, सिस्टर सीमा, सूर्या नर्सिंग होम की डॉक्टर एम पॉल, डॉ. रीना गोडसे, सूर्या नर्सिंग कॉलेज की प्रचार्या मीनु मीनाक्षी तिर्की, केएन मुंडू, प्रियंजा महतो समेत सूर्या एएनएम कॉलेज की छात्राएं मौजूद थे.

### सिदो-कान्हू कल्याण समिति ने कलाकारों को किया पुरस्कृत
## सोनुवा के झींगामर्चा गांव में हूल दिवस पर छऊ नृत्य का प्रदर्शन



झींगामर्चा गांव में छऊ नृत्य का प्रदर्शन करते कलाकार.



छऊ नृत्य देखने और मेला में घूमने पहुंचे ग्रामीण.

**संवाददाता । चाईबासा**

जिला हूल दिवस के मौके पर सोमवार को सोनुवा प्रखंड के झींगामर्चा गांव में वीर शहीद सिदो-कान्हू कल्याण समिति, झींगामर्चा के तत्वावधान में छऊ नृत्य सह मेला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में अतिथि के रुप में झामुमो के युवा नेता जगत माझी उपस्थित थे.

रविवार को श्रद्धांजलि सभा के बाद छऊ नृत्य कार्यक्रम आरंभ हुआ, जिसका सोमवार को समापन हुआ. इस अवसर पर रेमेल पूजा समिति बोयकेड़ा की टीम ने नृत्य प्रस्तुत किया. कार्यक्रम में जगत माझी ने कहा कि वीर शहीद सिदो-कान्हू, चांद-भैरव की शहादत से हम युवाओं को प्रेरणा मिलती है. हक, अधिकार, जल, जंगल और जमीन की रक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है. उन्होंने उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया कि झींगामर्चा गांव में कार्यक्रम स्थल पर शेड और दर्शकों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी. इस मौके पर छऊ नृत्य समिति को पुरस्कृत किया गया. साथ ही उपस्थित सभी अतिथि ग्रामीणों के साथ पारंपरिक गीतों पर थिरके. छऊ नृत्य कार्यक्रम सह मेला के समापन पर जदयू जिलाध्यक्ष



छऊ नृत्य के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते अतिथिगण.

विश्राम मुंडा, रीना गोडसोरा, पूर्व मुखिया अजीत माझी, सोहन माझी, राज शेखर मार्डी, ललित माझी, निरंजन माझी, गोराचांद माझी, जोगेंद्र बांकिरा, जगन्नाथ करमा, नायकी करमा, नीलांबर माझी, जर्मन माझी, बोनो सोरेन, तुलसी राम हांसदा, अनिल समेत ग्रामीण उपस्थित थे.

## प्रभु जगन्नाथ हैं मौसीबाड़ी में भक्तों में बांटा जा रहा प्रसाद

**चक्रधरपुर ।** कराईकेला पंचायत के पुरनाडीह दुर्गा मंदिर में रथ यात्रा को लेकर सोमवार को ग्रामीणों की बैठक दुलाल सेन की अध्यक्षता में हुई. बैठक में रथयात्रा की तैयारी को लेकर चर्चा की गई. साथ ही इस दौरान सर्वसम्मति से समिति का पुनर्गठन भी किया गया. जहां अध्यक्ष आशुतोष सेन, उपाध्यक्ष अनंत मंडल, कोषाध्यक्ष अरूप चटर्जी को बनाया गया. बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जब तक प्रभु जगन्नाथ मौसीबाड़ी में रहेंगे तब तक मौसीबाड़ी मंदिर पुरनाडीह प्रांगण में महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा. बैठक में निर्णय लिया गया कि रथ यात्रा को सफल बनाने में सभी लोगों की भागीदारी आवश्यक है. इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि बाबूराम बानरा, प्रशांत साहू, पुजारी शंभू महापात्र, बीजू प्रामाणिक,अरूप चटर्जी, शिवनारायण मंडल, अनंत मंडल, सुनील महांती, रंजीत मंडल, सुबोध रक्षित, गौतम रक्षित, बिपुल रक्षित, गुरा महांती, दीप नारायण मंल, पोरेश मंडल, दिलीप मंडल, शक्ति सेन, लक्ष्मी नारायण मंडल, रयबु मंडल, दिलीप मंडल समेत अन्य मौजूद थे.



पुरनाडीह दुर्गा मंदिर में रथ यात्रा को लेकर आयोजित बैठक.

## नलिता के कुदापी में डुबुल नृत्य कर परंपरा को निभाया



ग्रामीणों के साथ डुबुल नृत्य करते समाज सेवी डॉ विजय सिंह गागराई.

**संवाददाता । चक्रधरपुर**

चक्रधरपुर प्रखंड की सुदूरवर्ती क्षेत्र नलिता पंचायत के कुदापी गांव में स्व. मोहनलाल डांगिल की स्मृति में डुबुल नृत्य का आयोजन किया गया. यहां पारंपरिक गीतों पर मांदर, नगाड़ा व ढोल की थाप पर ग्रामीणों ने सामूहिक नृत्य कर परपंरा को निभाया.

इस दौरान मुख्य रूप से चक्रधरपुर के पीपुल्स वेल्फेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ. विजय सिंह गागराई भी कार्यक्रम में शामिल हुये. साथ ही नगाड़ा बजाकर पारंपरिक गीतों पर ग्रामीणों के साथ जमकर थिरके. इस अवसर पर आदिवासी नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया. गांव के विभिन्न टोलों के काफी अधिक संख्या में ग्रामीण इक्ट्ठा हुए. देर शाम तक पारंपरिक नृत्य का सिलसिला चलता रहा. वहीं कार्यक्रम के अंत में अतिथि डॉ. विजय सिंह गागराई ने नृत्य करने वाली महिलाओं को साड़ी व ढोल तथा नगाड़ा बजाने वाले पुरुषों को गमछा देकर सम्मानित किया. गांव की दिव्या कुमारी, सूरजमनी सामड, जानकी सामड, सोमवारी मिंज, मिनी गिलुवा, सावित्री होनहागा, रानी पूर्ति, मालिन समेत अन्य बेहतर नृत्य पेश करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया. वहीं ढोल व नगाड़ा बजाने वाले पुरुषों में मानकी डांगिल, प्रधान डांगिल, सुगना सोय, शुरु गोप, रामचंद्र कुम्बराई को बेहतर ढोल व नगाड़ा बजाने के लिए उपहार देकर सम्मानित किया गया. मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष रेयमबुल गुंजा, उपाध्यक्ष भगवान डांगील, सचिव सोमनाथ सामड, उप सचिव मोहन डांगील, कोषाध्यक्ष कांडेराम डांगील, उप कोषाध्यक्ष सावन डांगील, कमेटी के सदस्य रेयाउम्बुल गुंजा, बासुलाल गुंजा, मोतीलाल मुंडा, मोहनलाल मुंडा, नारायण समद, कांडेराम डांगील, रामधन सामड, मांगुराम आदि मौजूद थे.

### ब्रीफ खबरें


## बादामपहाड़-पुरी स्पेशल ट्रेन का टाइम-टेबल जारी

**जमशेदपुर ।** रेलवे ने बीते दिनों रथ यात्रा को लेकर बादामपहाड़-पुरी रथ यात्रा स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की थी. अब इस स्पेशल ट्रेन का टाइम-टेबल जारी कर दिया गया है. इस ट्रेन का नंबर 08379/80380 बादामपहाड़-पुरी-बादामपहाड़ है. यह ट्रेन दोनों ओर से दो चक्कर लाएगी. बादामपहाड़ से यह ट्रेन 6 और 14 जुलाई को चलेगी. वहीं पुरी से 8 व 16 जुलाई को चलेगी. यह ट्रेन सुबह 6 बजे बादामपहाड़ से रवाना होगी व रायरंगपुर होते हुए सुबह 8.20 टाटानगर पहुंचेगी. 20 मिनट टाटानगर में रुकने के बाद 8.40 में पुरी के लिए रवाना हो जाएगी और चाकुलिया-झाड़ग्राम और हिजली होते हुए रात 9.15 बजे पुरी पहुंचेगी. वहीं पुरी से रात 2.30 खुलेगी और दोपहर 2.10 बजे टाटानगर और यह ट्रेन शाम 6.15 बजे बादामपहाड़ पहुंचेगी.

## परसुडीह और सीतारामडेरा से दो को किया गिरफ्तार

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर दो अलग-अलग मामलों में परसुडीह और सीतारामडेरा पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है. परसुडीह पुलिस ने पुराने कोर्ट परिवाद के मामले में दो साल से फरार चल रहे आरोपी सोपोडेरा निवासी घनश्याम शर्मा को गिरफ्तार किया है. घनश्याम के खिलाफ साल 2022 में परसुडीह थाना में कोर्ट परिवाद दर्ज कराया गया था. इधर, सीतारामडेरा पुलिस ने भी जनवरी में हुई मारपीट मामले में फरार चल रहे आरोपी कल्याणनगर निवासी भोला नामता को गिरफ्तार किया है. भोला के खिलाफ सीतारामडेरा थाना में 3 जनवरी 2024 को मारपीट का मामला दर्ज कराया गया था. पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार करने के लिए कई बार इनके घर पर छापामारी की थी, लेकिन ये पकड़ में नहीं आते थे.

## भारी वर्षा व घने कोहरे के बीच बिजली नहीं, जनता है परेशान



मेघाहातुबुरु खदान गेट से लेकर शॉपिंग सेंटर रोड पर कोहरा का नजारा।

**संवाददाता । किरीबुरु**

किरीबुरु-मेघाहातुबुरु एवं आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही भारी वर्षा एवं घना कोहरा के बीच बिजली की कटौती ने शहरवासियों को परेशान कर दिया है. भारी वर्षा व घने कोहरे की वजह से शहर की सभी सड़कें वीरान हैं. लोग अपने-अपने घरों में कैद हैं. इस दौरान एक जुलाई की सुबह से ही बिजली गुल है. बिजली नहीं रहने से लोग घर में अंधेरे में रहने को मजबूर हैं. कोहरे की वजह से दिन में भी अंधेरा जैसा नजारा है. शहर का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री व अधिकतम 23 डिग्री तक रहने की उम्मीद है.

सेल प्रबंधन के विद्युत विभाग सूत्रों ने बताया कि नोवामुंडी व किरीबुरु के बीच सारंडा जंगल क्षेत्र में विद्युत लाइन में कहीं खराबी आयी है. स्टाफ वर्षा के बावजूद खराबी वाले स्थान का पता लगाने के लिए पेट्रोलिंग पर गये हैं. मेघाहातुबुरु में 30 जून से ही बिजली नहीं है. किरीबुरु वाले लाइन से ही मेघाहातुबुरु को भी बिजली आपूर्ति की जा रही थी.

## जागरुकता से सर्वाइकल कैंसर से बच सकते हैं : कुलदीप चौधरी

**संवाददाता । चक्रधरपुर**



गोईलकेरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दीप प्रज्ज्वलित करते अतिथि.

पश्चिमी सिंहभूम जिला की गोईलकेरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सोमवार को सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन शिविर एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड एवं वूमेन डॉक्टर विंग आईएमआई झारखंड के तत्वावधान में आयोजित शिविर में पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त (डीसी) कुलदीप चौधरी, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, पोड़ाहाट अनुमंडल पदाधिकारी रीना हांसदा, जिला के सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल, अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अंशुमन शर्मा उपस्थित थे. शिविर का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. इस अवसर पर कुल 130 मरीजों के सर्वाइकल कैंसर की जांच की गयी. साथ ही स्वास्थ्य जांच शिविर में मलेरिया, यक्ष्मा (टीबी) समेत अन्य बीमारियों की जांच की गई. साथ ही बीमारियों से बचाव के संबंध में जानकारी दी गई. इस दौरान उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने सर्वाइकल कैंसर से बचाव संबंधी कई जानकारियां दीं. उन्होंने कहा कि जागरुकता से हम सर्वाइकल कैंसर जैसी घातक बीमारी से बच सकते हैं. इस मौके पर उपायुक्त ने स्टॉप डायरिया कैंपेन का भी शुभारंभ किया. इसके तहत जिले में यह अभियान 31 अगस्त तक चलेगा. मौके पर पोड़ाहाट के डीएफओ आलोक कुमार वर्मा, सहायक समाहर्ता अर्नब मिश्रा, कश्यप आई मेमोरियल अस्पताल की डॉ भारती कश्यप, गोईलकेरा के बीडीओ विवेक कुमार, अस्पताल के डॉक्टर, स्वास्थ्यकर्मी आदि मौजूद थे.

### न्यूज अपडेट

## केन्द्र में 50 किसानों के बीच बांटा कीटपालन उपस्कर



**चक्रधरपुर ।** बंदगांव प्रखंड की राजापारम गांव स्थित अग्र परियोजना केंद्र में कुल 50 तसर किसानों को कीटपालन उपस्कर प्रदान किया गया. इस मौके पर मौजूद प्रखंड कृषि पदाधिकारी विजय जोंको, चक्रधरपुर पी फोर स्टेशन तसर प्रजनन केंद्र के प्रभारी डॉ. टी सैनी, परियोजना पदाधिकारी प्रदीप महतो मुख्य रूप से उपस्थित हुये. यहां तसर कृषकों को कीटपालन उपस्कर में स्प्रे मशीन, गैंता, कुदाल, छाता, दबिया, चूना, ब्लीचिंग पाउडर, फॉर्मलीन, रेनकोट इत्यादि का वितरण किया गया. इस मौके पर प्रखंड के जनसेवक लालसिंह भूमिज, लाल मोहन गोप समेत कार्यालय के अन्य कर्मी व किसान मौजूद थे.

## मीना मार्केट के समीप सड़क दुर्घटना में युवक घायल



**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुर-रांची चाईबासा मुख्य मार्ग के चक्रधरपुर रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे मीना मार्केट के समीप सोमवार को सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया. बताया जाता है कि बड़ाबाम्बो गांव निवासी शिवा हेम्ब्रम सोमवार को पोर्टरखोली स्थित ऑटो स्टैंड में अपनी मां को छोड़कर चक्रधरपुर के मारवाड़ी स्कूल के समीप अपने रिश्तेदार बदरी हेम्ब्रम के घर आया था. लौटने के क्रम में मीना मार्केट के समीप बारिश के कारण उसकी मोटरसाइकिल असंतुलित हो गई. इससे गिरकर वह गंभीर रुप से घायल हो गया. इस घटना में उसके सिर में गंभीर चोट लगी है. स्थानीय लोगों व पत्रकार मजहर ने घायल युवक को अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया.

## मल्टीपल ऑर्गन फेलियर से जूझ रही श्रुति का निधन



**चक्रधरपुर ।** मनोहरपुर मल्टीपल ऑर्गन फेलियर से जूझ रही चक्रधरपुर की श्रुति प्रधान का सोमवार को निधन हो गया. उसका इलाज ओडिशा के भुवनेश्वर में हो रहा था. उसके निधन से चक्रधरपुर वासियों में शोक की लहर है. श्रुति को बचाने के लिए फेसबुक व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए लोगों को जानकारी मिलने पर शहर वासियों ने पूरी एकता के साथ चंदा इकट्ठा कर मदद की. चक्रधरपुर के समाजसेवियों की समूह ने श्रुति के इलाज के लिए एक लाख रुपये उनकी माता अनीता प्रधान के एकाउंट में भेजा था. श्रुति के निधन पर कई सामाजिक संगठनों ने शोक प्रकट किया.

**भयभीत**

### पुलिस की मुखबिरी करने वाले लोगों का लिखा है नाम, डरे हुए हैं स्थानीय लोग
## नक्सलियों की डायरी में दर्ज नामों से कई ग्रामीण परेशान

- पुलिस कई युवकों को बुला कर चुकी है पूछताछ

**संवादाता । किरीबुरू**

गुआ थाना अन्तर्गत लिपुंगा गांव क्षेत्र के जंगल में जून माह में पुलिस मुठभेड़ के दौरान मारे गये पांच कुख्यात नक्सलियों के पास से पुलिस द्वारा एक महत्वपूर्ण डायरी बरामद किया गया था.

बताया जा रहा है कि इस डायरी में नक्सलियों ने अपने सहयोगी से लेकर पुलिस की मुखबिरी करने वाले विभिन्न गांवों के कई ग्रामीणों व युवकों का नाम लिखा हुआ था. इन नामों का खुलासा होने के बाद ग्रामीणों में भय व्याप्त है. पुलिस कुछ युवकों को बुलाकर पूछताछ भी की है. ऐसे ही कुछ लोगों ने बताया कि वह कभी भी पुलिस के लिये मुखबिरी नहीं किये हैं और ना ही नक्सलियों के साथ कभी किसी बैठक या गतिविधियों में शामिल हुये हैं. ऐसी स्थिति में नक्सली उनका नाम अपनी डायरी में कैसे लिखे थे, यह हमारे लिये चिंता का विषय है.



नक्सली का फाइल फोटो.

### नक्सलियों को कर रहे गुमराह

एक युवक ने बताया कि हमें पता चला कि उसका नाम नक्सली अपनी डायरी में पुलिस मुखबीर के रुप में लिखे हैं. यह हमारे लिये चिंता का सवाल है. गांव के लोग व्यक्तिगत दुश्मनी साधने हेतु गलत तरीके से नक्सलियों को गुमराह कर अपने-अपने दुश्मनों को पुलिस का मुखबिर बताकर उनके दुश्मन बना देते हैं, जबकि प्रायः मामलों में कोई सच्चाई नहीं होती है. नक्सली भी सत्यता की जांच किये बगैर गलत तरीके से कार्यवाही करते हैं, जबकि नक्सलियों को भी वास्तविक सच्चाई का पता लगाना चाहिए.

### कई युवक गांव छोड़ कर भाग गए

दूसरी तरफ लिपुंगा की घटना के बाद से लिपुंगा गांव के कई ग्रामीण व युवक अब भी गांव छोड़कर भाग गये हैं. उन्हें भय है कि नक्सली गलत आरोप लगाकर उनके खिलाफ कार्यवाही न कर दें. पहले भी नक्सली इस गांव के कुछ ग्रामीणों की पिटाई गलत तरीके से कर चुके हैं. लेकिन अब ग्रामीणों को लग रहा है कि गांव के बगल में हुई मुठभेड़ में जब पांच नक्सली मारे गये और दो पकडे.गये तो अब भविष्य में नक्सली इस गांव को विशेष रुप से निशाना बना सकते हैं.

## पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले विधायक सुखराम



**चक्रधरपुर ।** जेल से रिहा होने के बाद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव ने रांची जाकर मुलाकात की. इस दौरान विधायक सुखराम उरांव ने झारखंड के राजनीतिक हालातों व आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की. साथ ही पश्चिम सिंहभूम जिला दौरे के लिए आमंत्रित किया. विधायक सुखराम उरांव ने कहा कि षड्यंत्रकारियों को झारखंडी आदिवासी मूलवासी की जन भावना के साथ खेलना भारी पड़ा.

## ब्रीफ खबरें

### जनता दरबार में डीसी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबाद लगाया. इस क्रम में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आए लोगों ने आवेदन के माध्यम से उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया. जनता दरबार में भूमि, सड़क, रोजगार, आवास, विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के लाभ सहित अन्य समस्याओं को लेकर फरियादी आए हुए थे. उपायुक्त ने बारी-बारी से सभी लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया. उपायुक्त ने अधिकारियों को कहा कि मामले की जांच कर जल्द आवयश्यक कार्रवाई करें.

### कटकमसांडी सीओ ने चिप्स लदा हाइवा को जब्त किया

**कटकमसांडी।** प्रखंड क्षेत्र के गदोखर के पगार चौक के पास कटकमसांडी अंचल पदाधिकारी साबित सिंह के नेतृत्व में एक चिप्स लदा हाइवा को पकड़ा गया है. झारखंड में एनजीटी लागू होने के बाद भी प्रखंड क्षेत्र में अवैध खनन किया जा रहा है, जिसके लेकर कटकमसाडी अंचल एवं राजस्व उप निरीक्षक पदाधिकारी बिरजू कुमार मेहता द्वारा पेलावल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. वहीं हाईवा चालक से वैध कागाजत मांगे गये, लेकिन वह किसी तरह का कोई कगाजात प्रस्तुत नहीं कर सका. इसके बाद हाइवा चालक व मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही थी.

### रेल कर्मियों ने जोड़ा तालाब के पास 150 पौधे लगाए

**रामगढ़।** ईसीआरकेयू बरकाकाना शाखा तथा समस्त विभागों के रेलकर्मियों तथा महिला समिति सदस्यों के साझा प्रयास से रेलवे जोड़ा तालाब बरकाकाना के सुंदरीकरण के लिए सात दिवसीय स्वच्छता सह वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया जा रहा है. इसी क्रम में सोमवार को ईसीआरकेयू बरकाकाना शाखा और स्थानीय रेल कर्मियों द्वारा रेलवे जोड़ा तालाब की साफ-सफाई और जीर्णोद्धार की मांग की गई. वहीं, जोड़ा तालाब के पश्चिम भाग की साफ-सफाई करने के साथ 150 से अधिक पौधे भी लगाए गए. सहायक मंडल अभियंता परमानंद प्रसाद ने बताया कि रेलवे परिसर को लगातार बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है. इसमें स्थानीय निवासियों की भूमिका महत्वपूर्ण है.

---

हाईकोर्ट के अंतिम आदेश से प्रभावित हो सकती है प्रारंभिक शिक्षकों की ग्रेड-4 से ग्रेड-7 में प्रोन्नति

# शिक्षकों की ग्रेड-4 से ग्रेड-7 में प्रोन्नति की राह आसान नहीं

- कोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब, अगली सुनवाई 24 जुलाई को
- हजारीबाग की शिक्षिका प्रीति कुमारी ने दायर की थी याचिका




**संवाददाता। हजारीबाग/रांची**

प्रारंभिक शिक्षकों की ग्रेड-7 की प्रोन्नति की राह आसान नहीं लग रही है. इस मामले में एक जुलाई को झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई. दरअसल, हजारीबाग की शिक्षिका प्रीति कुमारी ने जनवरी महीने में हाइकोर्ट में शिक्षकों की ग्रेड-4 से ग्रेड-7 की प्रोन्नति को लेकर याचिका दायर की थी. इस मामले में अंतरिम सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि प्रारंभिक शिक्षकों की ग्रेड-4 से ग्रेड-7 में किसी भी प्रकार की प्रोन्नति कोर्ट के अंतिम आदेश से प्रभावित होगी.

ऐसे में अगर किसी शिक्षक को ग्रेड-4 से ग्रेड-7 में प्रोन्नति मिल भी गई, तो आगे कोर्ट के आदेश से निरस्त भी हो सकती है. इस मामले में सरकार से जवाब मांगा गया है और अगली सुनवाई की तिथि 24 जुलाई निर्धारित की गई है. वादी की ओर से अधिवक्ता चंचल जैन ने कोर्ट में पक्ष रखा.

सुनवाई के बाद उन्होंने बताया कि नियमावली 1953 के अनुसार, प्रारंभिक शिक्षकों को ग्रेड-4 से ग्रेड-7 में प्रोन्नति के लिए पांच साल की काल अवधि चाहिए. सुनवाई के बाद हाइकोर्ट ने अपने अंतरिम आदेश में कहा है कि अगर किसी शिक्षक को ग्रेड-4 से ग्रेड-7 में प्रोन्नति दी जाएगी, तो हाईकोर्ट के अंतिम आदेश से प्रभावित होगी.

**क्या है पूरा मामला**

प्राथमिक शिक्षा निदेशक, झारखंड सरकार का संकल्प पत्र निकला था, जिसमें दो तरह से शिक्षकों को ग्रेड-4 से ग्रेड-7 में प्रोन्नति देने के लिए दो अलग-अलग आदेश निकाले गए थे. एक वह शिक्षक जो ग्रेड-4 में प्रोन्नति से आए और दूसरे वह शिक्षक जो सीधी नियुक्ति से ग्रेड-4 में आए. सरकार के संकल्प पत्र के अनुसार, प्रोन्नत होकर आए शिक्षकों को ग्रेड-7 में प्रोन्नति के लिए पांच साल की काल अवधि और सीधी नियुक्ति के शिक्षकों के लिए 10 साल की काल अवधि निर्धारित की गयी. ऐसे में सीधी नियुक्ति में आयी हजारीबाग की शिक्षिका प्रीति कुमारी ने शिक्षा निदेशक के खिलाफ हाइकोर्ट में याचिका दायर की कि एक ही प्रोन्नति के लिए दो काल अवधि का निर्धारण नहीं हो सकता.

---

# जिला स्तरीय टीएलएम मेला का आयोजन,उमड़ी शिक्षकों की भीड़




टीएलएम मेला का उद्घाटन करतीं उपयुक्त नैंसी सहाय.

**संवाददाता। हजारीबाग**

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में सोमवार को जिला स्तरीय टीएलएम मेला (शिक्षण अधिगम समाग्री) का आयोजन किया गया. मेला का विधिवत उद्घाटन उपायुक्त नैंसी सहाय, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन, डायट के प्राचार्य दीपक कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया.

कार्यक्रम में 16 प्रखंडों के चयनित शिक्षकों के द्वारा निर्मित टीएलएम की प्रदर्शनी लगाई गई. टीएलएम का निर्माण हिंदी, अंग्रेजी व गणित विषय पर आधारित था. टीएलएम का निर्माण जिला नोडल डायट के संकाय रंजीत कुमार वर्मा व महेंद्र कुमार गुप्ता की देख रेख में किया गया. बता दें कि राज्य स्तर पर निपुण समागम 2024 का रांची में पांच जुलाई को आयोजन होना है. इसमें जिला स्तर पर चयनित टीएलएम द्वारा प्रदर्शनी लगाई जाएगी.

---

दिवंगत व्यवसायी की पत्नी व पुत्र कल्पना सोरेन से मिले, सीबीआई जांच की मांग

# दो साल बाद भी सुजीत देव हत्याकांड का खुलासा नहीं

**प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग**

सदर थाना क्षेत्र के गुरु गोविंद सिंह रोड स्थित मनोरमा मार्केट में एक व्यवसायी की वर्ष 2022 में हत्या कर दी गई थी. दो साल बाद भी इस हत्याकांड का खुलासा नहीं हो पाया है. अपराधियों ने शहर के बीचों-बीच व्यवसायी को हत्या कर दी थी. मनोरमा मार्केट सहित सड़क पर भी कई सीसीटीवी कैमरे लगे हुए थे. इसके बावजूद अब तक पुलिस के हाथ हत्यारे तक नहीं पहुंच पाए.

बता दें कि शहर के शिवपुरी इलाके में रहने वाले व्यवसायी सुजीत देव की दुकान गुरु गोविंद सिंह रोड स्थित मनोरमा मार्केट में थी. उनकी हत्या सात जुलाई 2022 की रात अज्ञात अपराधियों ने धारदार हथियार से कर दी थी. इस घटना को हुए लगभग दो साल बीत चुके हैं. मृतक व्यवसायी के परिजन इंसाफ के लिए दर-दर की ठोकर खा रहे हैं. कभी उच्च पदाधिकारी, तो कभी मुख्यमंत्री पास जाकर न्याय की गुहार लगा रहे हैं. परिजनों का कहना कि पुलिस हत्यारे तक क्यों नहीं पहुंच पा रही है, यह समझ से परे है.

दिवंगत व्यवसायी की पत्नी और पुत्र ने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर जाकर कल्पना सोरन से



कल्पना सोरेन से गुहार लगातीं दिवंगत व्यवसायी की पत्नी व पुत्र.

मुलाकात कर न्याय की गुहार लगायी है. इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपने का आग्रह किया है. परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के दो साल बीत गये, पर स्थानीय पुलिस पर केवल टालमटोल कर रही है.

स्व. सुजीत देव के पुत्र ने कहा कि पुलिस की शिथिल कार्रवाई से अपराधियों का मनोबल बढ़ता जा रहा है और व्यवसाइयों को अपराधिययों का भय सताते रहता है.

**खास बातें**

- आज भी खुले में बेखौफ घूम रहे हत्या करने वाले अपराधी
- परिजनों ने लगाया आरोप, कहा- टालमटोल कर रही है पुलिस

### घर में घुस कर चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**हजारीबाग।** सदर थाना पुलिस में घर में घुस कर चोरी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. बता दें कि शनिवार देर शाम विष्णुपुरी निवासी मनोज कुमार के घर में अज्ञात चोरों द्वारा कुछ सामान चोरी कर लिया गया था. इस संबंध गृहस्वामी ने सदर थाना में लिखित शिकायत की थी. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विष्णुपुरी निवासी सुभाष कुमार साव और रामनगर निवासी आर्यन कुमार के रूप में की गयी है. सदर थाना प्रभारी सपन कुमार महथा ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में पुलिस को दो लोगों की पहचान की गयी. इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी, जिसने उन्होंने अपनी संलिप्तता स्वीकार की. इनकी निशानदेही पर चोरी किये गये सामान भी बरामद कर लिए गए हैं.

### गोला में बीएम सेवा सदन को सील किया गया

**रामगढ़।** राज्य स्तर से प्राप्त निरीक्षण प्रतिवेदन में की गई अनुशंसा के आलोक में उपायुक्त चंदन कुमार ने बीएम सेवा सदन, गोला का क्लीनिकल रजिस्ट्रेशन एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया है. साथ ही 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है. इसे लेकर सोमवार को जिला प्रशासन द्वारा बीएम सेवा सदन को सील कर दिया गया. अब सात जुलाई तक यहां किसी भी तरह की चिकित्सीय कार्य पर पूरी तरह से निषेध रहेगा. उपायुक्त ने कहा है कि चिकित्सीय संस्थानों के संचालन हेतु निर्धारित दिशा निर्देशों व नियमों का अनुपालन सुनिश्चित नहीं करने वाले स्वास्थ्य संस्थानों पर कार्रवाई की जायेगी. गौरतलब है कि क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट अंतर्गत राज्य एवं जिला स्तरीय टीम के द्वारा संयुक्त रूप से चिकित्सीय संस्थानों का निरीक्षण किया गया था. इस क्रम में बीएम सेवा सदन, गोला में भारी अनियमितता पायी गयी थी. इसके बाद उपायुक्त ने कार्रवाई का निर्देश दिया था.




# महिला सशक्तीकरण सरकार का मकसद : सत्यानंद भोक्ता



लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण करते श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता.

**संवाददाता। चतरा**

राज्य के उद्योग, श्रम, नियोजन व कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने चतरा जिले के कान्हाचट्टी व कुंदा प्रखंड में सरकारी योजनाओं का जायजा लिया. उन्होंने अधिकारियों को सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने का निर्देश दिया. साथ ही प्रखंड कर्मियों को जरूरी काम से कार्यालय आने वाले लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने को कहा.

मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार गरीबों के कल्याण के लिए बेहद संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है. सैकड़ों जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं. सभी वर्गों को योजनाओं का लाभ दिलाने का हर संभव प्रयास भी किया जा रहा है. महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना सरकार का मकसद है. इसी उद्देश्य से सरकार ने 21 वर्ष से 50 वर्ष तक की महिलाओं को एक हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन देने का निर्णय लिया है और इसकी शुरुआत भी कर दी गई है.

समारोह में मंत्री ने लाभुकों को अबुवा आवास, सर्वजन पेंशन, श्रम निबंधन कार्ड, जॉब कार्ड, छात्रवृत्ति, साइकिल वितरण समेत अन्य कल्याणकारी योजनाओं का स्वीकृति पत्र व करोड़ों रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण किया. मौके पर बीडीओ विवेक कुमार, सीओ शंभु राम, नवल किशोर यादव, मंत्री के प्रतिनिधि अजय राम, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव भोक्ता, बैजनाथ यादव समेत कई गणमान्य मौजूद थे.

**खास बातें**

- श्रम मंत्री ने कान्हाचट्टी व कुंदा में किया परिसंपत्तियों का वितरण
- महिलाओं को एक हजार रुपये प्रतिमाह दी जाएगी पेंशन

### बच्चों के बीच स्टेशनरी सामग्री का वितरण

**हजारीबाग।** हजारीबाग सीए एसोसिएशन द्वारा दिव्यांग आवासीय विद्यालय के बच्चों के बीच पेंसिल, कॉपी, मिठाइयां, बिस्कुट, टॉफी आदि का वितरण किया गया. इस दौरान बच्चों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली. एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि प्रत्येक वर्ष चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस पर ऐसे सेवा के कार्य किए जाते हैं. मौके पर सीए विनीत अग्रवाल, अमन अग्रवाल, बादल गोयल आदि शामिल थे.

---

हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट राइफल टूर्नामेंट का समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह

# शूटिंग में अच्छा प्रदर्शन कर रहे बच्चे : डीआईजी

**संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट राइफल टूर्नामेंट का समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह सोमवार शाम को संपन्न हुआ. समारोह में बतौर मुख्य अतिथि डीआईजी सुनील भास्कर एवं विशिष्ठ अतिथि जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम, समाजसेवी मुन्ना सिंह, उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, हरिश श्रीवास्तव, आदर्श कुमार सिंह उपास्थित थे. डीआईजी समेत अन्य अतिथियों ने विजेताओं को गोल्ड, सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल देकर सम्मानित किया.

इस अवसर पर डीआईजी ने कहा कि हजारीबाग जिला राइफल एसोसिएशन की अच्छी प्रेरणा व सुविधा की वजह से जिले के बच्चे अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं. बच्चे जिला में अच्छा प्रदर्शन करेंगे, तो राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर खेलेंगे और जिला और राज्य का नाम रोशन करेंगे. वहीं, ब्रिगेडियर



पुरस्कार वितरण समारोह में डीआईजी व अन्य.

**खास बातें**

- गोल्ड, सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल से सम्मानित किये गए विजेता
- बच्चों का बेहतर प्रदर्शन गर्व की बात है : ब्रिगेडियर राजेश

राजेश केरल ने कहा कि अपने ही जिला में शूटिंग रेंज होना और लोकल बच्चों का दिलचस्पी लेकर शूटिंग में अच्छा प्रदर्शन करना, जिले के लिए गर्व की बात है. समाजसेवी मुन्ना सिंह ने एक-एक बच्चे को तीन-तीन मेडल लेते देख बहुत ही गर्व महसूस होने की बात कही. मौके पर मार्गदर्शक बबलू सिंह, सुब्रतो राय, सुनील सिंह, सुनील श्रीवास्तव, तेजबल सिंह, आकाश शूटिंग के संचालक संदीप कुमार, ट्रेनर सह कोच राहुल रविदास, तनवीर, रिद्धि गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

### ग्राम स्वराज के बिना आजादी अधूरी : शांतनु

**रामगढ़।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की ग्राम स्वराज यात्रा 13वें दिन गोला प्रखंड के हप्पू से शुरू हुई. इस क्रम में बांदा, पिपराजरा, खैराजरा, मुरमुटा, सिंगारी, डुमरडीहा, परसाडीह, केवट टोला, सीसाटांड़, टूगरीडीह, मुरपा, जोभीया कोरामबे और भूभूई में जनसंपर्क किया गया. राजीव गांधी पंचायती राज के प्रदेश उपाध्यक्ष शांतनु मिश्रा ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि देश में पंचायत राज को पूर्ण अधिकार अभी तक नहीं मिले हैं. वर्ष 1973 और 1974 में संशोधन के बाद पंचायत को संवैधानिक अधिकार तो मिल गए, लेकिन आज भी जमीन पर वह अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं. पंचायत को अधिकार दिए बिना ग्राम स्वराज नहीं आ सकता है. जब तक ग्राम स्वराज नहीं आएगा, तब तक इस देश में गांव में आजादी अधूरी है. पूरी आजादी के लिए ग्राम स्वराज जरूरी है. सरकार को ग्राम स्वराज देना होगा. पंचायती राज ही सत्ता के विकेंद्रीकरण का रास्ता है.

---

समस्याओं को लेकर चितरपुर प्रखंड कार्यालय पर आजसू ने बोला हल्ला

# भ्रष्टाचार में लिप्त है सरकार: आजसू

**संवाददाता। रामगढ़**

चितरपुर प्रखंड कार्यालय के समीप सोमवार को आजसू पार्टी ने हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया. इस दौरान मुख्य रूप से आजसू के केंद्रीय सदस्य सह कार्यक्रम प्रभारी अमृतलाल मुंडा मौजूद थे. उन्होंने कहा कि वर्तमान की झारखंड सरकार भ्रष्टाचार में पूरी तरह से लिप्त है. पंचायत से लेकर मुख्यमंत्री सचिवालय तक भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है.

उन्होंने आगे कहा कि राज्य में हत्या, लूट खसोट, चोरी, डकैती चरम पर है. झारखंड की जनता सब देख रही है. आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता इस सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी. कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, वरिष्ठ नेता इंतेखाब आलम, युवा नेता पीयूष चौधरी, प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष भानुप्रकाश महतो,



चितरपुर प्रखंड कार्यालय के समक्ष हल्ला बोल कार्यक्रम में शामिल आजसू नेता.

**खास बातें**

- बीडीओ के नाम बड़ा बाबू को सौंपा 11 सूत्री मांग पत्र
- लगाया आरोप-लूट -खसोट, हत्या, चोरी, डकैती चरम पर

सुशीला देवी आदि ने भी संबोधित किया. धरना प्रदर्शन के बाद चितरपुर बीडीओ ने नाम 11 सूत्री मांग पत्र बड़ा बाबू संजय नायक को सौंपा गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर नायक व संचालन प्रखंड सचिव दशरथ महतो ने किया.

मौके पर मंजूर खान, संतोष महतो, विक्की चौधरी, अनुराग भारद्वाज, सुबीन तिवारी, सतीश कुमार, महेंद्र महतो, मलेश्वर नायक, अशोक राम बेदिया, अब्दुल हकीम, रजनी राज, महेंद्र महतो, सुराली महतो, नीना देवी, मनोरमा देवी, रजनी राज सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे.

### मासिक गुरु गोष्ठी में बीडीओ का स्वागत किया

**चौपारण।** प्रखंड सभागार में प्रखंड के सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापकों के साथ मासिक गुरु गोष्ठी आयोजित की गई. अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राकेश कुमार ने किया. गोष्ठी का शुभारंभ चौपारण बीडीओ सीमा कुमारी ने किया. उन्होंने सभी विद्यालयों को बेहतर शिक्षण कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी. इसके लिए विद्यालय को सदैव समर्थन करने की बात भी कही. वहीं अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ, चौपारण इकाई के अध्यक्ष कमलेश कमल आदि शामिल थे.

**Affidavit**

I, **Sharmila Kumari** @ Sharmila Devi, aged about 31 Yrs, W/o Abhay Kumar, by faith Hindu, by occupation Housewife, by Nationality Indian a residing of Pochra, P.O.- Barkakana, P.S. - Patratu, Dist.- Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and state on oath as follows :-

1. That I am the deponent herein.
2. That my name is Sharmila Kumari @ Sharmila Devi.
3. That I am known by both the above mentioned names.
4. That I hold a R.D Account with Barkakana Post Office bearing **A/c No. 27179** and therein, my name is mentioned as sharmila Kumari.
5. That my Aadhaar Card (8667 7038 6613) bears my name as **Sharmila Devi**.
6. That both names **Sharmila Kumari** and **Sharmila Devi** pertain to one and the same person i.e. me.
7. That nothing material to the matter is either suppressed or concealed.
8. That this Affidavit is being sworn to apprise the concerned authority of the above mentioned information.

**Affidavit No. 2246**
**Dt. 07.05.2024**

---

**तैयारी** डेंगू से बचाव और उसके रोकथाम के लिए शहर में निकाली गयी जनजागरूकता रैली

# सफाई व जलजमाव रोकने से डेंगू से होगा बचाव : डॉ. कपिलमुनि

**संवाददाता। हजारीबाग**

डेंगू जागरूकता माह को लेकर जिला वीबीडी कार्यालय, हजारीबाग की ओर से सोमवार को जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया. जिला वीबीडी पदाधिकारी डॉ. कपिल मुनि प्रसाद ने रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया. रैली में शहरी क्षेत्र की सभी सहिया, बीटीटी एवं एएनएम की सभी प्रशिक्षुओं ने भाग लिया. इसक्रम में सदर अस्पताल परिसर से शहरी क्षेत्र के प्रमुख मार्गों में जागरूकता अभियान चलाया गया.

डेंगू रोग से बचाव हेतु प्रसार-प्रसार के तहत पोस्टर व हैंड बिल



जनजागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाते डॉ. कपिल मुनि प्रसाद व मौजूद अन्य.

देकर लोगों को जागरूक किया गया. डॉ. कपिलमुनि प्रसाद ने बताया कि मौनसून काल में डेंगू का प्रकोप बढ़ जाता है. इससे बचाव के लिए साफ-सफाई रखना, घर के आसपास पानी जमा नहीं होने देना, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करना अतिआवश्यक है.

इस बीमारी से बचाव हेतु शहरी क्षेत्र में नारियल, डाभ की खोपड़ी एडिज मच्छर का प्रमुख प्रजनन स्थल है. उन्होंने हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वैसे सभी स्टॉल जहां नारियल, डाभ की खोपड़ी भंडारित की जाती है, उन्हें नष्ट कराने को कहा है. रैली में जिला वीबीडी कार्यालय, शहरी मलेरिया योजना, जिला आरसीएच कार्यालय एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के कर्मचारियों ने भाग लिया.

**खास बातें**

- पोस्टर व हैंड बिल देकर लोगों को जागरूक किया गया
- सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करना अतिआवश्यक

# आदर्श डीएवी स्कूल के बच्चों ने चलाया नशामुक्ति अभियान



नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकालते स्कूली छात्र-छात्राएं.

**संवाददाता। विष्णुगढ़**

आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सोमवार को नशामुक्ति जागरूकता रैली निकाली. इसमें सैकड़ों की संख्या शामिल विद्यार्थी हाथों में बैनर पोस्टर लिए हुए थे. रैली की अगुवाई प्रबंधन समिति के निदेशक राणा इकबाल खान, प्रबंध निदेशक सागर कुमार, प्राचार्य दिग्विजय नारायण कर रहे थे. रैली विष्णुगढ़ की सड़कों और चौराहों से गुजरती हुई आमजनों को नशामुक्ति का संदेश दे रही थी. विद्यालय के प्रबंध निदेशक सागर कुमार ने कहा कि शराब, सिगरेट, तंबाकू से कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियां होती हैं. नशे की लत से जीवन के साथ साथ धन की भी हानि होती है.

## सवालों के बीच नयी न्याय संहिता

इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने नयी न्याय संहिता और साक्ष्य कानूनों पर फिर से बहस कराने और पूरी समीक्षा की मांग की है. देश के कानूनविदों का एक समूह भी इन कानूनों की पूरी समीक्षा की मांग कर रहा है. बावजूद इसके पिछली लोकसभा में पारित नये कानूनों के सोमवार से लागू होने के साथ ही भारत में नए तरीके के पुलिस राज के प्रयोग को ले कर बहस तेज हो गयी है. भारत को 'लोकतंत्र की जननी' कहने वाली सरकार ने जिस न्याय संहिता को लागू करने का ऐलान किया है, उससे नागरिकों पर पुलिस के जरिये उसका सख्त पहरा बैठ जायेगा. अनेक न्यायविद एवं वकालत के पेशे में रहने वाले भी इस परिवर्तित संहिता से खौफ़ज़दा दिख रहे हैं. उनका मानना है कि नये कानून पुलिस के हाथ मजबूत करेंगे और नागरिकों को न्याय मिलने की आशाएं धूमिल हो जायेंगी. न्याय पाना और भी कठिन हो जायेगा, जो पहले से दुरूह है. भारत के सन्दर्भ में पहले ही कहा जाता है कि यहां की न्यायिक प्रक्रिया अपने आप में सज़ा पाने से कम नहीं है, जिसमें दोषी व निरपराध दोनों एक सरीखे पिसते हैं. सिर्फ पहुंच और पैसा राहत देता है- निर्दोष को भी, अपराधी को भी. वैसे तो नये कानूनों को लेकर पहली आपत्ति यही की गई है कि अपराधों को दर्ज करने से लेकर मुकदमे चलाने संबंधी धाराओं का अभ्यस्त होने में पुलिस अधिकारियों, वकीलों व जजों को काफी समय लग जायेगा. न सिर्फ समझना, बल्कि उसकी व्याख्या करना व कोर्ट के समक्ष उसे प्रस्तुत करना अपने आप में बड़ी कवायद होगी, जिसका खामियाजा और किसी को नहीं, वरन मामले के पक्षकारों को भुगतना होगा. पहले से लाखों की तादाद में न्यायालयों में लम्बित मामलों के ढेर का बढ़ता जाना तय है. अब तक जिन धाराओं के अंतर्गत विभिन्न अपराधों को परिभाषित किया गया था, वे सभी सम्बन्धित एजेंसियों एवं पेशेवरों की ज़ुबानों पर रटे हुए थे. अब इसके क्रमांक भी बदल दिये गये हैं. अनेक की परिभाषाएं एवं व्याख्याएं भी बदल गई हैं. इनकी सज़ाओं में भी बदलाव कर दिये गये हैं. यह तो रहा नये कानूनों का व्यावहारिक पक्ष, लेकिन जिन इरादों के साथ ये कानून लाये गये हैं और जैसा उनका प्रभाव पड़ने जा रहा है, वह कहीं अधिक भयावह है. उनमें से कुछ का उल्लेख किया जाना समीचीन होगा. पुलिस व न्यायिक अभिरक्षा में आरोपी को रखने की वैध मियाद को 15 दिनों से बढ़ाकर अब 90 दिनों तक कर दिया गया है. 'राजद्रोह' शब्द तो नयी न्यायिक संहिता से हटा दिया गया, लेकिन बहुत से नये आधार बनाकर लोगों को जेलों में बंद कर मुकदमा चलाना आसान तथा जमानत प्रक्रिया को कठिन बना दिया गया है. देश की एकता व अखंडता को नुकसान पहुंचाने वाले कृत्यों के खिलाफ लाये गये कानून अप्रत्यक्ष रूप से सरकार के खिलाफ उठने वाली आवाज़ों को खामोश करने का बढ़िया ज़रिया बन जा सकते हैं. यह धारा लगाने का विवेकाधिकार भी अपेक्षाकृत निचले स्तर के अधिकारी के पास हो गया है. इनमें भी लम्बे समय तक जमानत न मिलने के प्रावधान कर दिये गये हैं.

> पहले से लाखों की तादाद में न्यायालयों में लम्बित मामलों के ढेर का बढ़ता जाना तय है. अब तक जिन धाराओं के अंतर्गत विभिन्न अपराधों को परिभाषित किया गया था, वे सभी सम्बन्धित एजेंसियों एवं पेशेवरों की ज़ुबानों पर रटे हुए थे. अब इसके क्रमांक भी बदल दिये गये हैं.

### सुभाषित

**पुस्तकस्था तु या विद्या परहस्तगतं धनम् ।**
**कार्यकाले समुत्पन्ने न सा विद्या न तद् धनम् ॥**


ज्ञान यदि पुस्तक में ही रहे (अर्थात् उसे पढ़ा न जाए) और स्वयं का धन यदि किसी अन्य के हाथों में हो तो आवश्यकता पड़ने पर उस ज्ञान और धन का उपयोग नहीं किया जा सकता. आशय यह है कि पुस्तक को पढ़ने से ही ज्ञान मिलता है, केवल रखने से नहीं.

# संविधान, लोकतंत्र और रोजगार

**इतिहास का आयुधीकरण के लिए दवा में ही जहर घोलने जैसा होता है. लोकतंत्र की जान के हजार दुश्मन हैं! आम चुनाव के नतीजों के बाद की बदली हुई राजनीतिक परिस्थिति में वर्तमान की दशा और दिशा क्या है? दशा और दिशा तो पिछले दिनों कई बार लोकतंत्र और लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुकूल नहीं बनी रह सकी. भारत के लोग हमेशा दृश्य–अदृश्य भय के वातावरण में जीने के लिए मजबूर होने लगे. यह भय केवल मानसिक नहीं था, बल्कि वास्तविक था.**



• देश-काल



प्रफुल्ल कोलख्यान

आम चुनाव 2024 बहुत ही प्रतिकूल परिस्थिति में संपन्न हुआ. केंद्रीय चुनाव आयोग की भूमिका बहुत ही पक्षपातपूर्ण और विवादास्पद रही, लेकिन अब यह सब इतिहास का अंग बन गया है. भारत के लोकतंत्र के इतिहास में इस आम चुनाव को विशेष तौर पर याद किया जायेगा. बात इतिहास की है, भारत के लोकतंत्र के इतिहास में 26 जून 1975 की तारीख भी दर्ज है! इस तारीख को इसलिए याद किया जाता है कि भारत के इतिहास में इसी दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भारत में आंतरिक आपातकाल थोपा गया था. 26 जून 1975 को प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में इमर्जेंसी लगाई थी. आंतरिक आपातकाल लगाने के चाहे जो भी कारण रहे हों, उनके शासन की चाहे जो भी उपलब्धियां रही हों, आंतरिक आपातकाल लगाने और उस दौरान हुई ज्यादतियों के लिए कोई भी सफाई पर्याप्त नहीं हो सकती है. जो हुआ था, लोकतंत्र और नागरिक अधिकार की दृष्टि से बहुत बुरा हुआ था. इस राजनीतिक घटना के उनचास साल पूरे हो गये. पचासवां साल शुरू हो गया है. इस बीच 'राजनीति की पवित्र गंगा' में बहुत पानी बह गया है. बार-बार आपातकाल की बात उठाई जाती है, जो बिल्कुल स्वाभाविक ही है. आपातकाल की बात को सिर्फ राजनीतिक आरोप की तरह से उछालकर आगे बढ़ जाने की कोशिश करना, इतिहास के राजनीतिक संकट के पहाड़ को ढेले की तरह का इस्तेमाल है. यह कोई छोटी-मोटी घटना नहीं थी, बार-बार इसके कारण और प्रभाव पर विचार किया जाना चाहिए.

यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि इमर्जेंसी का प्रभाव बहुत बुरा था. ऐसे लोग अभी जिंदा हैं, जिन्होंने इमर्जेंसी को देखा और झेला था. लेकिन सत्ताधारी दल या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब इसकी याद दिलाते हैं तो उनका मकसद क्या होता है? अधिकतर मामलों में अपने किसी असंगत या जन-विरोधी कार्य को जायज या हल्का ठहराना ही उनका मकसद होता है. वे जवाब अपने राजनीतिक विरोधियों को देते हैं. यह देश और इस देश के लोग राजनीतिक दलों की संपत्ति नहीं हैं. जवाब तो जनता को चाहिए होता है. किसी न किसी को एक थप्पड़ रसीद किया हो, तो उसका ऐसा करना किसी अन्य को वैसा ही कुछ करने का औचित्य सिद्ध नहीं करता है. यह ठीक है कि आपातकाल बहुत बुरा था, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि भारत के लोकतंत्र के साथ उससे ज्यादा बुरा कुछ नहीं हो सकता है. इतिहास ने साबित कर दिया कि इंदिरा गांधी के घोषित आंतरिक आपातकाल से भी बुरा सलूक भारत के लोकतंत्र और नागरिकों के साथ हो सकता है. आंतरिक आपातकाल लगाने के लिए भारत के लोगों ने इंदिरा गांधी को माफ नहीं किया था, सजा दी थी. वे आंतरिक आपातकाल में हुए आम चुनाव हार गई थीं. राजनीतिक परिस्थिति बदली और जनता ने इंदिरा गांधी को इमर्जेंसी की ज्यादतियों के लिए माफ कर दिया और अगले ही चुनाव में वे फिर से सत्तासीन कर दी गई. अब यह इतिहास है. इतिहास में सीखने के लिए बहुत कुछ होता है, यदि कोई सीखना चाहे! कोई कुछ नहीं सीखना चाहे, न सीखे. लेकिन इतिहास के किसी अध्याय के आयुधीकरण से वर्तमान की समस्याओं का हल नहीं निकल सकता है. इतिहास न तो मुंह चुराने की जगह देता है और न प्रतिशोध का अधिकार. इतिहास का आयुधीकरण के लिए दवा में ही जहर घोलने जैसा होता है. लोकतंत्र की जान के हजार दुश्मन हैं! आम चुनाव के नतीजों के बाद की बदली हुई राजनीतिक परिस्थिति में वर्तमान की दशा और दिशा क्या है? दशा और दिशा तो पिछले दिनों कई बार लोकतंत्र और लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुकूल नहीं बनी रह सकी. भारत के लोग हमेशा दृश्य-अदृश्य भय के वातावरण में जीने के लिए मजबूर होने लगे. यह भय केवल मानसिक नहीं था, बल्कि वास्तविक था. कोविड और किसान आंदोलन के कारण बने वातावरण में सरकार की संवेदनहीनता और गैर-जवाबदेह व्यवहार और पेपरलीक के प्रति सरकारी रवैया कुछ भी लोकतांत्रिक अपेक्षाओं के अनुकूल नहीं था. कानून और संवैधानिक संस्थाओं के सत्ता-समर्थित मनमानेपन का ऐसा नजारा सामने आने लगा कि लोगों के सामने शांति और सुरक्षा की पूर्व-शर्त खामोशी बन गई.

लोकतंत्र की शक्ति अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में निहित होती है, खामोशी की बाध्यता लोकतंत्र के बुझने का लक्षण होता है. लोकतंत्र के प्रति सरकार का रुख और रवैया जन-विरोधिता की हद पार करने लगा. देश के आम मतदाताओं ने राजनीति के 'राममय वातावरण' में भी ऐसा फैसला दिया कि अयोध्या और आस-पास की सारी सीटें भारतीय जनता पार्टी हार गई. लोगों ने वोट के माध्यम से बता दिया कि उसके लिए त्रेता के रामराज से अधिक महत्त्वपूर्ण संविधान-सम्मत जनराज है. 'आध्यात्मिक राष्ट्रवाद' से बहुत अधिक महत्त्वपूर्ण है संविधान-सम्मत जनवाद; हर हाल में 'संविधान-सम्मत जनवाद'. नरेंद्र मोदी अपनी मनोवृत्ति के मुताबिक लगातार टकराव की मुद्रा में ही दिखते रहे हैं. यह सही है कि सरकार को संसद के बहुमत का समर्थन प्राप्त होता है. सरकार के विधायी काम-काज के लिए संसदीय गतिविधि की प्रसन्नता की जरूरत होती है. स्वाभाविक है कि सरकार को संसदीय सहयोग के लिए मनोनुकूल स्पीकर चाहिए. मनोनुकूलता का मतलब पक्षपातपूर्ण रुख और रवैया नहीं होता है. प्रतिपक्ष की बात सरकार सुने और अपने क्रिया-कलाप में जरूरत के अनुसार शामिल करे, न कर पाने की स्थिति में प्रतिपक्ष के सामने अपना पक्ष रखे. यह स्वस्थ संसदीय व्यवहार नहीं हो सकता है कि प्रतिपक्ष की बात को मनमाने तरीके से संसदीय कार्रवाई से ही निकाल दे. बदली हुई परिस्थिति में सरकार और प्रतिपक्ष के बीच संवाद में स्पीकर की सकारात्मक और निष्पक्ष भूमिका की उम्मीद की जानी चाहिए. लक्षण तो ठीक नहीं दिख रहे हैं, लेकिन अभी देखना बाकी है कि यह उम्मीद कितनी पूरी होती है. लोकतंत्र की अनुकूल-सदाशयता काम करती रहती है या फिर राजनीतिक-धूर्तता ही सिर चढ़ी रहती है. यह सब बाद में पता चलेगा. बाद में, लेकिन बहुत जल्दी पता चल जायेगा.

**(ये लेखक निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## जीवन और त्याग

एक बच्चा सबसे पहले अपनी माता की गोदी को चाहता है. यदि उसमें कोई अन्य बैठ जाता है तो उसे दुःख होता है. बालक कुछ बड़ा होता है वह गोदी का त्याग करता है और किसी खिलौने से मोह करने लगता है. यदि उसी खिलौने को कोई ले लेता है तो वह रोता है. बालक कुछ और बड़ा होता है वह खिलौने का भी त्याग करता है और घर से बाहर निकल कर मित्रमंडली से जुड़ जाता है. यदि उस मित्रमंडली को उसे छोड़ना पड़ता है तो उसे दुःख होता है, किन्तु अपने विकास के लिये वह उसका भी त्याग करता है. त्याग असल मायनों में वह जो विकास की सीढियां चढ़ाए. 'त्याग' का मतलब यह नहीं कि मूलभूत वस्तुओं का भी त्याग कर दिया जाये. भोजन त्यागकर शरीर सुखाया जाये. शीत में वस्त्र का त्याग, ईश्वर प्राप्ति के लिए घर त्यागकर जंगल-जंगल भटकना-हठयोग में जरूर ये बातें स्वीकृत हैं. किन्तु भोजन, वस्त्र, आवास का त्याग करने वाले सच्चे त्यागी नहीं. अपितु अपने उद्देश्य को ध्यान में रखकर ग़ैर-जरूरी वस्तुओं से मोह त्यागना ही वास्तविक त्याग है. जब किसी छोटे बच्चे के लिए खिलौना निरुपयोगी हो जाता है, तब यदि वह उस खिलौने को किसी अन्य जरूरतमंद बच्चे को दे देता है ,वह उसका त्याग है. खिलौना यदि वह फिर भी अपने पास रखे रहता है तो वह मोह है. जब धनवान व्यक्ति जरूरत से अधिक धन को अभावग्रस्त लोगों को दान में देता है तब वह उसका त्याग है. लेकिन यह त्याग भी प्रपंची है. बच्चा खिलौना निरुपयोगी होने से पहले जरूरतमंद बच्चे को अर्पण नहीं करेगा. जब सभी दृष्टिकोण से अनुपयोगी प्रतीत होगा, तभी दान करेगा. यह त्याग कहां हुआ? त्याग तो तब है, जब उसे अनवरत आनंद मिलते हुए भी उस आनंद का हिस्सा किसी उदास की झोली में डाल दे और प्रसन्नवदन से आनंद त्याग मोल ले ले. उसी तरह आवश्यक्ता से अधिक धन वाला जानता हो कि एक करोड की पूंजी में से 100 रुपये के त्याग करने पर मेरा रोम भी नहीं हिलने वाला, 100 रुपये का दान करता है तो कैसा त्याग? यह बात अलग है कि कोई गरीब 100 का दान पाकर अत्यधिक खुश हो सकता है, किन्तु उसकी खुशी के परिमाण से दाता के दान की उत्तमता नहीं बढ जाती. त्याग का व्यवहारिक पक्ष भी यही है. मनुष्य अपशिष्ट पदार्थ का शरीर से त्याग करता है, उसे भी तो त्याग कहते है, लेकिन त्याज्य को त्यागता है कौनसी बडी बात? अब वह माया से वाक्-क्रीडा कर कहे कि मेरा त्याग खेतों में खाद आपूर्ति करेगा, मैं महान त्यागी हूं, कहां उचित माना जाएगा?

## तीस्ता के बहाने चीन का बांग्लादेश में खेल

• जल-विवाद

पुष्परंजन

कुल 315 किलोमीटर लंबी तीस्ता नदी सिक्किम, पश्चिम बंगाल से बहती हुई बांग्लादेश में प्रवेश करती है और ब्रह्मपुत्र में समाहित हो जाती है. तीस्ता पर भारत-बांग्लादेश के बीच कब समझौता होगा, किस देश को कितना पानी मिलेगा? फिलहाल यह साफ नहीं है. बांग्लादेश को 48 फीसदी तीस्ता का पानी चाहिए, लेकिन पश्चिम बंगाल सरकार की दलील है कि ऐसी स्थिति में उत्तर बंगाल के छह जिलों में सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो जाएगी. बंगाल इसके लिए जब तैयार नहीं है, तो फ़िर तीस्ता समझौता कैसे परवान चढ़ेगा? इस सवाल का ठोस उत्तर देने से दिल्ली भी बच रहा है. शेख़ हसीना की हालिया दिल्ली यात्रा और उभयपक्षीय समझौतों से हम चाहे जितना खुश हो लें, लेकिन तीस्ता कहीं न कहीं कड़वाहट का कारण बन रहा है. बांग्लादेश में विपक्ष और वहां का मीडिया फुंका पड़ा है. उनका मानना है कि तीस्ता जल में हिस्सेदारी के बग़ैर सारे समझौते बेकार हैं. तीस्ता जल समझौते को अंतिम रूप देने का मामला जनवरी, 2011 से अधर में लटका पड़ा है. बांग्लादेश और भारत के बीच प्रधानमंत्री स्तर की बैठकों में इसकी चर्चा होती है, शीघ्र समापन के आश्वासन के साथ बात आई-गई हो जाती है. अनुरोध और आश्वासन का सिलसिला समाप्त नहीं हुआ. बजाय इसके, घोषणा यह की गई कि एक भारतीय तकनीकी टीम जल्द ही बांग्लादेश का दौरा करेगी, ताकि बांग्लादेश के अंदर 'तीस्ता नदी के संरक्षण और प्रबंधन' पर चर्चा की जा सके. 'नदी संरक्षण और प्रबंधन' से भारत का क्या अभिप्राय था? इस पर भारतीय विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने एक मीडिया ब्रीफिंग में बताया, 'यह जल-बंटवारे के बारे में कम, बल्कि तीस्ता नदी के भीतर जल प्रवाह के प्रबंधन के बारे में अधिक है.' बांग्लादेश के विश्लेषक मानते हैं कि तीस्ता जल-बंटवारे पर चर्चा को हाशिये पर छोड़ दिया गया. वे पूछते हैं, क्या तीस्ता जल बंटवारे को जान-बूझकर विषय से बाहर किया गया है? बांग्लादेश में तीस्ता नदी व्यापक प्रबंधन और पुनरुद्धार परियोजना (टीआरसीएमआरपी) पर चर्चा पिछले कुछ वर्षों से चल रही है. तीस्ता जल धारा को फिर से बहाल करने की इस मेगा परियोजना को चीन की वित्तीय और तकनीकी सहायता से क्रियान्वित किया जाना है. 2016 से ही चीन और बांग्लादेश इस मामले पर चर्चा कर रहे हैं. चीन के कूद पड़ने से ऐसा लगता है कि इस परियोजना में दिलचस्पी लेना भारत की मज़बूरी बन चुकी है. सितंबर 2016 में, बांग्लादेश जल विकास बोर्ड ने उत्तरी बांग्लादेश के ग्रेटर रंगपुर क्षेत्र में तीस्ता को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने के लिए चीन के पावर कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन के साथ एक 'एमओयू' पर हस्ताक्षर किए थे. बांग्लादेश को तीस्ता नदी व्यापक प्रबंधन परियोजना के लिए लगभग 987.27 मिलियन डॉलर की आवश्यकता है. दिखावे के तौर पर बांग्लादेश ने विश्व बैंक, जापान और दूसरी अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग एजेंसियों से बात की, लेकिन बांग्लादेश जल संसाधन मंत्रालय के वरिष्ठ सचिव कबीर बिन अनवर ने जानकारी दी कि चीन ने इस विशाल परियोजना की फंडिंग के वास्ते हामी भर दी है. तीस्ता बेसिन पर बसा रंगपुर से पंचगढ़ तक का इलाक़ा चीन के टारगेट में है, जहां उसे जल प्रबंधन के बहाने डाटा इकट्ठे करने हैं. बांग्लादेश का पंचगढ़ एक ऐसा सामरिक लोकेशन है, जो पूर्वोत्तर के चिकेन नेक (सिलीगुड़ी) से मात्र 67 किलोमीटर की दूरी पर है.चिकेन नेक से लगे इलाके में चीनी कर्मियों की मौजूदगी सचमुच चिंता वाली बात है. तो क्या शेख़ हसीना यह खेल दिल्ली पर दबाव बनाने के वास्ते खेल रही थीं? शेख़ हसीना संभवतः 8 से 14 जुलाई के बीच पेइचिंग की यात्रा पर रहेंगी. 24 जून, 2024 को सीपीसी सेंट्रल कमेटी के नेता लियु चिएनचाओ इस सिलसिले में ढाका आये थे. उन्होंने बांग्लादेश के विदेश मंत्री हसन महमूद से ढाका-पेइचिंग डेवलपमेंट कॉरपोरेशन, ब्रिक्स में बांग्लादेश को सदस्य बनाने, उभयपक्षीय व्यापार घाटे को दुरुस्त करने जैसे विषयों पर बात की, लेकिन तीस्ता पर अपडेट लेकर किसी भी पक्ष ने मीडिया से सूचनाएं साझा नहीं कीं. अब जो दिल्ली में शेख़ हसीना की यात्रा को अभूतपूर्व उपलब्धि मान रहे थे, उन्हें इस पर ग़ौर करना चाहिए कि ढाका में चल क्या रहा है. बांग्लादेश का थिंक टैंक मानता है कि तीस्ता नदी पर भारतीय बैराज, इंफ्रा, जलविद्युत परियोजनाएं नदी के प्रवाह में बाधाएं पैदा करने के वास्ते हैं. उनको शक है कि भारत, तीस्ता के पानी के उचित हिस्से से बांग्लादेश को वंचित करने के उपक्रम में है.

> 'नदी संरक्षण और प्रबंधन' से भारत का क्या अभिप्राय था? इस पर भारतीय विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने एक मीडिया ब्रीफिंग में बताया, 'यह जल–बंटवारे के बारे में कम, बल्कि तीस्ता नदी के भीतर जल प्रवाह के प्रबंधन के बारे में अधिक है.' बांग्लादेश के विश्लेषक मानते हैं कि तीस्ता जल–बंटवारे पर चर्चा को हाशिये पर छोड़ दिया गया.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## ज्ञान की विरासत नालंदा विश्वविद्यालय

• धरोहर

अरविंद जयतिलक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर की शुरुआत करते हुए सच ही कहा कि आग की लपटें ज्ञान नहीं मिटा सकती, क्योंकि नालंदा सत्य का उद्घोष है. नालंदा के विध्वंस ने भारत को अंधकार से भर दिया था, लेकिन अब उसकी पुनस्थापना से भारत के स्वर्णिम युग की शुरुआत हो चुकी है. प्रधानमंत्री का यह कथन इस मायने में महत्वपूर्ण है कि नालंदा विश्वविद्यालय कई शताब्दियों तक अपनी ज्ञान-विज्ञान और शिक्षा-संस्कार से विश्व समुदाय को आलोकित करता रहा. आज वह फिर अपनी प्रासंगिकता और उपादेयता को सिद्ध करने को तैयार है. उल्लेखनीय है कि वर्ष 2005 में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने इस प्रतिष्ठित संस्थान को पुनरस्थापित करने का विचार दिया. वर्ष 2016 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने इसका शिलान्यास किया और वर्ष 2017 में विश्वविद्यालय को संवारने का काम शुरू हो गया. आज की तारीख में यहां पठन-पाठन सुचारु रूप से जारी है. यूनेस्को ने इसे वैश्विक धरोहरों में शामिल कर इसकी गरिमा में चार चांद लगा दी है. इससे न सिर्फ ऐतिहासिक विरासत को सहेजने में मदद मिल रही है, बल्कि इसके जरिए दक्षिण-पूर्व एशिया में सामाजिक और सांस्कृतिक विकास को सुनिश्चित करने और संबंधों को पुर्नस्थापित करने में भी मदद मिल रही है. इतिहास के गर्भ में जाएं तो बौद्ध शिक्षा केंद्र नालंदा विश्वविद्यालय की एक गौरवमयी पृष्ठभूमि रही है. पांचवीं से सातवीं शताब्दी के मध्य यह विश्वविद्यालय अपनी ज्ञान ज्योति से संपूर्ण संसार को आलोकित करता रहा. ऐतिहासिक दस्तावेजों से जानकारी मिलती है कि इस विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालय की स्थापना गुप्तवंशी शासक कुमारगुप्त ने की थी. चीनी यात्री ह्वेनसांग एवं अन्य बौद्ध यात्रियों ने अपने विवरणों में सम्राट कुमारगुप्त को इस विश्वविद्यालय का संस्थापक बताया है. गुप्तवंशी शासक कुमार गुप्त (414 से 455) द्वारा इस बौद्ध शिक्षा केंद्र को दान दिए जाने का उल्लेख मिलता है. चीनी यात्री ह्वेनसांग ने अपने विवरण में लिखा है कि 470 ई. में गुप्त सम्राट नरसिंह गुप्त बालादित्य ने नालंदा में एक सुंदर मंदिर निर्मित करवाकर इसमें 80 फीट ऊंची तांबे की बुद्ध प्रतिमा को स्थापित करवाया. चीनी यात्री इत्सिंग के विवरण से भी नालंदा विश्वविद्यालय के बारे में भरपूर जानकारी मिलती है. उसने इसकी विशालता का उल्लेख करते हुए यहां छात्रों की संख्या 3000 बताया है. जिस समय चीनी यात्री ह्वेनसांग नालंदा विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहा था, उस समय विद्यार्थियों की संख्या करीब 10000 और शिक्षकों की संख्या 1500 थी. ऐसा कहा जाता है कि यहां के पुस्तकालय में हजारों की संख्या में पुस्तकें एवं संस्मरण उपलब्ध थे. उल्लेखनीय है कि तुर्क शासक बख्तियार खिलजी ने 1199 ई में इस विश्वविद्यालय में आग लगवा दी. कहा जाता है कि इस विश्वविद्यालय में इतनी पुस्तकें थीं कि पूरे तीन महीने तक यहां आग धधकती रही. अनेक धर्माचार्यों और शिक्षकों की हत्या कर दी गई. चीनी यात्री ह्वेनसांग कन्नौज के राजा हर्षवर्धन के शासनकाल में जब भारत आया तो उसने लगभग 6 वर्षों तक नालंदा विश्वविद्यालय में अध्ययन किया. उसके ग्रंथ सी-यू-की से तत्कालीन भारतीय समाज व संस्कृति के बारे में भरपूर जानकारी मिलती है. ह्वेनसांग ने अपने विवरण में अपने समय के महान विद्वान शिक्षकों- धर्मपाल, चंद्रपाल, गुणपति, स्थिरमति, प्रभामित्र, जिनमित्र, आर्यदेव, दिगनाग और ज्ञानचंद्र इत्यादि का उल्लेख किया है. ये शिक्षक अपने विषयों के साथ-साथ अन्य विषयों में भी पारंगत, निपुण और ज्ञानवान थे. नागार्जुन, असंग, वसुबंधु जैसे महान बौद्ध महायानी इसी विश्वविद्यालय की उपज थे. असंग की महायान सूत्रालंकार, वसुबन्धु की अभिधर्म कोश और नागार्जुन की दिव्यावदान, महावस्तु, मंजूश्रीमूलकल्प, प्रज्ञापारमिता, शतसाहस्त्रका और माध्यमिका सूत्र जैसी रचनाएं नालंदा विश्वविद्यालय के ज्ञान की ही देन है. नालंदा विश्वविद्यालय में बौद्ध धर्म एवं दर्शन के अतिरिक्ति न्याय, तत्वज्ञान, व्याकरण एवं विज्ञान की भी शिक्षा दी जाती थी. वस्तुतः नालंदा विश्वविद्यालय के अधिकतर छात्र तिब्बतीय बौद्ध संस्कृतियों वज्रयान और महायान से संबद्ध थे. विश्वविद्यालय प्रशासन जितना कठोर था, शिक्षा को लेकर उतना ही जागरूक, संवेदनशील और सतर्क था. यह इसी से समझा जा सकता है कि प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को पहले द्वारपाल से वाद-विवाद करना पड़ता था और फिर उसमें उत्तीर्ण होने पर ही उन्हें प्रवेश मिलता था.


> इतिहास के गर्भ में जाएं तो बौद्ध शिक्षा केंद्र नालंदा विश्वविद्यालय की एक गौरवमयी पृष्ठभूमि रही है. पांचवीं से सातवीं शताब्दी के मध्य यह विश्वविद्यालय अपनी ज्ञान ज्योति से संपूर्ण संसार को आलोकित करता रहा. ऐतिहासिक दस्तावेजों से जानकारी मिलती है कि इस विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालय की स्थापना गुप्तवंशी शासक कुमारगुप्त ने की थी.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### मीडिया में अन्यत्र

## सावधानी के साथ सुधार की जरूरत

**बीते 10 वर्षों** से केंद्र सरकार एक वांछित निवेश केंद्र के रूप में भारत की स्थिति को लेकर काफी आशान्वित रही है. मजबूत वृहद आर्थिक प्रदर्शन और वैश्विक निवेशकों के सकारात्मक वक्तव्यों की वजह से सरकारी अधिकारी आश्वस्त रहे और उन्हें प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं महसूस हुई.इसके बावजूद हाल के आंकड़े निराशाजनक तस्वीर पेश करते हैं. हाल में संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (अंकटाड) के आंकड़ों ने दिखाया कि वर्ष 2022 और 2023 के बीच देश में एफडीआई में 43 फीसदी की कमी आई.यह कोई अपवाद आंकड़ा नहीं है. देश के आधिकारिक स्रोतों के आंकड़े भी संकेत देते हैं कि देश में एफडीआई 2007 के बाद सबसे निचले स्तर पर है.संभव है कि पश्चिमी देशों की कंपनियां अमेरिका के मुद्रास्फीति न्यूनीकरण कानून जैसे लाखों करोड़ डॉलर के कानून से लाभान्वित होने के लिए ऑनशोरिंग का रुख कर रही हों लेकिन आंकड़े ऐसे कथानक को सही नहीं ठहराते. निश्चित रूप से यह भारत से जुड़े आंकड़ों का किसी प्रकार का बचाव नहीं है.अंकटाड के आंकड़े यह भी बताते हैं कि दक्षिण एशिया के अन्य देशों के आंकड़े मोटे तौर पर स्थिर बने रहे. चीन को एफडीआई की आवक में कुछ हद तक कमी आई जिससे पूर्वी एशिया में नौ फीसदी की गिरावट दर्ज की गई. परंतु दक्षिण पूर्व एशिया के एफडीआई में स्थिरता देखने को मिली.वैश्विक स्तर पर एफडीआई की आवक में केवल दो फीसदी की गिरावट आई. इससे संकेत मिलता है कि समग्र रूप से कोई जोखिम का माहौल नहीं है. जहां तक देश के पड़ोसियों और दक्षिण पूर्व तथा पूर्वी एशियाई समकक्ष देशों की बात है, एफडीआई को यह झटका केवल भारत में ही दिख रहा है. नई सरकार को इसे गंभीरता से लेना होगा.यह दलील बहुत लंबे समय से दी जा रही है कि निवेश को लेकर सुर्खियां बटोरने वाले जो इरादे जाहिर किए जाते हैं वे हकीकत में फलीभूत नहीं होते. बहुत कम समझौता ज्ञापन जमीनी हकीकत में तब्दील होते हैं.घरेलू कंपनियों के प्रति सरकार की प्राथमिकता उतनी भी छिपी नहीं है, नए व्यापार समझौते तथा वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में शामिल होने की उसकी अनिच्छा तथा प्रशासनिक एवं न्यायिक सुधारों को आगे ले जाने में उसकी नाकामी आदि बातों को निवेश में इस कमी के लिए वजह ठहराया जा सकता है.यह बात भी ध्यान देने लायक है कि भारत के निजी क्षेत्र का निवेश किसी भी स्थिति में उस स्तर पर नहीं पहुंच सका है जो हमने वित्तीय संकट के दौर में देखा था. उस कमी को कुछ हद तक सरकारी निवेश से पूरा किया जा सकता है तथा एक हद तक विदेशी निवेश से.



**(बिजनेस स्टैंडर्ड)**

### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## नीर/नील

**प्रख्यात** कवयित्री महादेवी वर्मा ने कहा है-मैं नीर भरी दुख की बदली, स्पंदन में चिर निस्पंद बसा, क्रंदन में आहत विश्व हंसा, नयनों में दीपक से जलते पलकों में निर्झरणी मचली. इन पंक्तियों में कवयित्री ने एक नारी के जीवन की तुलना दुख के बादलों से करती हैं, जिसमें पानी भरा हुआ है. वह स्वयं दुखों को झेलते हुए सामाजिक जीवन के मंगल की कामना करती है. अपने इस प्रतिदान के बदले किसी बात की अपेक्षा नहीं करती है. इन पंक्तियों में नीर शब्द का अर्थ स्पष्ट हो जाता है. नीर संस्कृत मूल का तत्सम पुल्लिंग शब्द है. नीर का अर्थ है पानी, जल, नीम के पेड़ से निकलनेवाला रस, फफोले के अंदर का पानी. नीर से असंख्य शब्द बने हैं. जैसे नीरद. नीर देनेवाला यानी बादल. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार नीरद का मतलब बिना दांतवाला, दंतहीन, अदंत भी होता है तो बाहर निकले हुए दांत तथा पूर्वजों के तर्पण के लिए जल देनेवाले व्यक्ति को भी नीरद कहा जाता है. नीरज यानी जिसका जन्म पानी में हुआ है यानी मोती, एक प्रकार की घास, कुट नामक औषधि, जल से उत्पन्न, जलीय. वर्तनी के हिसाब से इससे मिलता-जुलता शब्द है नील, जो तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका अर्थ है एक पौधा जिसके फूलों से नीला रंग बनाया जाता है, उक्त पौधे से प्राप्त पदार्थ, नील, नीला रंग, कलंक, लांछन, नीलम नाम बहुमूल्य रत्न, शरीर पर चोट लगने से पड़नेवाला निशान, नौ निधियों में से एक, कुबेर की निधि, बरगद का वृक्ष, विष, जहर, इंद्रनील मणि, रामायण में राम की सेना का एक वानर जिसने नल के साथ समुद्र पर पुल बनाया था, नीलकंठ पक्षी, सौ खरब की संख्या, आसमानी रंग का, नीले रंग का. मुहावरा है नील का टीका लगाना यानी कलंक लगाना, कलंकित करना. नील का विशेषण है नीला, मतलब विशेषण के रूप में नीले रंग का, आसमान के रंग का-नील गगन के तले, धरती का प्यार पले.

## किसी कार्य में हाथ लगाने की कला

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश

किसी भी कार्य में अपना हाथ लगा देना एक कला होती है. ऐसा करके व्यक्ति उस कार्य को करने के पुण्य का भागीदार बन जाता है. केवल चतुर लोग ही वर्षों की साधना के बाद हाथ लगाने की कला को समझ पाते हैं. सीधे-साधे टाइप के लोग जब कार्य हो रहा होता है, तब दोनों हाथ बांधे हुए अथवा जेब में डाले हुए उदासीन भाव से खड़े रहते हैं. परिणामतः इतिहास में उनका नाम कहीं दर्ज नहीं होता. चतुर लोग छह इंच आगे बढ़कर झट से अपना दायां या बॉयां हाथ पवित्र कार्य में लगा देते हैं. इससे इतिहास में उनका नाम अमर हो जाता है. उदाहरण के तौर पर अगर कोई महापुरुष किसी प्रतिष्ठान का उद्‌घाटन अपने कर-कमल से कैंची से फीता काटकर कर रहा है, तब इतिहास में केवल फीता काटने वाले महापुरुष का नाम ही लिखा जाएगा. लेकिन आसपास के लोग अगर सजग और सतर्क हों तो वह भी इतिहास में अपना नाम लिखा सकते हैं. इसका सबसे अच्छा तरीका तो यह है कि आप भी आगे बढ़कर कैंची को अपने हाथ से पकड़ लें. लेकिन यह थोड़ा अशिष्ट और जोखिम से भरा व्यवहार माना जाएगा. हो सकता है, महापुरुष आपके हाथ को झटक दे. अब दूसरा उपाय यह है कि आप उद्‌घाटनकर्ता के हाथ को छूने का प्रयास करें. अगर उद्‌घाटनकर्ता ने आपको अपना हाथ छूने दिया तो यह माना जाएगा कि आपने उद्‌घाटनकर्ता के कर-कमल का स्पर्श किया और उद्‌घाटन कर्ता ने अपने कर-कमल से फीता काटा है, अतः इसका श्रेय आपके हाथ को भी अवश्य जाएगा. लेकिन हर मामले में यह जरूरी नहीं है कि उद्‌घाटनकर्ता आपको अपनी कोहनी का स्पर्श करने की अनुमति दे. ऐसे में तीसरा उपाय यह है कि आप फीते को पकड़ने की कोशिश करिए. अगर आपने फीता पकड़ लिया तो निश्चित रूप से उद्‌घाटनकर्ता के निकट सहयोगी के रूप में आपके नाम का उल्लेख हमेशा किया जाएगा. समाज में फोटो खींचते समय जागरूकता की भारी कमी देखी गई है. आप अनेक फोटुओं में उन लोगों को याद कीजिए जो सदैव एकटक फोटोग्राफर के कैमरे की तरफ ही देखते रहते हैं. उनका फोटो कितना साफ चमकदार आता है ! खुली हुई आंखें ... खिलता हुआ चेहरा ...ऐसा लगता है मानो यह सज्जन फोटो खिंचवाने के लिए ही बने हों. जबकि दूसरी ओर आप ऐसे लोगों को भी देखेंगे, जो फोटो में हमेशा या तो मक्खी भगाते हुए दिखेंगे या अपने कपड़ों को ठीक करते हुए नजर आएंगे. किसी की आंखें बंद हो जाती हैं. कोई दाएं-बाएं देखने लगता है. कई लोग वैसे तो हर समय मुस्कुराते रहते हैं, लेकिन फोटो खींचने के ऐन मौके पर अचानक उदासीन हो जाते हैं. इस तरह इतिहास में उनकी रोनी सूरत हमेशा के लिए दर्ज हो जाती है. कई लोग तो फोटो खींचते समय सज-धज कर आते हैं.



## ऐजुकेशनल ऐप्स छात्रों में हो रहे लोकप्रिय

# बड़े काम के हैं ई-गुरुजी

**इन दिनों ऐप्स पढ़ाई के ऐसे साथी हो गए हैं जो संसाधनों की कमी, भौगोलिक दूरी और पैसे की किल्लत को बेमायने कर देते हैं. कहीं भी, कभी भी पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध कराते हैं. ऐसे ऐप्स छात्रों की सफलता के आधार बन रहे हैं जिन्हें फ्री डाउनलोड कर छात्र नए-नए ज्ञान प्राप्त करते हैं. ये आज के ई-गुरु हैं. आइए, आज बात करें कुछ ऐसे ही ऐप्स की-**



- **डुओलिंगो ऐप**

अगर विदेशी भाषा सीखने के शौकीन हैं तो यह ऐप आपके काम का है. यह ऐप जितना वयस्कों का पसंदीदा है, उतना ही स्कूल जाने वाले बच्चों के बीच भी लोकप्रिय है. दरअसल इस ऐप के जरिए आप फ्रेंच, इटैलियन, स्पेनिश और पॉर्तुगीज जैसी भाषाएं खेल-खेल में सीख सकते हैं. ऐप बोलता है और गेमिंग स्टाइल में भाषा सिखाता है, इसकारण स्कूल के बच्चों के लिए भी बेहद सहज, सरल और मजेदार है.

- **स्क्रिब्ड ऐप**

आप किताबों के शौकीन हैं या फिर पढ़ाई के लिए किताबों की जरुरत पड़ती है, पर सुविधा-संसाधन नहीं होने के कारण कई बार किताबों की किल्लत भी झेलते हैं तो इस ऐप को अपने मोबाइल में डाउनलोड कर लीजिए. लाइब्रेरी जा कर वहां घंटो गुजारने के समय में कटौती हो जाएगी. इस ऐप के जरिए लाखों किताबें आपकी पहुंच में होती हैं. ये आपकी पुरानी लाइक्स और डिसलाइक्स के आधार पर आपको किताबें पढ़ने की सलाह भी देता है. यूजर इसके जरिए अपने मोबाइल में किताबें स्टोर भी कर सकते हैं.

- **माइक्रोसऑफ्ट ऑफिस मोबाइल**

यह ऐप आपके लिए तब बहुत कारगर है जब आपके पास लैपटॉप नहीं हो, लेकिन एमएस वर्ल्ड, एक्सल, पावरप्वॉइंट आदि पर काम करना आपकी जरुरतों में शामिल हो. एंड्रॉयड यूजर के लिए माइक्रोसऑफ्ट ऑफिस मोबाइल ऐप बहुत कारगर है. इसे स्मार्ट फोन पर डाउनलोड कर अपने मोबाइल से ही एमएस वर्ल्ड, एक्सल, पावरप्वॉइंट वगैरह सब पर काम कर सकते हैं.

- **वोलफ्रेम ऐप**

यह 24 घंटे साथ में उपलब्ध होम ट्यूटर की तरह कारगर ऐप है. ऐप डेटा के लाखों विकल्पों और 50 हजार सवालों से परिपूर्ण है जो कि आपको हर विषय के जानकारियां उपलब्ध कराते हैं. इनमें पौराणिक कथाओं, वंशावली, खगोल विज्ञान और त्रिकोणमिति के विषय भी शामिल हैं.

- **ईजी बिब**

अगर आप किसी विषय को बहुत विस्तार से पढ़ना पसंद करते हैं, उसपर शोधपरक दृष्टिकोण रखते हैं, तो यह ऐप आपकी जरुरतें पूरी कर सकता है.छात्रों की रिसर्च वर्कलोड यह हल्का कर देता है. आप बस किताब का नाम टाइप करिए और आपके सामने विषय और उसकी व्याख्याओं की विकल्प खुलकर आ जाएंगे.

- **एवरनोट ऐप**

हालांकि यह ऐप करीब 14 साल पुराना है, लेकिन समय के साथ अपग्रेड भी होता रहा है. इसके जरिए यूजर नोट्स आसानी से बना सकते हैं. इसके कैमरे के जरिए किसी भी डाक्यूमेंट तस्वीर लेकर उसके नोट्स तैयार कर सकते हैं.

- **माय स्टडी लाइफ**

इस ऐप के जरिए आप अपनी क्लासेस, अपनी तैयारी, अपने सारे कॉलेज के काम ट्रैक कर सकते हैं.

- **खान एकेडमी**

इस ऐप ने कोरोना काल में बहुत लोकप्रियता हासिल की थी. गणित, कंप्यूटर और संगीत समेत कई विषयों में खान एकेडमी ऐप 4000 से ज्यादा एजुकेशनल वीडियो उपलब्ध कराता है.



*गर आप भी कम बजट में पेट्रोल से चलने वाली नई कार लेना चाहते हैं तो यह खबर आपके लिए है. ऑटो मार्केट में 25 किमी तक माइलेज देने वाली कुछ गाड़ियों की आज करते हैं चर्चा जिनकी कीमत 6 लाख रुपए से कम है.*

# बजट में फिट माइलेज में हिट



अपने देश में सबसे अधिक बिक्री छह लाख रुपए तक की कारों की ही होती है. इनमें भी पेट्रोल कार की डिमांड सीनएजी या ई कार की तुलना में हमेशा से अधिक रही है. आइए आज बात करें पेट्रोल से चलने वाली कुछ लोकप्रिय ब्रांड की कारों की जिनकी कीमत अफोर्डेबल है. अपने देश में पेट्रोल से चलने वाली कारों में सबसे अधिक मांग मारुति सुजुकी, रेनॉल्ट और टाटा मोटर्स के कारों की है. मारुति सुजुकी ऑल्टो के10 इस लिस्ट में सबसे अव्वल है.

## मारुति सुजुकी आल्टो के 10

मारुति सुजुकी ऑल्टो के10 देश की सबसे ज्यादा बिकने वाली कारों में से एक है. हाल ही में ऑल्टो के10 ने भारत में अपने 45 लाख से ज्यादा ग्राहक बनाने का नया रिकॉर्ड कायम किया है. कंपनी का दावा है कि भारत के तकरीबन 45 लाख से ज्यादा घरों में इसके यूजर्स हैं. अपने शानदार लुक, आकर्षक कलर ऑप्शंस और बेहतरीन फीचर्स के कारण ये कार काफी ज्यादा खरीदी जाती है. इसकी शुरुआती कीमत 3.99 लाख रुपए है. यह कार 24.39 किलोमीटर प्रति लीटर तक माइलेज देने का दावा करती है.

### सेफ्टी फीचर्स

ड्यूल एयरबैग्स, एबीएस फीचर्स के साथ इलेक्ट्रॉनिक ब्रेक डिस्ट्रीब्यूशन की सुविधा, रिवर्स पार्किंग सेंसर्स आदि इसके खास सेफ्टी फीचर्स हैं.

### शानदार इंटीरियर-एक्सटीरियर

ऑल्टो के 10 का इंटीरियर और एक्सटीरियर डिजाइन शानदार है. इसमें अब स्मार्टप्ले इंफोटेनमेंट सिस्टम जोड़ा गया है, जो एंड्रॉइड और एपल फोन दोनों के लिए बिना रुकावट स्मार्टफोन कनेक्टिविटी में मदद करता है. फ्रंट पावर विंडो स्विच जैसे सुविधा उपकरण भी हैं. अर्थ गोल्ड, सिजलिंग रेड, स्पीडी ब्लू, सॉलिड व्हाइट, सिल्की व्हाइट और ग्रेनाइट ग्रे रंग इन छह रंग विकल्पों में से अपनी पसंदीदा कार चुन सकते हैं.

## मारुति सुजुकी एस-प्रेसो



24.12 किलोमीटर प्रति लीटर तक माइलेज देने का दावा करने वाली मारुति सुजुकी एक्सप्रेसो की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 4.26 लाख रुपए है. वहीं, इसके टॉप वेरिएंट को 6.12 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) की कीमत पर खरीदा जा सकता है. फीचर्स के मामले में मारुति सुजुकी एस-प्रेसो में सुरक्षा का भी ध्यान रखा गया है, यही वजह है कि इस गाड़ी में डुअल एयरबैग, हाई-स्पीड वार्निंग सिस्टम और रिवर्स पार्किंग सेंसर शामिल है. इसके अतिरिक्त, स्वचालित संस्करण में हिल स्टार्ट असिस्ट और विद्युत रूप से समायोज्य ओआरवीएम जैसी हाईटेक सुरक्षा सुविधाएं मिलती हैं. मारुति सुजुकी एस-प्रेसो में 998 सीसी क्षमता का बीएस6 के-सीरीज 1.0 लीटर डुअलजेट, डुअल वीवीटी पेट्रोल इंजन है, जो 65 बीएचपी की पावर और 89 एनएम का टॉर्क पैदा करता है. ट्रांसमिशन के लिए इसमें मैनुअल और ऑटोमैटिक स्पीड चेंज या ऑटोमैटिक गियरबॉक्स दिया गया है.

## रेनॉल्ट क्विड



फ्रांसीसी ऑटोमोबाइल निर्माता रेनो की रेनॉल्ट क्विड कार एंट्री लेवल की सबसे पॉपुलर हैचबैक कार मानी जाती है. कंपनी रेनॉल्ट क्विड में 21.7 किमी प्रति लीटर माइलेज देने का दावा करती है. रेनॉल्ट क्विड की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 4.69 लाख रुपये है. इसे पहली बार 2015 में भारत में लॉन्च किया गया था और इसकी स्टाइलिश डिज़ाइन, कीमत, और उपयोगिता के लिए महत्वपूर्ण लोकप्रियता प्राप्त हुई है.

क्विड में एसयूवी-प्रेरित स्टाइलिंग है जिसमें दमदार बॉडी क्लैडिंग, उच्च ग्राउंड क्लियरेंस, और बोल्ड बाहरी तत्व शामिल हैं. रेनो क्विड दो इंजन विकल्प हैं: एक 0.8-लीटर पेट्रोल इंजन और एक 1.0-लीटर पेट्रोल इंजन. दोनों इंजनों को 5-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन के साथ जोड़ा गया है, जबकि 1.0-लीटर वेरिएंट में एक ऑटोमेटेड मैनुअल ट्रांसमिशन (एएमटी) की सुविधा भी है. इसमें एक टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, पावर विंडोज, केंद्रीय लॉकिंग, और एयर कंडीशनिंग जैसी सुविधाएं शामिल हैं.

## मारुति सुजुकी सिलेरियो

मारुति सुजुकी सिलेरियो कंपनी की पॉपुलर कारों में से एक है. कंपनी मारुति सुजुकी सिलेरियो में 25.24 किमी प्रति लीटर तक माइलेज देने का दावा करती है. बता दें कि मारुति सुजुकी सेलेरियो की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 5.36 लाख रुपए है. टॉप वेरिएंट के लिए 7.15 लाख रुपए तक खर्च करना पड़ सकता है.

मारुति सेलेरियो जैसे चार बड़े वेरिएंट्स में मौजूद है. इसके छह मोनोटोन कलर ऑप्शंस मिलते हैं, जिसमें कैफीन ब्राउन, फायर रेड, ग्लिस्टेनिंग ग्रे, सिल्की सिल्वर, स्पीडी ब्लू और व्हाइट शामिल है.

डाइमेंशन की बात करें तो मारुति सेलेरियो की लंबाई 3695 एमएम, चौड़ाई 1655 एमएम और ऊंचाई 1555 एमएम है. इसका व्हीलबेस 2435 है और इसमें 313 लीटर का बूट स्पेस मिलता है. यह एक 5 सीटर कार है.

इस कॉम्पैक्ट हैचबैक कार में एक 1-लीटर पेट्रोल इंजन मिलता है, जो 67पीएस की पॉवर और 89एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है. इसमें 5-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन और 5-स्पीड एएमटी ट्रांसमिशन मिलता है. मारुति सेलेरियो में फीचर्स के तौर पर 7 इंच की टचस्क्रीन, पुश-बटन स्टार्ट/स्टॉप, पैसिव कीलेस एंट्री और मैनुअल एसी सहित सेफ्टी के लिए डुअल फ्रंट एयरबैग, हिल-होल्ड असिस्ट, ईबीडी के साथ एबीएस और रियर पार्किंग सेंसर जैसे फीचर्स मिलते हैं.



## मारुति सुजुकी वैगनआर



यह भी मारुति की सबसे अधिक बिकने वाली कारों में एक है. कंपनी मारुति सुजुकी वैगनआर में 24.35 किलोमीटर प्रति लीटर तक माइलेज देने का दावा करती है. भारतीय मार्केट में मारुति सुजुकी वैगनआर की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 5.54 लाख रुपये है. मारुति सुजुकी की यह हैचबैक कार वैगनआर कुल 11 वेरिएंट्स में उपलब्ध है. इनमें एलएक्सआई, एलएक्सआई सीएनजी, वीएक्सआई, वीएक्सआई सीएनजी, वीएक्सआई एजीएस, जेडएक्सआई, जेडएक्सआई एजीएस, जेडएक्सआई प्लस, जेडएक्सआई प्लस एजीएस, जेडएक्सआई प्लस ड्यूल टोन, जेडएक्सआई प्लस ड्यूल टोन एजीएस वेरिएंट शामिल हैं. यह फाइव सीटर कार है, जिसमें कम से कम पांच लोग बैठकर आराम से सफर कर सकते हैं.

यह दो पेट्रोल इंजन ऑप्शन में उपलब्ध है, जिसमें 1-लीटर (67पीएस और 89एनएम) और 1.2-लीटर (90पीएस और 113एनएम) शामिल हैं. दोनों इंजन के साथ इसमें 5-स्पीड मैनुअल और 5-स्पीड ऑटोमेटिक गियरबॉक्स की चॉइस मिलती है. इसमें 7-इंच टचस्क्री डिस्प्ले, 4-स्पीकर म्यूजिक सिस्टम, स्टीयरिंग माउंटेड ऑडियो और फोन कंट्रोल्स और 14 इंच अलॉय व्हील जैसे फीचर दिए गए हैं. सुरक्षा के लिए इस कार में ड्यूल फ्रंट एयरबैग, ईबीडी के साथ एबीएस, रियर पार्किंग सेंसर और हिल होल्ड असिस्ट (केवल एएमटी मॉडल में) जैसे फीचर दिए गए हैं.

## टाटा टियागो

टाटा टियागो भारत में बिकने वाली सबसे सुरक्षित हैचबैक कारों में से एक है. कंपनी टाटा टियागो में 19.01 किमी प्रति लीटर तक माइलेज देने का दावा करती है. भारतीय मार्केट में टाटा टियागो की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 5.64 लाख रुपए है. ग्लोबल एनसीएपी क्रैश टेस्ट में इस कार को 4-स्टार सेफ्टी रेटिंग मिली है. कुल 5 रंग विकल्प में यह उपलब्ध है जिसमें मिडनाइट प्लम, डेटोना ग्रे, ओपल व्हाइट, एरिजोना ब्लू और फ्लेम रेड शामिल है.

इस कार में कंपनी ने 1.2 लीटर पेट्रोल इंजन का इस्तेमाल किया है जो कि 86 पीएस की पावर और 113 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है. ये इंजन 5-स्पीड मैनुअल और ऑटोमेटिक गियरबॉक्स के साथ आता है.

## 17 जुलाई को होगा रॉयल एनफील्ड गुरिल्ला-450 का ग्लोबल प्रीमियर

# झारखंड की सड़कें कर रहीं इस बाइक का शिद्दत से इंतजार

*रॉयल एनफील्ड गुरिल्ला-450 का लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं तो इंतजार की घड़ियां खत्म होने ही वाली हैं. कंपनी ने टीजर जारी कर घोषणा की है कि 17 जुलाई 2024 को रॉयल एनफील्ड गुरिल्ला-450 का ग्लोबल प्रीमियर होगा. पिछले दिनों कंपनी ने अपनी अपकमिंग गुरिल्ला 450 रोडस्टर की पहली झलक दिखाया है. इसके बाद से बाइक प्रेमियों के दिलों में धड़कनें बढ़ गई है और वे शिद्दत से बाइक की लॉन्चिंग का इंतजार कर रहे हैं. गुरिल्ला 450 अपने सेगमेंट में भारतीय बाजार में ट्रायम्फ, हीरो मोटोकॉर्प, हार्ली डेविडसन और केटीएम के साथ ही बजाज की 400 से लेकर 440 सीसी तक की मोटरसाइकल से मुकाबला करेगी. आइए रॉयल एनफील्ड की खास बाइक्स के फीचर्स, डिजाइन, प्राइस आदि की जानकारी हासिल करें-*




- **जानिए फीचर्स, प्राइस**

गुरिल्ला 450 हिमालयन प्लेटफॉर्म पर बेस्ड दूसरी बाइक होगी. इस बाइक में शेरपा 450 इंजन होगा जिसे हाल ही विकसित किया गया है. टीजर पर गौर फरमाएं तो जाहिर होता है कि रॉयल एनफील्ड गुरिल्ला 450 में हिमालयन की तरह एलईडी हेडलैंप और एलईडी इंडिकेटर देखने को मिलेंगे. इस बाइक में टेलीस्कोपिक फ्रंट फोर्क्स देखने को मिलेंगे. इसमें पीछे की ओर प्रीलोड मोनोशॉक सस्पेंशन मिलेगा. सर्कुलर डिजिटल इंस्ट्रूमेंट कंसोल इस बाइक की खासयित होगी जिसमें नेविगेशन जैसी कनेक्टिविटी फीचर्स होने की संभावना है. रॉयल एनफील्ड गुरिल्ला 450 में एक फ्लैट हैंडलबार, अलॉय व्हील्स, रोड-ओरिएंटेड टायर और एक अलग राइडिंग ट्रायंगल दिया गया है. यह बाइक हिमालयन 450 से काफी हल्की होगी. ऑटो फील्ड के दिग्गजों का कहना है कि हाल के समय में बजाज ऑटो, केटीएम, ट्रायम्फ, हीरो मोटोकॉर्प और हार्ली डेविडसन जैसी कंपनियों ने 400 सीसी से लेकर 450 सीसी सेगमेंट में काफी सारी नई बाइक्स पेश की हैं, जिनका सीधा मुकाबला रॉयल एनफील्ड से है. अब कंपनी रोडस्टर सेगमेंट में नई गुरिल्ला 450 के जरिये ट्रायम्फ स्पीड 400, बजाज पल्सर एनएस 400जी, हार्ली डेविडसन एक्स 400, हीरो मैवरिक 440, केटीएम 390 जैसी बाइक्स को कड़ी टक्कर देगी. मार्केट के जानकारों का मानना है कि रॉयल एनफील्ड गुरिल्ला 450 की कीमत करीब ढाई लाख रुपए से शुरू हो सकती है.

## लाइफटाइम कंप्रेसर वारंटी वाला यह

# एसी बदल देगा कमरे का लुक



पिछले दिनों भारत में हायर किनोची डार्क एडिशन एसी लॉन्च हो गया है. कंपनी इस एसी के बारे में बड़े-बड़े दावे कर रही है. मसलन ये 60 डिग्री सेल्सियस पर भी काम कर सकता है, बीस गुना तेज कूलिंग कर सकता है आदि. स्टाइलिश और थोड़ा हटके डिजाइन इसकी खासियत कही जा सकती है. ये आपके घर को बेहतरीन लुक भी प्रदान करेगा. इस एसी के कंप्रेसर पर ब्रांड लाइफटाइम वारंटी दे रहा है. ये एयर कंडीशनर 1.6 टन और 1 टन की क्षमता में उपलब्ध है. इसकी कीमत 46,990 रुपये है. कंपनी फ्री इंस्टॉलेशन और लाइफटाइम कंप्रेसर वारंटी दे रही है.

- **क्या है खास?**

हायर किनोची डार्क एडिशन एसी में फ्रॉस्ट सेल्फ क्लीन टेक्नोलॉजी दी गई है, जो 99.9 परसेंट तक स्टरलाइजेशन करके आप तक साफ हवा पहुंचाता है. कंपनी का दावा है कि ये 15 मिनट में हवा को साफ कर सकता है. इसमें फुल डीसी इंवर्टर टेक्नोलॉजी का फीचर दिया गया है. दमदार परफॉर्मेंस के लिए इसमें डुअल डीसी कंप्रेसर दिया गया है. यूजर्स कूलिंग कैपेसिटी को इंटेलिजेंस कन्वर्टिबल फीचर की मदद से कंट्रोल कर सकते हैं. इस एसी में बेहतर एफिशिएंसी और एनर्जी सेविंग के लिए इंटेली प्रो सेंसर इस्तेमाल किया गया है. टर्बो मोड में यूजर्स को फास्ट कूलिंग मिलेगी. ये 20 मीटर तक के एयर फ्लो के साथ आता है. कंपनी का दावा है कि एसी में स्पेशल कोटिंग का उपयोग किया गया है, जिससे कंपोनेंट्स लंबे समय तक प्रभावी तरीके से काम कर सकते हैं. हाइपर पीसीबी का इस्तेमाल स्टेबल ऑपरेशन को संभव बनाता है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# आईसीसी टी20 विश्व कप टीम में छह भारतीय, विराट कोहली को नहीं मिली जगह

**भाषा। दुबई**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने हाल ही में हुए टी20 विश्व कप की टूर्नामेंट की टीम में छह भारतीयों को शामिल किया है, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में प्लेयर आफ द मैच रहे स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को इसमें जगह नहीं मिली है. सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाने वाले कोहली फाइनल से पहले किसी मैच में नहीं चले. फाइनल में उन्होंने 59 गेंद में 76 रन बनाये. भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर 11 साल बाद आईसीसी खिताब जीता. आईसीसी एकादश में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा,



रोहित शर्मा | सूर्यकुमार यादव | हार्दिक पंड्या | अक्षर पटेल | जसप्रीत बुमराह | अर्शदीप सिंह

सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह को जगह मिली है. रोहित ने 156 . 7 की स्ट्राइक रेट से 257 रन बनाये. उन्होंने अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज के बाद टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाये. प्लेयर आफ द टूर्नामेंट और भारत के ट्रंप कार्ड जसप्रीत बुमराह ने 15 विकेट लिये. उनका इकॉनॉमी रेट 4-17 था, जो पुरुषों के टी20 विश्व कप में किसी एक सत्र में किसी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ औसत है. सेमीफाइनल में पहुंचने वाली अफगानिस्तान के तीन खिलाड़ी फजलहक फारूकी, गुरबाज और कप्तान राशिद खान भी टीम में है. ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस और वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन को भी टीम में जगह मिली है. उपविजेता दक्षिण अफ्रीका का एक भी खिलाड़ी एकादश में नहीं है. तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया 12वें खिलाड़ी हैं.


**आईसीसी टूर्नामेंट की टीम**

रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह (भारत), रहमानुल्लाह गुरबाज, राशिद खान, फजलहक फारूकी (अफगानिस्तान), मार्कस स्टोइनिस (आस्ट्रेलिया), निकोलस पूरन (वेस्टइंडीज), बारहवां खिलाड़ी : एनरिच नॉर्किया (दक्षिण अफ्रीका).

### टीम इंडिया के निवर्तमान कोच राहुल द्रविड़ ने विराट कोहली से कहा

## तीनों सफेद मिल गए, लाल बाकी है, उसे भी ले लो

**ब्रिजटाउन।** भारतीय क्रिकेट टीम के निवर्तमान कोच राहुल द्रविड़ ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को टी20 विश्व कप जीतने के कुछ घंटे बाद और अपने कार्यकाल के आखिरी दिन भी एक काम सौंपा है. द्रविड़ ने भारतीय ड्रेसिंग रूम के जश्न के वीडियो में कोहली से कहा, तीनों सफेद तो हासिल कर लिये, एक लाल बाकी है. उसे भी हासिल कर लो. आईसीसी ने इंस्टाग्राम पेज पर यह वीडियो डाला है. तीन सफेद से आशय टी20 विश्व कप, वनडे विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी है, जो कोहली ने जीत रखे हैं. अब बस विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल जीतना बाकी है. भारत दो बार डब्ल्यूटीसी फाइनल (2021 में न्यूजीलैंड से और 2023 में आस्ट्रेलिया से) हार चुका है. 35 साल के कोहली ने विश्व कप जीतने के साथ टी20 क्रिकेट से विदा



ले ली. वह द्रविड़ के इस बयान पर मुस्कुराकर रह गए. इस वीडियो में सूर्यकुमार यादव भी हैं,जिन्होंने फाइनल में डेविड मिलर का शानदार कैच लपका था. उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि को समझने में उन्हें कम से कम दो दिन लगेंगे. उन्होंने कहा, अभी कुछ महसूस नहीं हो रहा. समझ में नहीं आ रहा कि क्या कहूं. तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा, आत्मविश्वास से क्या हासिल नहीं हो सकता.

## ब्रीफ खबरें

### भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने सीरीज जीती

**नयी दिल्ली।** भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने लीसेस्टर में सातवें और अंतिम टी20 मैच में मेजबान इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर श्रृंखला 5-2 से अपने नाम कर ली. भारत ने पहले गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड को चार विकेट पर 164 रन पर रोक दिया और फिर अभिषेक सिंह (68) तथा उमर अशरफ (56) के अर्धशतकों की मदद से चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया. लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 46 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे. अभिषेक और अशरफ ने 95 रन की साझेदारी की.

### आरसीबी ने कार्तिक को बल्लेबाजी कोच बनाया

**बेंगलुरू।** भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का बल्लेबाजी कोच और मेंटोर बनाया गया. कार्तिक ने पिछले महीने क्रिकेट को अलविदा कह दिया था. आरसीबी ने एक्स पर लिखा, दिनेश कार्तिक का आरसीबी में स्वागत है. डीके आरसीबी पुरूष टीम के बल्लेबाजी कोच और मेंटोर होंगे. इसमें आगे लिखा गया, आप क्रिकेट से इंसान को बाहर कर सकते हैं लेकिन इंसान के भीतर से क्रिकेट नहीं निकाल सकते. उन्हें प्यार दीजिये.

### वेनेजुएला ने जमैका को 3-0 से हराया

**आस्टिन (अमेरिका)।** एडुअर्ड बेलो के गोल के दम पर वेनेजुएला ने कोपा अमेरिका फुटबॉल के ग्रुप बी के मैच में जमैका को 3-0 से हराया. वेनेजुएला ने ग्रुप चरण के तीनों मुकाबले जीत लिये हैं. टीम कोच फर्नांडो बतिस्ता के बिना खेल रही थी, जिन्हें मैक्सिको के खिलाफ मैच में टीम के मैदान पर देर से आने के कारण एक मैच का निलंबन झेलना पड़ा है. अब वेनेजुएला को क्वार्टर फाइनल में गत चैंपियन अर्जेंटीना से नहीं खेलना होगा.

### जम्मू-कश्मीर पर्यटन ने भारतीय टीम को बुलाया

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर पर्यटन विभाग ने टी20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम को इस जीत का जश्न मनाने यहां आने का न्योता दिया है. विभाग ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडिल पर लिखा, टीम इंडिया को टी20 विश्व कप जीतने पर बधाई. हम अपने चैंपियन को जश्न मनाने के लिए जम्मू कश्मीर आने का न्योता देते हैं. अतुल्य भारत के इस ताज में आपकी मेजबानी करना फख्र की बात होगी. भारत ने टी20 विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताब जीता.

### भारतीय महिला टीम ने टेस्ट मैच में 10 विकेट से दी करारी शिकस्त

# इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

**भाषा। चेन्नई**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एकमात्र टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को सोमवार को चौथे और आखिरी दिन दस विकेट से हरा दिया. दक्षिण अफ्रीका को दूसरी पारी में 373 रन पर आउट करने के बाद भारत को जीत के लिये 37 रन का आसान लक्ष्य मिला जो मेजबान ने बिना कोई विकेट गंवाये 9.2 ओवर में हासिल कर लिया. भारत ने पहली पारी छह विकेट पर 603 रन पर घोषित की थी. भारत के लिये सलामी बल्लेबाज शुभा सतीश ने नाबाद 13 और शेफाली वर्मा ने नाबाद 24 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया.

भारत ने इससे पहले 2002 में पार्ल में भी दक्षिण अफ्रीका को दस विकेट से हराया था. पहली पारी में 266 रन पर आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में बेहतर प्रदर्शन किया. लौरा वोल्वार्ट ने 314 गेंद में 122 और सुने लुस ने 203 गेंद में 109 रन बनाये.
अपने कल के स्कोर दो विकेट पर 232 रन से आगे खेलते हुए वोल्वार्ट और मरियाने काप ने रन बनाना जारी रखा. वोल्वार्ट ने अपना पहला टेस्ट शतक जड़ा और एक ही साल में टेस्ट, वनडे तथा टी20 में शतक बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन गई.

काप को दीप्ति शर्मा ने 31 के स्कोर पर पगबाधा आउट किया. वहीं स्नेह राणा ने डेल्मी टकर को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा. वोल्वार्ट 122 के स्कोर पर राजेश्वरी गायकवाड़ की गेंद पर पगबाधा आउट हुई. दक्षिण अफ्रीका ने 300 रन का आंकड़ा पार किया, जो भारत के खिलाफ उसका सर्वोच्च टेस्ट स्कोर है. लंच के बाद सिनालो जाफ्टा रिटायर्ड हर्ट हो गई जबकि एन्ने डेर्कसन पांच रन बनाकर पूजा वस्त्राकर का शिकार हुई. डि क्लर्क और मसाबाटा क्लास ने 23 रन की साझेदारी करके टीम को पारी की हार से बचाया.




**भारत और दक्षिण अफ्रीका महिला टीम के बीच खेले गये टेस्ट मैच का स्कोर**

**दक्षिण अफ्रीका पहली पारी: 266**

| दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी | : (फॉलोऑन) | |
|---|---|---|
| लॉरा वुलवार्टर | पगबाधा राजेश्वरी | 122 |
| ऐनेक बॉश | पगबाधा दीप्ति | 09 |
| सुने लुस | बो हरमनप्रीत | 109 |
| मारिजाने काप | पगबाधा दीप्ति | 31 |
| डेलमी | टकर का रोड्रिग्स बो राणा | 00 |
| नाडिने डि क्लार्क | बो राजेश्वरी | 61 |
| सिनालो जाफ्ता का | शुभा बो राणा | 15 |
| एन्नेरी डर्कसन | पगबाधा वस्त्राकर | 05 |
| तुमी सेखुखुने | रन आउट (राजेश्वरी) | 06 |
| मासाबाटा क्लास | बो शेफाली | 02 |
| नोनकुलुलेको म्लाबा | नाबाद | 01 |
| अतिरिक्त : | | 12 |

**कुल योग** : 154 .4 ओवर में सभी आउट : 373 रन
**विकेट पतन :** 1-16, 2-206, 3-264, 4-266, 5-281, 6-310, 7-324, 8-334, 9-357

**गेंदबाजी**

| | |
|---|---|
| रेणुका | 10-1-30-0 |
| राणा | 40-12-111-2 |
| वस्त्राकर | 16-7-35-1 |
| दीप्ति | 45-10-95-2 |
| राजेश्वरी | 30.4-12-55-2 |
| शेफाली | 3-1-7-1 |
| हरमनप्रीत | 10-0-31-1 |

**भारत दूसरी पारी**

| | |
|---|---|
| शुभा सतीश नाबाद | 13 |
| शेफाली वर्मा नाबाद | 24 |

**कुल योग:** 9.2 ओवर में बिना किसी नुकसान के: 37 रन

**गेंदबाजी**

| | | | |
|---|---|---|---|
| म्लाबा | 5-0-18-0 | टकर | 4.2-0-19-0 |

### भारत के खिलाफ टी20 में वोल्वार्ट करेंगी अगुवाई

**जोहानिसबर्ग।** सलामी बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ट भारत के खिलाफ पांच जुलाई से चेन्नई में खेली जाने वाली तीन मैचों की श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका की अगुवाई करेंगी. पीठ की चोट से उबरने के बाद क्लोई ट्रायोन की टीम में वापसी हुई है। वह एकदिवसीय श्रृंखला और एकमात्र टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं थी. हरफनमौला डेल्मी टकर और नोंडुमिसो शंगासे एकदिवसीय और एकमात्र टेस्ट के बाद स्वदेश लौट जाएंगी। इस टेस्ट मैच में टीम को सोमवार को 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा. इससे पहले तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में भी भारत ने दक्षिण अफ्रीका का सफाया किया था. टीम के मुख्य कोच डिलन डु प्रीज ने क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका द्वारा जारी एक बयान में कहा, हम टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए चुनी गई 15 खिलाड़ियों की टीम से उत्साहित हैं। चोट से उबरने के बाद हमारी टीम में क्लोई भी वापस आ गई है. वह अनुभवी खिलाड़ी है और हमें उसके मैदान पर वापसी करने का इंतजार है. पहला टी20 मैच पांच जुलाई को खेला जाएगा. अन्य मैचों को सात और नौ जुलाई को खेला जायेगा. सभी मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में होंगे.

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम ए जाएगी ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर



**भाषा। सिडनी**

भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीमें अगले महीने क्वींसलैंड में ए श्रृंखला खेलेंगी, जिसे बांग्लादेश में साल के आखिर में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए अहम माना जा रहा है. इस दौरे पर ब्रिसबेन में तीन टी20 मैच, मैके में तीन वनडे मैच और गोल्ड कोस्ट में चार दिवसीय मैच खेले जायेंगे. क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने सोमवार को कार्यक्रम का ऐलान किया. ऑस्ट्रेलियाई उपकप्तान ताहलिया मैकग्रा 20 और 50 ओवरों की टीम की कप्तान होंगी जबकि चार्ली नॉट चार दिवसीय मैच में कमान संभालेंगी.

**कार्यक्रम :** पहला टी20 , सात अगस्त, दूसरा टी20 , नौ अगस्त, तीसरा टी20 , 11 अगस्त , पहला वनडे , 14 अगस्त, दूसरा वनडे, 16 अगस्त, तीसरा वनडे , 18 अगस्त, चार दिवसीय मैच , 22 से 25 अगस्त.

## शतरंज : प्रज्ञानानंदा को वेस्ली सो ने बराबरी पर रोका

**भाषा। बुकारेस्ट (रोमानिया)**

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में एक बार फिर शानदार स्थिति में होने बावजूद अमेरिका के वेस्ली सो के खिलाफ जीत दर्ज करने में नाकाम रहे और यह मुकाबला ड्रॉ पर छूटा. इस दौरान दिन के पांचों मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए. अमेरिका के फैबियानो कारूआना 3.5 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बने हुए हैं. विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश और प्रज्ञानानंदा उनसे आधा अंक पीछे संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं. फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा और मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव के साथ रूस के इयान नेपोमनियाश्चि और वेस्ली 2.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं जबकि हॉलैंड के अनीश गिरी और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव उन से आधा अंक पीछे हैं. स्थानीय खिलाड़ी डीक बोगडान-डैनियल 1.5 अंकों के साथ सबसे नीचे हैं. गुकेश अब्दुसात्तोरोव के खिलाफ अच्छी स्थिति का फायदा नहीं उठा सके और उन्हें भी ड्रॉ से संतुष्ट होना पड़ा. वाचिएर-लाग्रेव कारूआना को तो वही बोगडान-डैनियल नेपोमनियाश्चि को ड्रॉ पर रोकने में सफल रहे. प्रज्ञानानंदा को चालों की सटीक गणना और रणनीतिक मजबूती के लिए जाना जाता है लेकिन वह दबदबा बनाने के बाद कुछ चूक कर बैठे.

## आईओए ईसी सदस्यों ने भत्ता नहीं लेने का फैसला लिया

**भाषा। नयी दिल्ली**

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की कार्यकारी परिषद (ईसी) के सदस्यों ने पेरिस ओलंपिक के दौरान यात्रा भत्ता नहीं लेने का फैसला किया है. परिषद के सदस्यों को इस बात की चिंता है कि अगर वे पेरिस ओलंपिक के लिए एथलीटों से अधिक भत्ता स्वीकार करेंगे, तो उनकी छवि को नुकसान होगा.

आईओए की कार्यकारी परिषद ने यह भी कहा कि वे विदेश यात्रा के लिए सरकारी धन पर निर्भर नहीं है क्योंकि सभी सदस्य 'अच्छी पृष्ठभूमि' से आते हैं. बजट अनुमान के मुताबिक आईओए कार्यकारी परिषद के सदस्यों को प्रतिदिन 300 डॉलर (लगभग 25,000 रुपये) मिलने थे. सदस्यों को उनकी पांच दिवसीय यात्रा के दौरान आवास के लिए प्रति दिन अतिरिक्त 1000 डॉलर (लगभग 84,000 रुपये) भी मिलने थे. ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का भत्ता प्रति दिन 50 डॉलर तय किया गया था, जबकि ओलंपिक क्वालीफिकेशन हासिल के लिए प्रत्येक खिलाड़ी के लिए अलग से दो लाख रुपये की राशि भी स्वीकृत की गई थी. ईसी के सदस्यों को इस बात से चिंता थी कि खिलाड़ियों से अधिक भत्ता लेने पर जनता में गलत संदेश गया है. उन्होंने रविवार को शहर के एक होटल में आयोजित भारतीय दल की विदाई समारोह के कार्यक्रम से पहले इस बारे में चर्चा की.

### नीरज चोपड़ा पेरिस डायमंड लीग नहीं खेलेंगे : रिपोर्ट

**नयी दिल्ली।** ओलंपिक और विश्व चैम्पियन भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशी में असहजता के कारण रविवार को होने वाली पेरिस डायमंड लीग में भाग नहीं लेंगे. ईएसपीएन से बातचीत में चोपड़ा ने कहा कि वह ट्रेनिंग और थ्रो करते समय ब्लॉकिंग करने वाले अपने पैर को मजबूत बनाने के लिये काम कर रहे हैं. उन्होंने कहा, मुझे थ्रो करते समय ब्लॉकिंग करने वाले पैर को मजबूत करना होगा क्योंकि उसी समय ग्रोइन में खिंचाव आता है. हम इस पर काम कर रहे हैं. मैं कुछ और टूर्नामेंट खेल सकता था और खेलना भी चाहता था, लेकिन मुझे लगा कि स्वास्थ्य सर्वोपरि है. थोड़ी भी असहजता महसूस होने पर रूक जाना ही ठीक है.

## जॉर्जिया को 4-1 से हराकर स्पेन क्वार्टर फाइनल में

- बेलिंगम के गोल से इंग्लैंड ने स्लोवाकिया को हराया

**एजेंसी। कोलोन (जर्मनी)**

शुरुआती आत्मघाती गोल से उबरते हुए स्पेन ने जॉर्जिया को 4-1 से हराकर यूरो 2024 फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया. स्पेन के रॉबिन ले नोरमांड ने 18वें मिनट में आत्मघाती गोल करके जॉर्जिया को बढ़त दे दी थी. इसके बाद रौड्री और फेबियन रूई ने गोल करके स्पेन को मैच में लौटाया. निको विलियम्स और डानी ओल्मो ने बाकी दो गोल किये. स्पेन का सामना शुक्रवार को स्टटगार्ट में क्वार्टर फाइनल में मेजबान जर्मनी से होगा. इस हार के साथ ही जॉर्जिया के स्वर्णिम अभियान पर रोक लग गई, जिसने

**यूरो 2024**



क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल टीम को 2-0 से हराया था.

**इंग्लैंड भी क्वार्टरफाइनल में :** जूड बेलिंगम के बेहतरीन गोल से इंग्लैंड ने स्लोवाकिया को 2-1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपिंयनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया. एक समय पर लग रहा था कि इंग्लैड यूरो चैपिंयनशिप के सबसे बड़े उलटफेर का शिकार हो जायेगा, जब स्लोवाकिया स्टॉपेज टाइम तक इवान शरांज के गोल के दम पर 1-0 से आगे चल रहा था. बेलिंगम ने हालांकि अतिरिक्त समय में बराबरी का गोल दागा और हैरी केन ने विजयी गोल करके 1966 के बाद पहला बड़ा खिताब जीतने की इंग्लैंड की उम्मीदों को कायम रखा.

**कोपा अमेरिका**

### मैक्सिको से ड्रॉ के बाद इक्वाडोर क्वाफा में

**ग्लेनडेल।** इक्वाडोर ने स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी शॉट बचाया और मैक्सिको से गोलरहित ड्रॉ के बाद उसने कोपा अमेरिका फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली. मैक्सिको ने दूसरे हाफ में कई हमले किये जिन्हें इक्वाडोर ने बचाया. अब इक्पाडोर का सामना बृहस्पतिवार को ग्रुप ए की विजेता अर्जेंटीना से होगा. मैक्सिको चौथी बार ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ सका है. दो साल पहले कतर में विश्व कप से टीम पहले ही दौर में बाहर हो गई थी.

**फैसला** जय शाह ने यह नहीं बताया कि राहुल द्रविड़ के जाने के बाद किसके नाम पर मुहर लगी है

# श्रीलंका दौरे से कार्यभार संभालेंगे टीम इंडिया के नये कोच : जय शाह

**भाषा। ब्रिजटाउन**

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सोमवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के नये मुख्य कोच इस महीने के आखिर में श्रीलंका में सीमित ओवरों की श्रृंखला के साथ टीम से जुड़ेंगे. हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि राहुल द्रविड़ के जाने के बाद किसके नाम पर मुहर लगी है. पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर के नाम की अटकलें लगाई जा रही हैं. क्रिकेट सलाहकार समिति ने गंभीर और भारतीय महिला टीम के पूर्व कोच डब्ल्यू वी रमन के इंटरव्यू लिये हैं. शाह ने कहा कि एक चयनकर्ता की नियुक्ति भी शीघ्र की जायेगी. शाह



टी20 विश्व कप के लिए वेस्टइंडीज आये हैं, जिसमें भारत ने फाइनल में श्रीलंका को सात रन से हराकर खिताब जीता. शाह ने चुनिंदा मीडिया से कहा, कोच और चयनकर्ता की नियुक्ति जल्दी ही होगी. सीएसी ने दो उम्मीदवारों के इंटरव्यू लिये हैं और मुंबई जाने के बाद जो उनका फैसला होगा, हम उस पर अमल करेंगे. जिम्बाब्वे दौरे पर वीवीएस लक्ष्मण जायेंगे लेकिन नया कोच श्रीलंका श्रृंखला से ही जुड़ेगा. भारतीय टीम 27 जुलाई से तीन टी20 और तीन वनडे खेलने श्रीलंका जायेगी. भारत के 11 साल बाद आईसीसी खिताब जीतने पर खुशी जताते हुए शाह ने रोहित शर्मा और विराट कोहली की तारीफ की. विराट, रोहित और रविंद्र जडेजा ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ले ली है. पिछले साल भी यही कप्तान था और यहां भी. हमने पिछले साल भी फाइनल को छोड़कर सारे मैच जीते. इस बार और मेहनत करके खिताब जीता. दूसरी टीमों से तुलना करें तो अनुभव मायने रखता है.

### चैंपियंस ट्रॉफी, डब्ल्यूटीसी में होंगे सीनियर अगला टी20 कप्तान चयनकर्ता चुनेंगे : शाह

**ब्रिजटाउन।** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सोमवार को कहा कि अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी और भारत के क्वालीफाई करने पर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में सीनियर खिलाड़ी होंगे जबकि अगले टी20 कप्तान के बारे में फैसला चयनकर्ता लेंगे. यहां चुनिंदा मीडिया से बात करते हुए शाह ने टी20 विश्व कप में मिली खिताबी जीत में सीनियर खिलाड़ियों के प्रदर्शन की तारीफ की. टूर्नामेंट के बाद कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा ने टी20 प्रारूप को अलविदा कह दिया. शाह ने कहा, इन तीनों दिग्गजों के संन्यास के साथ बदलाव की शुरुआत हो चुकी है. उन्होंने कहा,जिस तरह से यह टीम खेल रही है, हमारा लक्ष्य विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और चैंपियंस ट्रॉफी जीतना है. लगभग यही टीम उसमें खेलेगी. सीनियर भी टीम में होंगे. इसके मायने हैं कि फिट रहने पर सीनियर खिलाड़ी पाकिस्तान में फरवरी मार्च में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारतीय टीम के नौ वनडे मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे.

## आनंद ने 10वीं बार लियोन मास्टर्स का खिताब जीता

**भाषा। लियोन (स्पेन)**

पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद लियोन मास्टर्स के फाइनल में स्पेन के जैमे सैंटोस लटासा को 3-1 से हराकर यहां दसवीं बार चैंपियन बनें. आनंद ने 28 साल पहले 1996 में यहां अपना पहला खिताब जीता था. इस प्रारूप में चार खिलाड़ी शामिल थे, जिसमें आनंद और उनके हमवतन अर्जुन एरिगैसी के अलावा बुल्गारिया के वेसेलिन टोपालोव और लटासा शामिल थे. इसमें 20-20 मिनट के चार गेम खेले जाते हैं, जिसमें हर चाल के बाद खिलाड़ियों को अगली चाल चलने के लिए 10 सेकंड अधिक मिलते हैं. विश्व रैंकिंग में



चौथे स्थान पर काबिज अर्जुन को दूसरे सेमीफाइनल में लटासा ने 2.5-1.5 के स्कोर से हराकर उलटफेर किया था. इससे पहले शुरुआती सेमीफाइनल में टोपालोव के खिलाफ आनंद ने तीसरे गेम में जीत दर्ज की, जबकि तीन और गेम बराबरी पर छूटे. भारतीय दिग्गज ने 2.5-1.5 से जीत के साथ फाइनल में जगह पक्की की थी.

## ब्रीफ खबरें

### मंदिर के पास युवक का शव बरामद, मचा हड़कंप

**नवादा।** नवादा जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र के बड़राजी-विशनपुर मुख्य पथ पर बजरंगबली मन्दिर के पास सोमवार को बंसेड़ी से पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है. बरामद शव थाना क्षेत्र के रामपुर बलुआ गांव निवासी सेवानिवृत्त पंचायत सचिव बैजनाथ यादव के 30 वर्षीय पुत्र सुबोध यादव की है. आशंका जताई जा रही है कि युवक ने आत्महत्या की है. घटनास्थल के पास सल्फास की टिकिया के खाली प्लास्टिक भी बरामद किया गया है.

### वैशाली में बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की

- पिता और दो पुत्रों को मारी गोली, एक की घायल, पटना रेफर

**वैशाली।** वैशाली जिले के महुआ थाना क्षेत्र के छतवारा स्थित वाया नदी पुल के समीप बाइक सवार बदमाशों ने दो मासूम बच्चों के साथ पिता को गोली मारकर घायल कर दिया. घटना में गंभीर रूप से घायल युवक (पिता) को पटना रेफर कर दिया गया. बताया गया है कि पंकज कुमार मिश्रा अपने दो पुत्र 8 वर्षीय विपुल कुमार तथा 4 वर्षीय वागीश कुमार के साथ बाइक से रविवार की शाम साढ़े चार बजे के समीप छतवारा हाट से सब्जी खरीद कर घर लौट रहा था, तभी यह हादसा हुआ.

### बेतिया से दो साइबर बदमाश गिरफ्तार

**बेतिया।** प. चंपारण के बेतिया पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है. बेतिया के मझौलिया थाना क्षेत्र से शातीर साइबर फ्राड मिंटू आलम उर्फ अबरार और इम्तियाज को पुलिस ने धर दबोचा है. 11 विभिन्न कंपनियों के मोबाइल, 4 अलग अलग कंपनी के सिम कार्ड, 11 विभिन्न बैंको के एटीएम कार्ड और 7 लाख 10 हजार नगद भी पुलिस ने इनके पास से बरामद किया है. इस संबंध मे बेतिया सदर डीएसपी विवेक कुमार द्विप ने बताया कि बेतिया और आसपास के क्षेत्रों में बढ़ते साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे थे. इन शातिरों पर पुलिस की पैनी नजर बना रखी थी.

## कोसी निगल रही है जमीन, उजड़ने लगे सैकड़ों घर

# सालाना 50 लाख खर्च के बाद भी विस्थापित हो रहे हैं लोग

**संवाददाता। खगड़िया**

सात नदियों से घिरे खगड़िया जिले के तीन ऐसे प्रखंड हैं, जहां के लोग नदियों के दंश झेल रहे. इन जगहों पर कटाव के कारण हर वर्ष सैकड़ो परिवार विस्थापित होते हैं, जो अपने घर को छोड़कर खेती-बाड़ी से भी दूर हो जा रहे हैं. दरअसल, खगड़िया जिले के बेलदौर प्रखंड के 4 पंचायत तेलीहार, डुमरी, बलैठा, इतमादि, पचाठ एवं गोगरी प्रखंड के 2 पंचायत सहरौन और बिरबास सहित चौथम प्रखंड के सिसवा आदि जगहों में हर वर्ष कोसी और बागमती नदी अपना रौद्र रूप धारणधारण करती है. इसके कारण इन इलाकों के उपजाऊ जमीन और लोगों के घर नदी में समा रहे हैं. जो हर वर्ष दर्जनों परिवार को बेघर कर रहा है.


लबालब भरी कोसी नदी.

**प्रत्येक दिन 2 से 3 फीट का कटाव, भयभीत हैं ग्रामीण :** कोसी और बागमती नदी में हो रहे कटाव के कारण प्रत्येक दिन दो से तीन फीट जमीन नदी के आगोश में समा रही है. इस वर्ष भी कोसी नदी किनारे हो रहे कटाव की रफ्तार तेज हो गई है. इसके कारण ग्रामीण डरे सहमे हैं.

**बीपी मंडल सेतु भी बना है अभिशाप :** कोसी और बागमती नदी पर बने बीपी मंडल सेतु (डुमरी पुल) भी बेलदौर प्रखंड के तेलीहार, डुमरी, बलैठा, इतमादि एवं गोगरी प्रखंड के सहरौन और बिरबास के लिए मुसीबत का सबब बन गया है.

**लाखों के खर्च के बाद भी स्थिति भयावह**

विभाग की मानें तो खगड़िया में कोसी नदी और बागवती नदी के कटाव की रोकथाम के लिए प्रत्येक वर्ष करीब 50 लाख रुपए खर्च हो रहे हैं. बावजूद कटाव की स्थिति जस की तस बनी हुई है. कोसी कटाव के रोकथाम को लेकर हर वर्ष कटाव निरोधात्मक कार्य या फिर फ्लड फाइटिंग के नाम पर सरकारी रकम खर्च करना ढाक के तीन पात साबित हो रहा है. बाढ़ प्रमंडल-2 के जूनियर इंजीनियर मनिकांत पटेल बताते हैं कि कटाव निरोधक कार्य तेजी से किया जा रहा है. पचाठ, मुनिटोला, गाँधी नगर और इत्मादी में कटाव हो रहा है. जिसपर विभाग नजर बनाए हुए है.

## रहस्यमय तरीके से नवादा से पांच बालक लापता, मचा कोहराम

**संवाददाता। नवादा**

**खास बातें**

- नवादा जिले के तुर्कावन गांव में घटना के बाद खलबली
- परिजनों ने थाने में आवेदन दे कार्रवाई की मांग की

नवादा जिले के धमाल थाने के तुर्कावन गांव से पांच लड़के रहस्यमय तरीके से लापता हो गये है, जिसकी सूचना सोमवार को परिजनों ने थाने में देकर कार्रवाई की मांग की है.इस घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है. थाना प्रभारी ने बताया कि गांव के तनिष्क कुमार ,कुंदन कुमार, पंकज कुमार, छोटू उर्फ रणधीर कुमार, रिशु कुमार रविवार की शाम से ही रहस्यमय तरीके से गायब हो गए हैं,जिसकी सूचना सोमवार को ग्रामीणों ने आकर थाने को दी है. पुलिस इसे एक गंभीर मामला मानते हुए जांच कर रही है. संभावना व्यक्त की जा रही है कि अपहरणकर्ता गिरोह के लोगों ने ही इस घटना को अंजाम दिया है. सभी लड़कों का उम्र 10 से 12 वर्ष के बीच है. पुलिस का मानना है कि इतने कम उम्र के बच्चों का लापता होना एक गंभीर मामला है. समाज में बच्चों को जागरूक करना जरूरी है,

## निशाने पर इस बार लालू यादव की पार्टी

# एक और पुल धंसा सियासत गरमायी

**संवाददाता। किशनगंज**

किशनगंज में एक और पुल धंसने के बाद बिहार में सियासत शुरू हो गई है. भारतीय जनता पार्टी के नेता अब सीधे राष्ट्रीय जतना दल पर हमला बोल रहे हैं. उनका आरोप है कि यह पुल राजद के दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री के फंड से बना था. अब बिहार सरकार इस मामले की जांच करवाएगी कि राजद के तत्कालीन सांसद ने उस वक्त कितना पैसा खाया था. भाजपा प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि किशनगंज में जो पुल धंसा है, उसे राजद के तत्कालीन सांसद दिवंगत तसलीमुद्दीन के फंड से बना था. इस पुल का निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया इसलिए आज ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है.

**तत्कालीन सांसद ने कितना पैसा खाया था :** भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि बिहार सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लिया है. अन्य सभी पुल के साथ इस पुल की भी जांच करवाई जाएगी. आखिर तत्कालीन सांसद ने कितना पैसा खाया था. जांच के बाद सारी बात स्पष्ट हो जाएगी. 2007-2008 में इस पुल का निर्माण हुआ था. जांच में जो दोषी पाए जाएंगे वह बख्शे नहीं जाएंगे.


धंसा हुआ पुल.

**पुल का पिलर करीब एक फुट धंस गया है**

मामला किशनगंज जिले के ठाकुरगंज प्रखंड का है. जहां तेज बारिश के बाद नदी का जलस्तर बढ़ गया, जिससे बूंद नदी पर बना पुल का पिलर करीब एक फुट धंस गया है. यह पुल ठाकुरगंज के पथरिया पंचायत स्थित खोशी डांगी गांव में तत्कालीन सांसद मो. तस्लीम उद्दीन के सांसद कोष से 2007-8 में बनाया गया था. लेकिन सोमवार को पानी का दबाव नहीं झेल पाया और पिलर एक से डेढ़ फुट धंस चुका है. स्थानीय पूर्व मुखिया जवाहर सिंह ने बताया कि यह पुल तीन से चार पंचायतों को जोड़ता है. अगर यह पुल धराशायी हो जाता है तो 50 से 60 हजार आबादी प्रभावित होगी.

### सड़क हादसे में महिला समेत तीन लोगों की मौत

**सासाराम।** सड़क हादसे में महिला समेत तीन लोगों को मौत हो गई. घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खंडा गांव के पास हुई. जहां अनियंत्रित कार ओवरटेक करने के चक्कर में ट्रक से टकरा गई. जिससे कार सवार एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई. मृतक दंपती वीरेंद्र पांडेय तथा इंद्रा देवी थे, जो बघैला थाना के परिया गांव के निवासी थे. वहीं एक अन्य युवक गुड्डू कुमार अगरेर थाना के खुडनू का निवासी था. बताया जाता है कि वीरेंद्र अपनी पत्नी व पुत्री संध्या कुमारी का इलाज करा कर जमुहार के मेडिकल कॉलेज से अपने गांव जा रहे थे. कार में गुड्डू भी थे. रास्ते में सासाराम - अकोढीगोला रोड के खंडा के पास ओवरटेक करने के चक्कर में कार एक ट्रक से टकरा गई और दुर्घटनाग्रस्त हो गई. जिसमें बुजुर्ग दंपति के अलावा गुड्डू की भी मौत हो गई.

## ग्राहक बनकर घुसे बदमाश, स्टाफ को बंधक बनाकर की लूटपाट

# शेखपुरा में दिनदहाड़े 45 लाख की बैंक डकैती

**संवाददाता। शेखपुरा**

शेखपुरा में सोमवार दिनदहाड़े बैंक डकैती हुई है. करीब 10 बदमाश बरबीघा के श्रीकृष्ण चौक स्थित एक्सिस बैंक में घुसे. बैंक के कर्मचारियों को जब तक शक हुआ तब तक बदमाशों ने हथियार निकाल लिया और सभी को बंधक बना लिया. इसके बाद कैश काउंटर और लॉकर में रखे करीब सारे कैश लूट लिया. इतना ही नहीं, बदमाशों ने बैंक के अंदर मौजूद ग्राहकों से भी लूटपाट की. कुल 45 लाख रुपये लूट की बात सामने आ रही है. इधर, घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. आसपास के लोगों की भीड़ लग गई. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. पुलिस अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है. पुलिस के अनुसार, बैंक लूट की बात सामने आ रहे हैं. कितनी राशि की लूट हुई है? इसका अब तक पता लगाया जा रहा है. सीसीटीवी की मदद से अपराधियों की तलाश की जा रही है. बैंक के स्टाफ और मैनेजर से भी जानकारी ली जा रही है.



**बैंक के स्टाफ के साथ बदमाशों ने मारपीट भी की :** प्रत्यक्षदर्शी ने अनुसार, सुबह 10 बजे बैंक खुलने के कुछ देर बाद करीब 10 बदमाश अंदर आए. वह अलग-अलग जगह पर खड़े हो गए. कुछ देर बाद बदमाशों ने हथियार निकाल लिया और पहले सबके फोन को जब्त कर लिया.

# चार गौ तस्कर गिरफ्तार

**बांका।** मवेशी तस्कर कंटेनर में क्रूरता से लादकर 33 गोवंश ले जा रहे थे लेकिन पुलिस ने अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया. इस मामले में चालक और उप चालक सहित चार लोगों की गिरफ्तारी की गई है. बताया जा रहा है कि कंटेनर को तस्करों द्वारा कैमूर जिले से बांका ले जाया जा रहा था. पुलिस ने जब कंटेनर पकड़ा तो उसमें 27 बैल और छह गाय मिलीं. कंटेनर से मवेशियों की तस्करी कर ले जा रहे चालक-उपचालक सहित चार लोगों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है. कंटेनर में क्रूरता से ठूंस-ठूंसकर 27 बैल और छह गायें लादी गई थीं. इनमें से एक बैल की मृत्यु भी हो गई थी. गिरफ्तार लोगों में गया जिले के शेरघाटी थाना क्षेत्र के रजीगंज गांव निवासी जुनैद खान, सासाराम मुरादाबाद गांव निवासी मिराज कुरैशी, सलीम और शहबाज शामिल हैं. सभी के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम की तहत जो भी धारा हैं उसमें केस किया गया.

**पेज एक का शेष....**

### हिंदू हिंसा नहीं फैला सकता

**लिख के ले लो, गुजरात में हम आप को हराएंगे :** राहुल गांधी ने कहा कि इनकम टैक्स, ईडी सब स्मॉल बिजनेस ऑनर्स के पीछे पड़े रहते हैं जिससे अरबपतियों का रास्ता साफ हो. मैं गुजरात गया था, टेक्सटाइल इंडस्ट्री वालों ने बताया कि अरबपतियों का रास्ता साफ करने के लिए जीएसटी लाया गया. इस पर किसी ने कहा कि गुजरात भी जाते हैं क्या. राहुल गांधी ने कहा कि जाता रहता हूं. उन्होंने ये भी कहा कि इस बार गुजरात में आपको हराएंगे. लिख के ले लो आपको इस बार गुजरात में हराएंगे.

**मोदीजी से हाथ मिलाते समय झुकते हैं स्पीकर :** राहुल गांधी ने ओम बिरला के स्पीकर चुने जाने का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि जब आप स्पीकर चुने गए थे, मैं भी आपको आसन तक लेकर गया था. राहुल गांधी ने कहा कि इस चेयर पर दो व्यक्ति बैठे हैं- एक लोकसभा के स्पीकर और दूसरे ओम बिरला. उन्होंने कहा कि आप मुझसे हाथ मिलाते समय सीधे रहते हैं, मोदीजी से हाथ मिलाते समय झुकते हैं. अमित शाह ने इसे आसन का अपमान बताया. इसके बाद ओम बिरला ने कहा कि हमारे संस्कार हैं कि बड़ों के सामने झुकना चाहिए और बराबर के लोगों से कैसे मिलना है. राहुल गांधी ने कहा कि आप सदन के कस्टोडियन हैं, आपसे बड़ा कोई नहीं है. आपको किसी के सामने नहीं झुकना चाहिए. मैं आपके सामने झुकूंगा, पूरा विपक्ष आपके सामने झुकेगा. लोकसभा में स्पीकर से बड़ा कोई नहीं होता, स्पीकर का बयान ही आखिरी होता है.

**हेमंत सोरेन और केजरीवाल जेल में हैं, ये डिस्टर्ब करता है :** राहुल गांधी ने सरकार पर रोजगार को खत्म करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आप सरकारी क्षेत्र का निजीकरण कर रहे हो. उन्होंने कहा कि यहां कांग्रेस पार्टी नहीं, विपक्ष के नेता के तौर पर हर छोटी पार्टी को रिप्रेजेंट कर रहा हूं. जब हेमंत सोरेन और केजरीवाल जेल में हैं, ये मुझे डिस्टर्ब करता है. मुझपर फर्जी मुकदमे लगा दिए गए हैं. मुझसे ईडी ने पूछताछ की, अफसर भी हैरान थे. इंडिया ब्लक़ के नेताओं को जेल में रखा है. ओबीसी-एससी-एसटी की बात करने वालों पर मुकदमे किए जा रहे हैं. राहुल गांधी ने भगवान शिव की अभय मुद्रा का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस अभय मुद्रा में है. उन्होंने अलग-अलग धर्मों का जिक्र करते हुए कहा कि इनमें भी अभय मुद्रा दिखाई देती है.

**आपने हर व्यक्ति के लिए डर का पैकेज दिया :** राहुल गांधी ने कहा कि आपने हर व्यक्ति के लिए डर का पैकेज दिया. रोजगार तो आपने खत्म कर दिया. अब नया फैशन निकला है नीट. एक प्रोफेशनल स्कीम को आपने कॅमर्शियल स्कीम में तब्दील कर दिया. गरीब मेडिकल कॉलेज नहीं जा सकता. पूरा का पूरा एग्जाम अमीर बच्चों के लिए बनाया है. हजारों करोड़ रुपए बन रहे हैं और कॉमर्शियल पेपर आपने जो बना रखे हैं, सात साल में 70 पेपर लीक हुए हैं. प्रेसिडेंट एड्रेस में न पेपर लीक की बात होगी न अग्निवीर की बात होगी. हम एक दिन के डिस्कशन की मांग की, सरकार ने बोला - नहीं, नहीं हो सकता.

**आप किसानों से बात नहीं करते, आतंकी बताते हो :** राहुल गांधी ने कहा कि किसानों के लिए हमने जो भूमि अधिग्रहण बिल तैयार किया था सही मुआवजा दिलाने के लिए, उसे आपने रद्द कर दिया. सत्ता पक्ष की ओर से ऑथेंटिकेट करने की मांग पर राहुल ने कहा कि कर देंगे ऑथेंटिकेट.उन्होंने कहा कि किसानों को डराने के लिए तीन नए कानून लाए. प्रधानमंत्रीजी ने कहा आपके फायदे के कानून हैं. सच्चाई थी कि ये अंबानी-अडानी के फायदे के कानून थे. किसान सड़क पर आ गए. आप किसानों से बात तक नहीं करते. आप गले नहीं लगते, आप उन्हें आतंकी कहते हो. आप कहते हो ये सब आतंकी हैं. इस पर अमित शाह ने आपत्ति जताते हुए कहा कि वे इसे ऑथेंटिकेट करें. आप नियमों के परे जाकर उन्हें रियायत दे रहे हो, ऐसे नहीं चल सकता. राहुल गांधी ने कहा कि हमने किसानों के लिए सदन में मौन की बात की, आपने वो भी नहीं किया.

**मणिपुर इनके लिए एग्जिस्ट नहीं करता :** राहुल गांधी ने कहा कि मणिपुर इनके लिए एग्जिस्ट ही नहीं करता. उन्होंने एक राहत शिविर में जाने का जिक्र करते हुए कहा कि पता नहीं क्या ट्यूनिंग हो गई इनकी भगवान से. रात आठ बजे भगवान का मैसेज आया होगा, मोदीजी नोटबंदी कर दीजिए. डायरेक्ट ऊपर से आया मैसेज खटाक. खटाखट खटाखट ऑर्डर आते हैं. इस पर स्पीकर ने कहा कि पीएम नेता सदन होते हैं, हमें इनका सम्मान करना चाहिए. राहुल ने कहा कि मैं सम्मान करता हूं, ये मैं नहीं कह रहा, इनके शब्द हैं.

**देश में पहली बार स्टेटहुड छिना गया :** राहुल गांधी ने कहा कि हिंदुस्तान के लिए पहली बार किसी राज्य से स्टेटहुड छिना गया. जम्मू कश्मीर से राज्य का दर्जा छिना गया. उन्होंने मणिपुर का मुद्दा उठाया और कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के लिए ये एग्जिस्ट ही नहीं करता. हम मणिपुर गए और प्रधानमंत्री से यह अपील की कि मणिपुर को बचाइए. उनकी ओर से कोई जवाब नहीं आया. इस पर किसी ने जवाब के लिए कहा. फिर राहुल गांधी ने कहा कि इस पर जवाब नहीं आएगा.

**अग्निवीर यूज एंड थ्रो मजदूर :** राहुल गांधी ने एक अग्निवीर की शहादत का जिक्र करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी उसे शहीद नहीं कहते. उसके परिजनों को पेंशन नहीं मिलेगी. आम जवान को पेंशन मिलेगी, सरकार उसकी मदद करेगी लेकिन अग्निवीर को जवान नहीं कहा जा सकता. अग्निवीर यूज एंड थ्रो मजदूर है. राहुल गांधी ने कहा कि आप जवान और जवान के बीच में फूट डालते हो और फिर अपने आपको देशभक्त कहते हो. ये कैसे देशभक्त हैं. फिल्म स्टार जैसी फोटो थी उसकी. मैं सोच रहा था देखो.

**मोदी तो भाजपा वालों को डराते हैं :** राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि मोदीजी अयोध्या के लोगों की छोड़ो, बीजेपी वालों को डराते हैं. राजनाथ और गडकरी जी इनके सामने नमस्ते तक नहीं करते.

## कारोबार

### ग्लोबल इंडिया एआई समिट 3-4 जुलाई को

**नयी दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय कृत्रिम मेधा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए तीन-चार जुलाई को वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन का आयोजन करेगा. प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, भारत इस नए युग की प्रौद्योगिकी की नैतिक और समावेशी वृद्धि के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है. ग्लोबल इंडिया एआई समिट के जरिए भारत स्वयं को एआई नवाचार में वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करने की आकांक्षा रखता है. सुनिश्चित करना चाहता है कि एआई के लाभ सभी के लिए सुलभ हों.

### इरेडा का कर्ज बढ़कर 9,136 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी इरेडा ने सोमवार को कहा कि उसने अप्रैल-जून 2024 में 9,136 करोड़ रुपये के कर्ज को मंजूरी दी, जो सालाना आधार पर कई गुना वृद्धि को बताता है. समीक्षाधीन अवधि में कर्ज वितरण भी 67.61 प्रतिशत बढ़कर 5,320 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 3,174 करोड़ रुपये था. भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) ने एक बयान में कहा कि 30 जून, 2024 तक कुल बकाया ऋष्ा 63,150 करोड़ रुपये था, जो अप्रैल-जून 2023 के 47,207 करोड़ रुपये से 33.77 प्रतिशत अधिक है.

### आईएआरआई ने टीआर शर्मा को निदेशक बनाया

**नयी दिल्ली।** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) ने टीआर. शर्मा को अपना नया निदेशक नियुक्त किया है. शर्मा वर्तमान में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) में उप महानिदेशक (फसल विज्ञान) के पद पर कार्यरत हैं. उन्हें निदेशक पद की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है. फसल विज्ञान और पादप जैव प्रौद्योगिकी में अपने कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले शर्मा के खाद्य सुरक्षा तथा टिकाऊ खेती में चुनौतियों का समाधान करने में आईएआर के प्रयासों का नेतृत्व करने की उम्मीद है.

## इस बॉन्ड से भारत में हर महीने लगभग 2-3 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आएगा

# भारतीय सरकार बॉन्ड जेपी मॉर्गन इंडेक्स में शामिल

**भाषा। नयी दिल्ली**

भारतीय कंपनियों के लिए फंड जुटाना बड़ी समस्या रही है. इसके लिए उनकी नजर खासकर विदेशी निवेशकों पर रहती है. लेकिन अब उनकी समस्या का समाधान भी सरलता से होगा. इसकी वजह भारतीय सरकार बॉन्ड का ग्लोबल होना है. दरअसल भारतीय सरकारी बॉन्ड जेपी मॉर्गन चेस एंड कंपनी के उभरते बाजारों के बॉन्ड इंडेक्स में शामिल हो गए हैं. यह भारतीय कंपनियों के लिए अच्छी खबर मानी जा रही है. माना जा रहा है कि जेपी मॉर्गन इंडेक्स में शामिल होने से भारतीय कंपनियों को कुछ बदलाव देखने को मिलेंगे.

इससे भारत की कंपनियों को अच्छा मुनाफा हो सकता है. जो सबसे बड़ी बात है, वह यह कि इससे भारत की कंपनियों के लिए फंड जुटाना आसान और सस्ता हो जाएगा. बाजार के जानकारों को उम्मीद है कि इससे भारत में हर महीने लगभग 2-3 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आएगा. यह भारतीय बाजारों की पूरी तस्वीर ही बदल देगा. सरकार के लिए यह कर्ज जुटाने की लागत को काफी हद तक कम कर देगा. इसका अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक असर पड़ने की उम्मीद है. सरकारी बॉन्डों में विदेशी निवेश बढ़ने के कारण घरेलू निवेशकों को भारतीय कंपनियों की ओर से जारी किए गए लोन पर ध्यान देने का ज्यादा मौका मिलेगा. इससे भारतीय कंपनियों को कम ब्याज दर पर अच्छा फंड जुटाने में मदद मिलेगी.

पिछले साल अक्टूबर में इस घोषणा के बाद से नॉन-रेजिडेंट्स ने भारतीय सरकारी बॉन्डों में लगभग 10 अरब डॉलर झोंके हैं. यूएसडी-सेटेल्ड आईएनआर-डिनॉमिटेड सुपरनेशनल बॉन्ड के जरिये अतिरिक्त 5 अरब डॉलर का निवेश किया है. इसकी घोषणा पिछले साल सितंबर में हुई थी. स्टैंडर्ड चार्टर्ड की पारुल मित्तल सिन्हा ने कहा कि अच्छे मैक्रो और एक स्थिर मुद्रा के साथ भारत मजबूत डायवर्सिफिकेशन ऑप्शन है. इसके बाद हर महीने 2-3 अरब डॉलर के विदेशी प्रवाह की उम्मीद है. अमेरिका की ओर से ब्याज दरों में कटौती के साथ इस फ्लो में तेजी आने की संभावना है. जून में अकेले 2.3 अरब डॉलर के निवेश के साथ मार्च 2025 के अंत तक इंडेक्स ट्रैकर्स का भारत को आवंटित भार 10 फीसदी होगा. उन्होंने आगे कहा कि इस इंक्लूजन से उभरते बाजारों में विकसित बाजारों के प्रवाह को फिर से जीवंत करने में मदद मिल सकती है.

आईआईएफएल सिक्योरिटीज के जीवी गिरि के मुताबिक, ट्रेडर्स पहले से ही इस इंक्लूजन के लिए प्री-पोजीशनिंग कर रहे हैं. छोटे फंड पार्टिसिपेटरी नोटों के जरिये भारतीय बॉन्ड में निवेश कर सकते हैं. अप्रैल 2025 तक ऐक्टिव फंडों सहित कुल निवेश लगभग 30-35 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है. बाजार के जानकारों का मानना है कि यह कदम भारत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है. यह विदेशी निवेश को आकर्षित करने, ब्याज दरों को कम करने और रुपये को मजबूत करने में मदद करेगा. यह भारतीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देगा. जानकारों का मानना है कि यह केवल सरकारी बॉन्ड के लिए है, न कि कॉरपोरेट बॉन्ड के लिए. रुआती तौर पर केवल 10% भारतीय सरकारी बॉन्ड को इंडेक्स में शामिल किया जाएगा. धीरे-धीरे यह हिस्सेदारी 30% तक बढ़ाई जाएगी. जीबीआई-ईएस इंडेक्स दुनिया का सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला उभरते बाजारों के सरकारी बॉन्ड वाला इंडेक्स है.




**भारतीय बॉन्ड**

- इससे भारत की कंपनियों को अच्छा मुनाफा हो सकता है
- कर्ज जुटाने की लागत को काफी हद तक कम कर देगा

### दो हजार के 97.87% नोट वापस आए : आरबीआई

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि दो हजार रुपये मूल्य के 97.87 प्रतिशत नोट बैंकों में वापस आ गए हैं. चलन से हटाए गए केवल 7,581 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अब भी लोगों के पास हैं. आरबीआई ने 19 मई 2023 को 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोट को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी. चलन में 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोट का कुल मूल्य 19 मई 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपये था. यह 28 जून 2024 को कारोबार की समाप्ति पर घटकर 7,581 करोड़ रुपये रह गया. केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा, इस प्रकार 28 जून 2024 तक 2000 रुपये के 97.87 प्रतिशत बैंक नोट बैंकों में वापस आ गए हैं. सात अक्टूबर 2023 तक 2000 रुपये के बैंक नोट को जमा करने और/या बदलने की सुविधा देश की सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी. 19 मई 2023 से 2000 रुपये के बैंक नोट को बदलने की सुविधा रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध रही. आरबीआई के निर्गम कार्यालय नौ अक्टूबर 2023 से लोगों और संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए भी 2000 रुपये के नोट स्वीकार कर रहे हैं.

**जताया भरोसा** देश में बीते साल हाइब्रिड की सेल्स ग्रोथ 30% रही, ये इलेक्ट्रिक व्हीकल से दोगुना महंगी

# इलेक्ट्रिक व्हीकल से 4 गुना ज्यादा बिक रहीं हाइब्रिड कारें

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भारत के ऑटोमोबाइल सेक्टर के ट्रेंड्स में कुछ बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं. देश में लोग इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) से दोगुनी कीमत होने के बावजूद हाइब्रिड कारों पर भरोसा कर रहे हैं. अप्रैल-जून के बीच हाइब्रिड व्हीकल ने ईवी की बिक्री को पीछे छोड़ दिया है. वाहन डैशबोर्ड के डेटा के मुताबिक, देश में अप्रैल से 11 जून के बीच 7500 हर महीने के हिसाब से 15,000 ईवी बिकीं, जबकि हाइब्रिड की बिक्री 59,814 रही. प्योर इलेक्ट्रिक कारें 8 लाख रुपए से शुरू होती हैं. वहीं, हाइब्रिड कारों की कीमत 17 लाख से शुरू है. मॉर्गन स्टेनली के अनुसार, फरवरी में अमेरिका में भी ईवी बिक्री की तुलना में हाइब्रिड की बिक्री पांच गुना तेजी से बढ़ी है.




**हाइब्रिड कार फ्यूल और बैटरी दोनों से चलती है**

हाइब्रिड व्हीकल में पेट्रोल या डीजल जैसे इंटरनल कंबशन इंजन (आइस) के साथ ही इलेक्ट्रिक बैटरी भी होती है, जो कार की रेंज और फ्यूल एफिशिएंसी बढ़ाने में मददगार है. दुनिया में पेट्रोल-डीजल चलित वाहनों के अलावा स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड, माइल्ड हाइब्रिड, प्लग इन हाइब्रिड और प्योर इलेक्ट्रिक वाहनों की लोकप्रियता बढ़ रही है. ऑटो कंपनियों के संगठन सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटो मोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के आंकड़ों के मुताबिक, भारत में हाइब्रिड कारों की बिक्री पिछले साल 30% से ज्यादा बढ़ी है. यही वजह है कि मारुति सुजुकी, टोयोटा जैसे जापानी वाहन निर्माता ईवी के बजाय हाइब्रिड पर जोर दे रहे हैं. हुंडई भी 2026 तक भारत में अपनी पहली हाइब्रिड कार लॉन्च करने की योजना बना रही है.

**हाइब्रिड क्या होता है?**

हाइब्रिड व्हीकल एक से अधिक ईंधन के विकल्प के साथ आते हैं. इसमें दो तरीके के इंजन मौजूद होते हैं. पहला कार में पेट्रोल या डीजल इंजन और दूसरा इलेक्ट्रिक इंजन. यानी कार को दोनों इंजन पावर सप्लाई देते हैं. खास बात यह है कि इसमें इंटर्नल सिस्टम के जरिए ही बैटरी चार्ज हो जाती है. बैटरी को अलग से चार्ज करने की जरूरत नहीं पड़ती है. इसके अलावा जब गाड़ी को बैटरी ऑपरेट करती है तो उस समय फ्यूल की भी बचत होती है.

# भारतीय सेना सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है : जनरल द्विवेदी

- सेना, नौसेना और वायु सेना के बीच बेहतर तालमेल बैठाने का प्रयास करूंगा

भाषा। नयी दिल्ली

थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पदभार संभालने के एक दिन बाद सोमवार को कहा कि भारतीय सेना देश के समक्ष सभी मौजूदा और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार व पूरी तरह सक्षम है. उन्होंने कहा कि थल सेना, वायु सेना और नौसेना के बीच तालमेल सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकताओं में से एक होगा. रायसीना हिल्स के साउथ ब्लॉक में सलामी गारद का निरीक्षण करने के बाद मीडिया से बातचीत में नव नियुक्त सेना प्रमुख ने यह भी कहा कि वह रक्षा में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सेना में स्वदेश निर्मित सैन्य उपकरणों को शामिल करने को प्रोत्साहित करेंगे. जनरल द्विवेदी ने कहा, मैं भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना के बीच बेहतर तालमेल बैठाने का प्रयास करूंगा. यह राष्ट्रीय हित की रक्षा करेगा. उन्होंने कह, मेरा प्रयास होगा कि थलसेना, नौसेना और वायु सेना व अन्य पक्षकारों के बीच तालमेल से हम संघर्ष की स्थिति में युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहें.



मीडिया को जानकारी देते थल सेना अध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी.



रायसीना हिल्स के साउथ ब्लॉक में सलामी गार्ड का निरीक्षण करते थल सेनाध्यक्ष.

### जनरल द्विवेदी 1984 में भारतीय सेना में शामिल हुए थे

उन्होंने कहा, मैं देश तथा सभी नागरिकों को आश्वस्त करता हूं कि भारतीय सेना सभी मौजूदा व भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार व पूरी तरह सक्षम है. पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी सीमा विवाद के बीच ये टिप्पणियां की गयी हैं. जनरल द्विवेदी 19 फरवरी से सेना के उप-प्रमुख का कार्यभार संभाल रहे थे. वह उप प्रमुख का कार्यभार संभालने से पहले 2022-2024 तक उत्तरी कमान के 'जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ' रहे थे. मध्य प्रदेश के रीवा स्थित सैनिक स्कूल के छात्र रहे जनरल द्विवेदी 1984 में भारतीय सेना की जम्मू कश्मीर राइफल्स में शामिल हुए थे.

## ब्रीफ खबरें

### पीएम ने चिकित्सक दिवस व सीए दिवस पर दी बधाई

**नयी दिल्ली** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को चिकित्सक दिवस पर चिकित्सकों को बधाई दी और कहा कि उनकी सरकार देश में स्वास्थ्य ढांचे में सुधार करने तथा चिकित्सकों के लिए वह व्यापक सम्मान सुनिश्चित करने की खातिर पूरी तरह प्रतिबद्ध है, जिसके वह हकदार हैं. वहीं, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स दिवस पर भी पीएम मोदी ने अर्थव्यवस्था को आकार देने में सनदी लेखाकारों की भूमिका की सराहना की और उन्हें वित्तीय तंदुरुस्ती का अभिन्न अंग करार दिया.

### ऑस्ट्रेलिया में महिला बनी गवर्नर-जनरल

**मेलबर्न**। ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को सैम मोस्टिन को अपना गवर्नर-जनरल नियुक्त किया. 123 वर्षों में दूसरी बार किसी महिला को इस पद पर नियुक्त किया गया है. यह, वर्ष 2022 में महाराजा चार्ल्स तृतीय का कार्यकाल शुरू होने के बाद से इस तरह की पहली ऑस्ट्रेलियाई नियुक्ति है. प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की लेबर पार्टी सरकार की ओर से भी यह पहली नियुक्ति है. लेबर पार्टी सरकार ब्रिटिश क्राउन के स्थान पर ऑस्ट्रेलियाई राष्ट्रपति को राष्ट्र प्रमुख के रूप में नियुक्त करना चाहती है.

### नाइजीरिया में हमले में 18 लोगों की मौत

**इजीरिया** । उत्तरी नाइजीरिया में महिला आत्मघाती हमलावरों ने एक विवाह समारोह, अंतिम संस्कार कार्यक्रम और एक अस्पताल को निशाना बनाकर समन्वित हमले किए जिनमें कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य लोग घायल हो गए. स्थानीय प्राधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी. बोर्नो राज्य में हुए इन हमलों की जिम्मेदारी अभी तक किसी ने नहीं ली है. यह राज्य बोको हराम के उग्रवाद से बुरी तरह प्रभावित हुआ है. चरमपंथी समूह आत्मघाती बम विस्फोटों में पहले भी महिलाओं का इस्तेमाल कर चुका है.

### किशोरी से इंस्टा पर दोस्ती की, दुष्कर्म किया

**ठाणे**। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने 17 वर्षीय एक लड़की के बलात्कार के आरोप में उसके पड़ोस में रहने वाले 24 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है. एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी. आरोपी और पीड़िता दोनों बदलापुर इलाके में एक ही इमारत में रहते हैं और दोनों 2021 में इंस्टाग्राम के जरिए दोस्त बने थे. बदलापुर पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने अक्टूबर 2021 से जून 2024 के बीच किशोरी से कथित रूप से बलात्कार किया.

### उ. कोरिया ने मिसाइलों का परीक्षण किया

**सियोल** ।अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के संयुक्त सैन्य अभ्यास के बाद उत्तर कोरिया ने सोमवार को दो बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया. दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी. इससे एक दिन पहले ही उत्तर कोरिया ने अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के हालिया संयुक्त सैन्य अभ्यास के जवाब में आक्रामक और जबरदस्त प्रतिक्रिया देने का संकल्प लिया था. दोनों मिसाइल दक्षिण-पूर्वी उत्तर कोरिया के जांग्योन शहर से उत्तर-पूर्वी दिशा में 10 मिनट के अंतराल पर प्रक्षेपित की गईं.

### मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्यसभा में दिया भाषण, सभापति धनखड़ भड़के

# शिक्षण संस्थाओं पर आरएसएस व भाजपा के लोगों का कब्जा : खरगे

- खरगे ने कहा कि अग्निवीर जैसी अनियोजित और तुगलकी योजना से युवाओं का मनोबल तोड़ा गया है
- मैं मांग करता हूं कि अग्निवीर योजना को खत्म करें

एजेंसी। नयी दिल्ली

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि संसद में दिये गये राष्ट्रपति के अभिभाषण में न कोई दृष्टिकोण है और न ही कोई दिशा है. कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में गरीबों, दलितों, अल्पसंख्यकों का कोई जिक्र नहीं है. खरगे ने राज्यसभा के सभापति से अपील की कि संसद भवन परिसर में महात्मा गांधी, बाबा साहेब आंबेडकर और अन्य नेताओं की प्रतिमाएं उनके मूल स्थानों पर पुनःस्थापित कर दी जाये. अपने संबोधन के क्रम में खरगे ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, पिछले एक साल से मणिपुर जल रहा है, लेकिन नारे देने में महारत रखने वाले प्रधानमंत्री मोदी मणिपुर नहीं गये.

**खड़गे ने कहा कि ये मनुवादी है. ये खतरनाक है :** मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि शिक्षण संस्थाओं पर संघ और भाजपा के लोगों ने कब्जा कर लिया है. इस पर सभापति धनखड़ ने आपत्ति जताई. कहा कि आपबयान को एक्सपंज करता हूं.



### खड़गे ने जातीय जनगणना की मांग उठाई

मल्लिकार्जुन खरगे की स्पीच के दौरान सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा किया. खरगे ने जातीय जनगणना की मांग उठाई, कहा कि ये अगर हो गया तो अलग-अलग समुदाय की दशा का आकलन हो सकता है. खरगे ने सदन में अग्निवीर योजना को भी समाप्त करने की मांग की. कहा कि अग्निवीर जैसी अनियोजित और तुगलकी योजना लाकर युवाओं का मनोबल तोड़ा गया हैमैं मांग करता हूं कि अग्निवीर योजना को खत्म किया जाना चाहिए.

## विपक्ष शासित राज्य कड़ी नाकेबंदी का सामना कर रहे : टीएमसी

**नयी दिल्ली**। राज्यसभा में सोमवार को तृणमूल कांग्रेस ने सरकार पर वास्तविकता छिपाने का आरोप लगाया और दावा किया कि विपक्ष शासित राज्यों को कड़ी नाकेबंदी का सामना करना पड़ रहा है. तृणमूल कांग्रेस के जवाहर सरकार ने उच्च सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि विश्व बैंक के सरकारी दक्षता सूचकांक में भारत का स्थान 66 है और यह चिंताजनक है, जबकि सरकार अपनी छवि चमकाने के लिए विज्ञापनों के जरिये लुभावनी तस्वीर दिखा रही है. उन्होंने कहा कि सरकार जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) की बात करती है तो उसे याद रखना चाहिए कि वह पांच खरब तो क्या 2024 में चार खरब की अर्थव्यवस्था तक भी नहीं पहुंच पाई है. तृणमूल सदस्य ने कहा कि प्रति व्यक्ति जीडीपी में भारत का रैंक दुनिया में 120वां है और हमें समझना चाहिए कि वास्तव में जीडीपी क्या है. क्या हम अरबपतियों की जीडीपी की बात करते हैं?' उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानक वास्तविकता में बड़ा अंतर बताते हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष शासित राज्यों को भारी 'नाकेबंदी' का सामना करना पड़ रहा है और पश्चिम बंगाल इनमें से एक है जिसे केंद्र की ओर से उसकी बकाया धन राशि नहीं मिल रही है. उन्होंने कहा कि मनरेगा, स्वास्थ्य से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में बंगाल की राशि रोकी गई है. चाहे कितना भी दबाव डाला जाए, हम जातिवादी एवं सांप्रदायिक एजेंडा कतई स्वीकार नहीं करेंगे. बंगाल एकमात्र राज्य है जिसने राज्यसभा में 38 फीसदी सांसद महिला सांसदों को भेजा है. जवाहर सरकार ने कहा, आज काला दिन है.

आज एक जुलाई है और आज से जो तीन नए आपराधिक कानून लागू हुए हैं उन्हें सदन में चर्चा किए बिना पारित किया गया था. इन कानूनों का कार्यान्वयन रोक कर सदन में इन पर व्यापक चर्चा कराई जानी चाहिए.



### एनटीए ने संशोधित रैंक सूची जारी की

## नीट-यूजी के लिए पुनः परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए

भाषा। नयी दिल्ली

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के लिए पुनः परीक्षा के परिणाम घोषित किए और संशोधित रैंक सूची जारी की. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. एनटीए ने पांच मई को आयोजित की गई परीक्षा में छह केंद्रों पर देरी से परीक्षा शुरू होने के कारण समय के नुकसान की भरपाई के लिए 1,563 परीक्षार्थियों को कृपांक दिए गए थे.इन्हीं परीक्षार्थियों की पुनः परीक्षा आयोजित किए जाने के बाद यह संशोधित परिणाम जारी किया गया है. उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद 23 जून को सात केंद्रों पर आयोजित की गई पुनः परीक्षा में 1,563 परीक्षार्थियों में से 48 प्रतिशत उपस्थित नहीं हुए थे. एनटीए के अधिकारियों ने बताया कि 1,563 परीक्षार्थियों में से 813 ने दोबारा परीक्षा दी जबकि अन्य ने कृपांक छोड़ने का विकल्प चुना. चंडीगढ़ केंद्र में सिर्फ दो अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी वहां एक भी परीक्षार्थी उपस्थित नहीं हुआ. जांच के घेरे में आये हरियाणा के झज्जर जिले के केंद्र पर 58 प्रतिशत उपस्थिति रही, जहां 494 परीक्षार्थियों में से 287 ने पुनःपरीक्षा दी. आरोपी लगे थे कि कृपांक की वजह से हरियाणा के एक ही केंद्र से छह परीक्षार्थियों के साथ 61 अन्य उम्मीदवारों को पूरे 720 अंक मिले. उच्चतम न्यायालय ने कृपांक को रद्द करने का आदेश दिया और पुनः परीक्षा का विकल्प दिया.

## सपा कार्यकर्ताओं ने मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन

भाषा। लखनऊ


समाजवादी पार्टी (सपा) के कार्यकर्ता सोमवार को पूरे प्रदेश में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन मना रहे हैं. इस दौरान उन्होंने पौधे लगाए, भंडारे आयोजित किए, रक्तदान किया और अन्य तरीकों से इस दिन को मनाया. यादव का जन्म एक जुलाई 1973 को हुआ था. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती समेत कई नेताओं ने सोशल मीडिया के जरिए यादव को जन्मदिन की बधाई दी है. सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता पौधरोपण कर सादगी से जन्मदिन मना रहे हैं. सोमवार से प्रदेशव्यापी पीडीए पौधरोपण कार्यक्रम शुरू हो गया है और यह सात जुलाई तक चलेगा.



## महाराष्ट्र में सड़क पर रेंगता दिखा मगरमच्छ, हड़कंप

भाषा। रत्नागिरी (महाराष्ट्र)

महाराष्ट्र के तटीय शहर रत्नागिरी में आठ फुट लंबे एक मगरमच्छ के बारिश से भीगी सड़क पर रेंगने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है. एक अधिकारी ने बताया कि यह वीडियो रत्नागिरी जिले में चिपलुन शहर के चिंचनाका इलाके में बारिश के बीच एक ऑटोरिक्शा चालक ने बनाया. वीडियो में कुछ अन्य वाहन भी दिखायी दे रहे हैं और एक ऑटोरिक्शा चालक हेडलाइट जलाकर मगरमच्छ का पीछा करने की कोशिश करते दिखायी दे रहा है.अधिकारी ने बताया कि मगरमच्छ संभवतः पास की शिव या वाशिष्ठी नदियों से बहकर शहर में घुसा होगा. आसपास से गुजर रहे कई लोगों ने भी मगरमच्छ की सड़क पर रेंगते हुए वीडियो बनायी और उसे सोशल मीडिया पर साझा किया. एक स्थानीय निवासी ने बताया कि यह घटना रविवार रात की है.



सड़क पर रेंगता मगरमच्छ.

### मुगांव टांडा में दूषित पानी पीने से 90 से अधिक लोग बीमार

**छत्रपति संभाजीनगर**। महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के एक गांव में कुएं का दूषित पानी पीने से 93 लोग पेट के संक्रमण से ग्रस्त हो गए हैं. अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों के अनुसार, यह मामला मुगांव टांडा गांव का है, जहां 107 मकान हैं और 440 लोग रहते हैं. जिला स्वास्थ्य अधिकारी बालाजी शिंदे ने बताया कि 26 और 27 जून को 93 लोग पेट में दर्द और दस्त की शिकायत लेकर स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे. उन्होंने बताया कि 56 मरीजों का मुगांव टांडा गांव में उपचार किया गया जबकि 37 अन्य को पड़ोसी गांव मांजाराम के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रेफर कर दिया गया और उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया. अधिकारी ने बताया कि गांव में चिकित्सकों की एक टीम तैनात की गई है.

## जांच एजेंसियों के 'दुरुपयोग' के खिलाफ विपक्षी सांसदों का प्रदर्शन

भाषा। नयी दिल्ली

विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दलों के सांसदों ने केंद्र सरकार द्वारा जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किए जाने के विरोध में सोमवार को संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में विपक्षी दलों के सांसदों ने संसद भवन के मकर द्वार के सामने प्रदर्शन किया.

विपक्षी सांसदों ने हाथों में तख्तियां ले रखी थीं और उन्होंने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की. कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने कहा, जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के खिलाफ इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों के सांसदों ने प्रदर्शन किया है. विपक्षी सांसदों ने हिटलरशाही मुर्दाबाद और विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार करना बंद करो के नारे लगाए.





सदन के बाहर सोमवार को प्रदर्शन करते विक्षपी नेतागण.

### भाजपा ने सीएम ममता के इस्तीफे की मांग की

**नयी दिल्ली**। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल में गंभीर रूप से बिगड़ती कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सोमवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग की. सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आने के बाद भाजपा ने ममता की इस्तीफे की मांग की. वीडियो में एक व्यक्ति सार्वजनिक रूप से एक दंपति को छड़ी से पीटता हुआ दिखाई दे रहा है. वीडियो में जो व्यक्ति दंपति को बांस के डंडे से पीटते हुए दिखाई दे रहा है वह उत्तर दिनाजपुर जिले में चोपड़ा इलाके के तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का एक स्थानीय नेता है. आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसकी पहचान तजमुल उर्फ जेसीबी के रूप में हुई है. भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने घटना का जिक्र किया और मुख्यमंत्री की न्याय व शासन की प्रतिबद्धता को लेकर सवाल उठाया.

**खरी-खरी**

### स्पीकर ने कहा कि अन्य शब्दों का उपयोग सदन की गरिमा के अनुरूप नहीं

# 'शपथ के दौरान नारेबाजी सही नहीं, आगे ऐसा न करें'

भाषा। नयी दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शपथ ग्रहण के दौरान कई सदस्यों द्वारा अलग-अलग नारे लगाए जाने की पृष्ठभूमि में सोमवार को सदन में कहा कि शपथ व प्रतिज्ञान की शुरुआत में या आखिर में अतिरिक्त शब्दों अथवा वाक्यों का इस्तेमाल संसद की गरिमा के अनुरूप नहीं है व यह सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति नहीं हो. उन्होंने सदन की बैठक शुरू होने पर यह भी कहा कि इससे संबंधित विषयों पर गहन विचार-विमर्श करते हुए एक संसदीय समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें प्रमुख दलों के सदस्य शामिल होंगे.

उल्लेखनीय है कि 18वीं लोकसभा के पहले सत्र में शपथ लेने के दौरान विपक्ष के अधिकतर सदस्यों ने जय संविधान का नारा लगाया तो सत्तापक्ष की तरफ से भी कई सदस्यों ने जय श्रीराम तथा कुछ अन्य नारे लगाए थे. लोकसभा अध्यक्ष ने सोमवार को कहा, इस पवित्र सदन के सदस्य के रूप में शपथ लेने तथा प्रतिज्ञान करने के उद्देश्य से हमारे संविधान में अनुच्छेद 99 और तीसरी अनुसूची में प्रारूप निर्दिष्ट हैं. इसके अनुसार, शपथ लेना सदस्यों का संवैधानिक दायित्व है. हमारे संविधान में शपथ और प्रतिज्ञान की शुचिता, मर्यादा और गरिमा है. उन्होंने कहा, यदि सदस्य शपथ के आरंभ या अंत में अतिरिक्त शब्दों या वाक्यों की अभिव्यक्ति करते हैं तो इससे सदन की गरिमा में कमी आती है. सदस्य के रूप में हमारा दायित्व है कि हमारे किसी भी आचरण से इस गरिमा में कमी नहीं आए. बिरला ने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि वे तीसरी अनुसूची में निर्दिष्ट प्रारूपों के अनुसार ही शपथ लें तथा इस बार जो हुआ उसकी पुनरावृत्ति भविष्य में नहीं हो. इस पर विपक्ष के कुछ सदस्यों ने जय संविधान का नारा लगाया.



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला.

### लोकसभा में भारतीय टीम को विश्व कप जीतने पर बधाई दी गई

**नयी दिल्ली**। लोकसभा ने टी20 विश्व कप में भारत की ऐतिहासिक खिताबी जीत पर सोमवार को भारतीय टीम को बधाई दी और भविष्य के मुकाबले के लिए शुभकामनाएं दीं. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम की यह विजय युवाओं और सभी खिलाड़ियों को प्रेरणा देगी. भारत ने बारबाडोस के ब्रिजटाउन में फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर अपना दूसरा टी20 विश्व खिताब जीता. बिरला ने सोमवार को लोकसभा में कहा, माननीय सदस्य, मुझे आपके साथ यह सूचना साझा करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने 29 जून को क्रिकेट टी20 विश्व कप जीतने में सफलता प्राप्त की. पूरे देश में ऊर्जा और उमंग का संचार हुआ है. इस विजय से सभी खिलाड़ियों और युवाओं को प्रेरणा मिलेगी. उन्होंने यह भी कहा, मैं अपनी और पूरे सदन की ओर से भारतीय क्रिकेट टीम और कप्तान रोहित शर्मा को बधाई देता हूं. सदन क्रिकेट टीम को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता है. इस पर सदस्यों ने मेजें थपथपा कर भारतीय टीम की सराहना की.

### देश में नये कानून लागू, अमित शाह ने प्रेस कांफ्रेंस की, कहा-

# यह न्याय व्यवस्था का भारतीयकरण है

- आजादी के 77 साल बाद आपराधिक न्याय प्रणाली स्वदेशी हो रही है

एजेंसी। नयी दिल्ली

देशभर में सोमवार एक जुलाई से नये कानून लागू हो गये. इसे लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रेस कांफ्रेंस की. उन्होंने पत्रकारों को बताया कि आखिर देश में नये कानूनों की जरूरत क्यों आन पड़ी. श्री शाह ने कहा कि यह न्याय व्यवस्था का भारतीयकरण है. जानकारी दी कि नये कानून मध्य रात्रि से लागू हो गये हैं. कहा कि इंडियन पीनल कोड की जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) आ चुकी है. अमित शाह ने देशभर में नये आपराधिक कानून लागू होने के बीच सोमवार को कहा कि अब तीन नये कानूनों के कार्यान्वयन के बाद दंड की जगह न्याय होगा और देरी की जगह त्वरित सुनवाई होगी. कहा कि आजादी के 77 साल बाद आपराधिक न्याय प्रणाली स्वदेशी हो रही है और यह भारतीय लोकाचार के आधार पर चलेगी. भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) 2023 सोमवार से पूरे देश में प्रभावी हो गये.



### सामूहिक दुष्कर्म पर 20 साल की कैद, नाबालिग से दुष्कर्म पर मृत्युदंड

गृहमंत्री ने बताया, 35 धाराओं और 13 प्रावधानों वाला एक पूरा अध्याय नये कानून में जोड़ा गया है. सामूहिक बलात्कार पर 20 साल की कैद या आजीवन कारावास होगा. नाबालिग से बलात्कार पर मृत्युदंड, पहचान छिपाकर या झूठे वादे करके यौन शोषण के लिए एक अलग अपराध का प्रावधान किया गया है. महिला अधिकारियों और परिवार की मौजूदगी में पीड़िता का बयान उसके घर पर दर्ज करने का प्रावधान किया गया है. ऑनलाइन एफआईआर की सुविधा दी गयी है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)